# दैनिक बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 199 | जयपुर | शनिवार, 24 मई, 2025 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष द्वादशी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## बीजेपी विधायक कंवरलाल मीणा की विधायकी खत्म

### विधानसभा ने सदस्यता खत्म करने की अधिसूचना जारी की

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** एसडीएम पर पिस्टल तानने के मामले में 3 साल की सजा पाने वाले बीजेपी विधायक कंवरलाल मीणा की सदस्यता खत्म कर दी गई है। विधानसभा ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। अंता सीट पर उपचुनाव होंगे या नहीं, यह सुप्रीम कोर्ट में कंवरलाल द्वारा लगाई गई रिव्यू पिटीशन पर फैसले के बाद तय होगा। कंवरलाल की विधायकी 1 मई से खत्म मानी जाएगी। स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कंवरलाल की विधायकी के बारे में फैसला करने को लेकर राज्य के महाधिवक्ता और सीनियर वकीलों से कानूनी राय मांगी थी। महाधिवक्ता ने कानूनी राय भेजी थी, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा गया था कि फिलहाल विधायकी खत्म करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। बताया जाता है कि स्पीकर को एजी और सीनियर वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिलने पर कंवरलाल की विधायकी खत्म करने के बारे में ही राय दी है।

#### दो दिन पहले कोर्ट में सरेंडर किया था, कंवरलाल जेल में

कंवरलाल मीणा ने सुप्रीम कोर्ट में सजा स्थगित करने की याचिका लगाई थी, जो खारिज हो गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने दो सप्ताह में सरेंडर करने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद 21 मई को कंवरलाल ने अकलेरा कोर्ट में सरेंडर कर दिया, जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया। कंवरलाल अभी जेल में हैं।



#### सजा पर रोक नहीं लगने से विधायकी खत्म करने के अलावा विकल्प नहीं

विधानसभा सचिवालय ने कंवरलाल को नोटिस जारी कर 7 मई तक जवाब मांगा था। इसमें सजा पर रोक के लिए सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत मिली या नहीं, इस पर जवाब देना था। कंवरलाल की सजा सुप्रीम कोर्ट ने भी स्थगित नहीं की, इसलिए अब स्पीकर के पास विधायकी खत्म करने पर फैसला करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। विधानसभा में अब 199 विधायक हैं। अंता सीट खाली हो गई है।

### डोटासरा बोले- स्पीकर आखिर तक सजायाफ्ता विधायक को बचाते रहे

### जूली बोले- स्पीकर ने बेवजह देरी की, आगे किरकिरी से बचने करना पड़ा फैसला

जयपुर। बीजेपी विधायक कंवरलाल मीणा की विधायकी खत्म होने के बाद नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने देरी पर सवाल उठाते हुए स्पीकर पर निशाना साधा है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा- बीजेपी विधायक कवंरलाल मीणा को तीन साल की सजा हाईकोर्ट से बरकरार रखने के आदेश के बाद उनकी सदस्यता खत्म करने की जगह बचाने के उपाय खोजे जाने लगे।

उन्होंने कहा- हमारी लड़ाई तो संविधान और विधान सभा के प्रक्रिया नियमों की गरिमा को बनाए रखने के लिए थी। विधानसभा अध्यक्ष ने निर्णय लेने में अनावश्यक देरी की। इसके कारण विधायक पद पर रहते हुए वो जेल गए और विधानसभा की गरिमा धूमिल हुई।

जूली ने कहा- कंवरलाल मीणा की सदस्यता बर्खास्तगी को लेकर कांग्रेस विधायक दल के सदस्यों ने तीन बार विधानसभा अध्यक्ष और एक बार राज्यपाल के सामने ज्ञापन के माध्यम से अपनी बात को रखा। इसके बाद निर्वाचन आयोग में अपनी शिकायत दर्ज की। पूरे मामले में संवैधानिक प्रावधानों और नियमों की रक्षा की बजाय सजायाफ्ता विधायक की सदस्यता को बचाये रखने के लिए नित नए प्रयास किए जाने लगे।

आखिर में न्याय की उम्मीद में कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा और हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई, जिसमें बुधवार को सुनवाई की जानी थी। आगे होने वाली किरकिरी को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कंवरलाल मीणा की सदस्यता समाप्त करने का निर्णय लेना पड़ा।

## संक्षिप्त समाचार

### ममता की सरकार से अपील- संसद का विशेष सत्र बुलाए

#### ऑपरेशन सिंदूर को लेकर दुनियाभर में हुए डेवलपमेंट पर लोगों को जानकारी दें

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/श्रीनगर (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सरकार से अपील की है कि संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए। ममता ने कहा कि आतंकवाद को लेकर भारत का रुख दुनिया को बताने के लिए भारत का ऑल पार्टी डेलिगेशन विदेशों में गया हुआ है। उनके सुरक्षित लौटने के बाद सत्र बुलाया जा सकता है। तृणमूल कांग्रेस राष्ट्रीय हित और संप्रभुता की रक्षा में केंद्र के उठाए गए किसी भी कदम के साथ दृढ़ता से खड़ी है। ममता से पहले कांग्रेस और सीपीआई ने भी सरकार से संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग रखी थी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी थी। वहीं, भारत सरकार ने कहा है कि पाकिस्तान को फिर की ग्रे लिस्ट में शामिल कराएंगे। इसके लिए एफएटीएफ के साथ मिलकर मजबूत केस तैयार करेंगे।

### छात्र सुसाइड केस, सुप्रीम कोर्ट की राजस्थान सरकार को फटकार

#### पूछा- स्टूडेंट्स कोटा में ही क्यों जान दे रहे, इसे रोकने के लिए अब तक क्या किया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** स्टूडेंट्स सुसाइड मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान कोटा में हो रहे स्टूडेंट्स सुसाइड के मामलों को भी गंभीर बताया और राजस्थान सरकार को फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा, कोटा में इस साल अब तक 14 स्टूडेंट्स सुसाइड कर चुके हैं। आप एक राज्य के तौर पर इसे लेकर क्या कर रहे हैं स्टूडेंट्स कोटा में ही क्यों आत्महत्या कर रहे हैं एक राज्य के तौर पर क्या आपने इस पर कोई विचार नहीं किया सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी कोटा में छात्रा का शव मिलने और आईआईटी खड़गपुर के छात्र के सुसाइड मामले की सुनवाई के दौरान की। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार से इस मामले में जवाब मांगा है।

### जयपुर-पुणे फ्लाइट बिना सूचना के रद्द

#### सुबह 3 बजे एयरपोर्ट पहुंचे यात्री परेशान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर एयरपोर्ट और एयरलाइन्स कंपनियों का मिस मैनेजमेंट इन दिनों यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। बिना सूचना के फ्लाइट रद्द होने का सिलसिला रुक नहीं रहा। आज भी जयपुर से पुणे जाने वाली एक फ्लाइट को बिना किसी कारण के रद्द कर दिया गया। यात्रियों को इसकी पहले कोई सूचना नहीं दी गई। इस कारण कई यात्री अपने निर्धारित समय पर सुबह करीब 3 से 4 बजे एयरपोर्ट पहुंच गए। दरअसल, स्पाइसजेट की फ्लाइट संख्या एसजी-1077 रुटीन में जयपुर से पुणे के लिए जाती है।

## सुप्रीम कोर्ट में याचिका-ऑनलाइन सट्टेबाजी को बढ़ावा दिया जा रहा

### कोर्ट बोला- कोई कानून जुआ खेलने से नहीं रोक सकता

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि लोग इंडियन प्रीमियर लीग की आड़ में सट्टा लगा रहे हैं और जुआ खेल रहे हैं। हम जानते हैं कि इसे रोका जाना चाहिए, लेकिन शायद आप इस गलतफहमी में हैं कि इसे कानून के जरिए रोका जा सकता है। कोर्ट ऑनलाइन ऐप को रेगुलेट करने की मांग करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा था। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, जिस तरह हम लोगों को हत्या करने से नहीं रोक सकते, उसी तरह कोई कानून लोगों को सट्टेबाजी और जुआ खेलने से नहीं रोक सकता। बेंने कहा कि वह केंद्र से पूछेगी कि वह इस मुद्दे पर क्या कर रही है। इसके लिए केंद्र को नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। बेंच ने मामले में अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल से मदद की मांग की



और कहा कि जरूरत पड़ी तो वह बाद में सभी राज्यों से जवाब मांगेगी।

#### कोर्ट ने कहा- यह समाज का विचलन है, हम मजबूर हैं

बेंच ने इन हालात को समाज का विचलन बताते हुए अपनी मजबूरी व्यक्त की और कहा कि कानून के लागू होने से लोगों को सट्टा लगाने से नहीं रोका जा सकता। हमने अपने बच्चों को इंटरनेट दे दिया है। वे इसे अपने स्कूलों में भी ले जाते हैं।

## कोरोना को लेकर दिल्ली सरकार की एडवाइजरी

### सभी अस्पतालों को तैयारी रखने के निर्देश

### बेंगलुरु में 9 महीने का बच्चा पॉजिटिव, देश में कुल 261 मामले

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली सरकार ने शुक्रवार को कोविड-19 को लेकर एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने सभी अस्पतालों को कहा है कि वे बेड, ऑक्सीजन, दवाइयों और वैक्सीन की पूरी व्यवस्था रखें। ये एडवाइजरी ऐसे समय पर जारी की गई है जब चीन, थाईलैंड और सिंगापुर जैसे देशों में कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। दिल्ली के सभी अस्पतालों को निर्देश दिया गया है कि हर पॉजिटिव कोविड सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए लोक नायक अस्पताल भेजा जाए। सभी संस्थानों को अपनी रिपोर्ट दिल्ली हेल्थ डेटा पोर्टल पर डेली अपलोड करनी होगी। गुजरात के अहमदाबाद में एक ही दिन में शुक्रवार को कोरोना के 20 मामले सामने आए हैं। इस तरह कुल 40 मामले आ चुके, जिनमें 33 एक्टिव हैं। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में 9 महीने का एक बच्चा कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं, हरियाणा में 48 घंटे में 5 मरीज मिले हैं। इनमें 2 महिलाएं शामिल हैं।



फाइल फोटो

#### कोरोना के नए जेएन1 वैरिएंट ने बढ़ाई चिंता

इस बार संक्रमण के लिए ओमिक्रोन के नए वैरिएंट जेएन1 और उसके सब-वैरिएंट्स एलएफ7 और एनबी 1.8 को जिम्मेदार माना जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि अब तक ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है जिससे यह लगे कि ये नए वैरिएंट पहले से ज्यादा खतरनाक या तेजी से फैलने वाले हैं। हालांकि, उनका मानना है कि यह लहर कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों पर अपना असर दिखा सकती है।

## पेपर लीक कर पास हुई महिला वनरक्षक समेत तीन गिरफ्तार

### एक ने 1 लाख तो दूसरे ने 3 लाख रुपए दिए, दलाल भी पकड़ा गया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने वनरक्षक भर्ती परीक्षा 2020 के पेपर लीक मामले में गुरुवार को एक युवती समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो वनरक्षक हैं, जिन्होंने लीक पेपर पढ़कर एग्जाम पास किया था। पेपर के लिए दोनों वनरक्षक ने कुल 4 लाख (1 लाख और 3 लाख) रुपए दलाल को दिए थे। एसओजी के एडीजी वीके सिंह ने बताया- वनरक्षक भर्ती परीक्षा 2020 के पेपर लीक मामले की एसओजी ने जांच की। जांच के दौरान 12 मार्च को कार्रवाई कर पेपर लीक मामले में आरोपी कंवराराम जाट (गुजरात के पालनपुर में स्टेशन मास्टर) को अरेस्ट किया गया था। उससे पूछताछ में खुलासा हुआ कि उसने वनरक्षक उमाराम और प्यारी कुमारी को 13 नवम्बर 2022 को हुई वनरक्षक भर्ती परीक्षा का पेपर उदयपुर में एग्जाम से पहले ही दे दिया था। पूछताछ में नाम सामने आने पर एसओजी ने गुरुवार को गुडामलानी (बाड़मेर) के रहने वाले आरोपी वनरक्षक उमाराम (23) और वनरक्षक प्यारी कुमारी (30) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों वनरक्षकों से पेपर के लिए 4 लाख रुपए देना सामने आया। आरोपी वनरक्षक उमाराम ने लीक पेपर पढ़ने के लिए फरार आरोपी जबराराम जाट को 1 लाख रुपए दिए थे। जबकि, आरोपी वनरक्षक प्यारी कुमार के भाई हीराराम ने 3 लाख रुपए दिए थे।






अमित शाह नई दिल्ली में सीमा सुरक्षा बल के अलंकरण समारोह एवं रुस्तमजी स्मृति व्याख्यान में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए

## ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान और आतंकवाद का रिश्ता पूरी दुनिया में एक्सपोज हो चुका है : अमित शाह

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह नई दिल्ली में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अलंकरण समारोह एवं रुस्तमजी स्मृति व्याख्यान में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह सचिव, निदेशक, आसूचना ब्यूरो और महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि 1965 से 2025 तक की बीएसएफ की यात्रा यह बताती है कि विकट परिस्थितियों में अल्प संसाधनों के साथ शुरू हुआ यह संगठन आज दुनिया का सबसे बड़ा और गौरवमयी सीमा सुरक्षा बल बनकर हमारे सामने खड़ा है। उन्होंने कहा कि देशभक्ति के आधार पर सभी कठिनाइयों को पार कर



किस प्रकार विश्व में सर्वश्रेष्ठ बना जा सकता है, इसका सबसे उत्कृष्ट उदाहरण सीमा सुरक्षा बल है। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियां, 45 डिग्री से अधिक या बहुत कम तापमान, घने जंगल, दुर्गम पहाड़ और समुद्र के किनारे बीएसएफ के प्रहरियों ने जो देशभक्ति और निष्ठा दिखाई है उसी से बीएसएफ को फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस का सम्मान मिला है। शाह ने कहा कि देश में एक निर्णय लिया गया था कि एक सीमा पर एक ही बल सुरक्षा करेगा और तब बीएसएफ को बल की योग्यता देखकर दो सबसे कठिन सीमाओं, बांग्लादेश और पाकिस्तान, की सुरक्षा की ज़िम्मेदारी दी गई। केन्द्रीय गृह मंत्री ने के एफ रुस्तमजी के योगदान को याद करते हुए कहा कि 1965 के युद्ध के बाद एक ऐसे बल की ज़रूरत महसूस की गई जो शांतिकाल में भी सीमा की सुरक्षा कर सके और उससे बीएसएफ का विचार जन्मा और रुस्तमजी बल के पहले महानिदेशक बने। उन्होंने कहा कि 1965 में बीएसएफ की स्थापना के बाद 1971 में हम पर थोपे गए युद्ध में बल के जवानों ने जो वीरता दिखाई और योगदान दिया, उसे भारत कभी नहीं भूल सकता और बांग्लादेश को भी उसे कभी नहीं भूलना चाहिए।

शाह ने कहा कि बांग्लादेश के निर्माण में बीएसएफ की बहुत बड़ी भूमिका रही और अन्याय के खिलाफ लड़ने में सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस बल ने बहादुरी के साथ मोर्चा लेने का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। अमित शाह ने कहा कि सीमा की सुरक्षा के साथ-साथ बीएसएफ ने देश की आंतरिक सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और आतंकवाद-विरोधी अभियानों में भी बढ चढ़ कर हिस्सा लिया है और परिणाम भी प्राप्त किए हैं।

# ए-वन सी.सै.स्कूल की छवि व दर्शिका ने विद्यालय में लहराया परचम

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर,( नि.स. )।** राजस्थान बोर्ड 12 वीं परीक्षा के घोषित हुए हुए परिणाम में ए-वन सी. सै.स्कूल के विद्यार्थियों ने बाजी मारी। कई विद्यार्थियों ने सभी विषयों में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वाणिज्य संकाय में छवि प्रजापत ने 91 प्रतिशत और विज्ञान संकाय में दर्शिका भटनागर ने 84 प्रतिशत प्राप्त कर अपना परचम लहराया। विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 90 से भी अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल शिक्षकों और अपने माता पिता का मान बढ़ाया है। विद्यालय प्रबंधन समिति व डायरेक्टर डां एम एल चांगवाल ने सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी। विद्यालय की प्रिसिपल श्रीमति ज्योति खमेसरा ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए बताया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी हमारे विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा है उन्होंने सभी शिक्षकों की भी सराहना की,जिनके सहयोग से यह सम्भव हुआ है।

# राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट में दो नए चेहरों की नियुक्ति, पवन शर्मा और बाबूलाल जाट को मिली बड़ी जिम्मेदारी

बढ़ता राजस्थान




**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट (जनसंख्या समाधान फाऊंडेशन) ने अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी में दो नए चेहरों को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। कस्बे स्थित जवानपुरा निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता पवन शर्मा को राष्ट्रीय सहसंयोजक और आंतेला निवासी सेवानिवृत्त चीफ इंजीनियर बाबूलाल जाट को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। शर्मा और जाट की नियुक्ति पर विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं और राजनैतिक संगठनों ने खुशी व्यक्त की है। इस मौके पर जनसंख्या समाधान फाऊंडेशन के राष्ट्रीय संरक्षक इंद्रेश कुमार, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, अध्यक्ष अनिल चौधरी, महिला संयोजक ममता सहगल, महामंत्री कृष्ण मुरारी और राष्ट्रीय महासचिव धर्मेंद्र धामा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी है। वरिष्ठ नेता जगदीश यादव, गणपत लाल शर्मा, रवि दत्त शर्मा, एडवोकेट बाल गोविंद सोनी, सीए रतन अग्रवाल, भागीरथ शर्मा बाबू जी, बिशन सिंह तंवर, अनिल महर्षि, ओम प्रकाश मीणा, एडवोकेट राहुल गुप्ता, दाताराम गुर्जर, रामस्वरूप गुर्जर, सत्यनारायण शर्मा, मातादीन शर्मा, नवरत्न सोनी और लोकेश शर्मा सहित अनेक लोगों ने पवन शर्मा और बाबूलाल जाट को बधाई देते हुए केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। नियुक्ति के बाद पवन शर्मा और बाबूलाल जाट ने कहा कि वे संगठन के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और संगठन के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए अपनी पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए काम करेंगे।

# 35 वीं मासिक गो सेवा का आयोजन रविवार को कामधेनु गौशाला में

## अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की टीम खिलाएगी गौवंश को गुड़, खळ- कांकडे और हरा चारा

बढ़ता राजस्थान

टोंक। सेवा कार्यों में अग्रणी शहर के प्रमुख सेवाभावी संगठन अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा आगामी 25 मई रविवार को स्थानीय कामधेनु गौशाला में 35 वीं मासिक गो सेवा का आयोजन किया जाएगा। गो सेवा कार्यक्रम संयोजन टीम के शहर महामंत्री राजेश बम्ब, युवा शहर उपाध्यक्ष अखिल जैन, शहर कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल एवं युवा सांस्कृतिक मंत्री आर्यन खण्डेलवाल ने बताया कि इस बार की गो सेवा चतुर्भुज तालाब से आगे कामधेनु गौशाला में प्रातः 9 . 00 बजे की जाएगी, जिसमें गो माता को गुड़, खळ- कांकडे और हरा चारा खिलाया जाएगा। संगठन के शहर अध्यक्ष भगवान भण्डारी ने बताया कि इस अवसर पर संगठन हित में समर्पित ऋचा सिंहल, ममता गोयल, मोनू खुशाल जैन, भगवान दास अजमेरा तथा मीना तोषनीवाल का अभिनन्दन भी किया जाएगा। संगठन के शहर उपाध्यक्ष आशीष मूंदड़ा ने समस्त वैश्य परिवारों से इस पुण्य कार्य मे सम्मिलित होने का आह्वान किया है।

# नाथूलाल कटारिया होगें सीबीईओ

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. ) ।** शिक्षा विभाग की ओर से जारी स्थानान्तरण आदेशो के अनुसार मालपुरा के खंड मुख्य शिक्षा अधिकारी नाथूलाल कटारिया होगें। खंड मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय के केशव पारीक ने बताया कि शुक्रवार को शिक्षा विभाग की ओर से स्थानान्तरण आदेश जारी हुए हैं।

# लोक संस्कृति, कला और कलाकारों को मिला मंच, सिटी पैलेस में तीन दिवसीय जनजाति कला प्रदर्शनी का शुभारंभ

## आदिकाल से ही मेवाड़ कलाओं का संरक्षक, पूर्वजों ने यहां की कलाओं-कलाकारों को आश्रय-प्रोत्साहन देने में अग्रणी भूमिका निभाई है : डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर,( नि.स. )।** जनजाति क्षेत्र की लोक संस्कृति एवं कला को मंच देने और कलाकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से माणिक्यलाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान व महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में सिटी पैलेस परिसर में तीन दिवसीय कला प्रदर्शनी का शुभारंभ शुक्रवार को संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी, टीएडी आयुक्त शक्तिसिंह राठौड़ और मेवाड़ पूर्व राजपरिवार के सदस्य डॉ. लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ के आतिथ्य में हुआ। इसमें टीआरआई की ओर से संचालित बनफूल आर्ट स्टूडियो के कलाकारों सहित अन्य जनजाति कलाकारों की कृतियों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउंडेशन के प्रबंध न्यासी व महाराणा प्रताप के वंशज डॉ. लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ ने कहा कि आदिकाल से ही मेवाड़ कलाओं का संरक्षक रहा है। हमारे पूर्वजों ने यहां की कलाओं और कलाकारों को आश्रय और प्रोत्साहन देने में अग्रणी भूमिका निभाई है। एक बार पुनः लोक कलाओं के संरक्षण का माध्यम बनने का अवसर पाकर गर्वित और हर्षित महसूस कर रहे हैं। मेवाड़ राजपरिवार का आदिवासियों व उनकी कला-संस्कृति से गहरा जुड़ाव प्राचीनकाल से ही चला आ रहा है, जिसका निर्वहन करते समय सदैव अपनत्व की अनुभूति होती है। उन्होंने सभी पर्यटकों से प्रदर्शनी का अवलोकन कर कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरित किया। संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी ने कहा कि जनजाति अंचल की संस्कृति और कलाएं अद्भुत हैं। आदिवासी महिलाएं घरों की दीवारों पर मांडने करती हैं, वह लोक कला का उत्कृष्ट रूप हैं। ऐसी की कलाओं को संरक्षण देने तथा कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए इस तरह के प्रयास अनुकरणीय हैं।

### सीएम भजनलाल व टीएडी मंत्री खराड़ी जनजाति अंचल की संस्कृति और कलाओं को दे रहे संबल

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश की गौरवमयी कला-संस्कृति के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए सतत प्रयासरत है। इसी कड़ी में जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग मंत्री बाबूलाल खराड़ी के निर्देशन में जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग जनजाति अंचल की संस्कृति और कलाओं को संबल देने के लिए कार्य कर रहा है। विभाग की ओर से टीआरआई में बनफूल स्टूडियो स्थापित किया गया है, जिसमें आदिवासी कलाकारों को प्रोत्साहन दिया जाता है। इसी के तहत शुक्रवार से महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउंडेशन के साझे में तीन दिवसीय प्रदर्शनी का सिटी पैलेस में शुभारंभ किया गया है।

# रोटरी क्लब उदय की नवीन कार्यकारिणी गठित राघव भटनागर अध्यक्ष, ललिता पुरोहित सचिव बनी

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर,( नि.स. )।** रोटरी क्लब उदय की वर्ष 2025-26 की अध्यक्ष राघव भटनागर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक की मुख्य अतिथि क्लब की जीएसआर डॉ. सीमासिंह एवं विशिष्ठ अतिथि सहायक प्रान्तपाल राजेश चुघ थे।

अध्यक्ष राघव भटनागर ने अपने बोर्ड एवं कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए बताया कि सचिव ललिता पुरोहित, कोषाध्यक्ष पुनीत गखरेजा,अध्यक्ष निर्वाचित साक्षी डोडेजा, निवर्तमान अध्यक्ष अशोक लिंजारा,उपाध्यक्ष मोहित रामेजा,क्लब टेऊर सरिता सुनेरिया,संयुक्त सचिव डॉ. अनिता मोर्य,सार्जेन्ट एट आर्म्स दिनेश शर्मा, क्लब एडमिनिस्ट्रेशन डायरेक्टर अशोक वीरवाल,मेम्बरशीप डायरेक्टर नीरज गुनेचा,रोटरी फाउण्डेशन डायरेक्टर जगदीश पालीवाल,सर्विस प्रोजेक्ट डायरेक्टर ब्रजभूषण नौसालिया,पब्लिक ईमेज डायरेक्टर आशीष लोहार,वोकेशनल सर्विस डायरेक्टर कुश शर्मा,न्यू जनरेशन एण्ड इन्टरनेशल सर्विस डायरेक्टर अर्जुन पालीवाल,लिट्रेसी एण्ड टीच डायरेक्टर गजेन्द्र सिंह चुण्डावत,वाटर एण्ड सेनिटेशन वॉश डायरेक्टर रोशन गौड़,डीईआई डायरेक्टर नवदीपसिंह नैय्यर, हेल्थ प्रिवेन्शन ,क्योर एण्ड पोलियो डायरेक्टर डॉ.चिराग अग्रवाल,एनवायरमेन्ट एण्ड डिजास्टर मेनेजमेन्ट डायरेक्टर स्वाति माखिजा,सोशल मीडिया,आईटी एण्ड माय रोटरी डायरेक्टर डॉ. ऋतु वैष्णव,एन्टी ड्रग केम्पेन डायरेक्टर सरवर इन्सान को नियुक्त किया गया।

# सरस्वती स्कूल साहवा ने फिर लहराया सफलता का परचम

## साहवा टॉपर के साथ 40 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए

बढ़ता राजस्थान

साहवा (कृष्ण कुमार)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 12 कक्षा के घोषित हुए नतीजो में कस्बे में संचालित सरस्वती बाल निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय ने इस साल फिर अपनी कठिन मेहनत की बदौलत बेहतरीन परीक्षा परिणाम देकर अपनी सफलता का परचम लहराया। गुरुवार को घोषित हुए 12 कक्षा के परीक्षा परिमाण में सरस्वती बाल निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कला वर्ग की छात्रा स्नेहा पुत्री राजेश दुर्जाना 97 .20प्रतिशत अंकों के साथ साहवा टॉपर रही। वहीं विज्ञान वर्ग में मोनिका पुत्री श्रवण कुमार श्योराणी ने 96 .80प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया। विद्यालय के कृषि विज्ञान संकाय में गगन पुत्र इन्द्रपाल सहारण डाबड़ी बड़ी ने 90 .60प्रतिशत अंकों के साथ टॉप कर एसबीएन की सफलता को दोहराया। संस्थान प्रधान सुरेंद्र श्योराण ने जानकारी देते हुए बताया कि तीनों संकाय में विद्यालय के 90प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 40 रही। इसके साथ ही विद्यालय का परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम की शानदार सफलता पर विद्यालय प्रबंधन कमेटी के जितेन्द्र शर्मा, राजेंद्र लिखाला और मुबारक हुसैन ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले सभी विद्यार्थियों और उनके परिजनों को बधाई दी।विदित रहे सरस्वती स्कूल साहवा ने बीते वर्षों से लगातार बेहतरीन परीक्षा परिणाम देकर अपनी सफलता का लोहा मनवाया है। संस्था प्रबंधन कमेटी के देखरेख ये योग्य अध्यापकों की टीम की कठिन मेहनत की बदौलत यह संस्थान दिन प्रतिदिन अपनी सफलता की और अग्रसर है।

### नारकोटिक्स ब्यूरो की बड़ी कार्रवाई

# सूने मकान पर दबीश देकर 213.900 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद ,नारकोटिक्स की टीम ने मौके से एक आरोपी को भी किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



राजसमंद(सुरेश बागोरा)। राजस्थान में अवैध मादक पदार्थो की तस्करी पर रोक लगाने के अपने सतत प्रयासों के तहत केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सी.बी.एन.) राजस्थान ने ग्राम-मजेरा तह. देलवाड़ा, राजसमंद (राजस्थान) में एक घर पर छापा मारा और 213.900 किलोग्राम अवैध सीपीएस डोडा चूरा बरामद कर एक वाहन को जब्त किया गया है और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। । यह कार्यवाही नरेश बुन्देल, उप नारकोटिक्स आयुक्त, कोटा (राज.) के मार्गदर्शन में की गई।उप नारकोटिक्स आयुक्त, कोटा (राज.) ने बताया की (सीबीएन) को 22मई को एक गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति ने ग्राम-मजेरा तह. देलवाड़ा, , राजसमंद (राजस्थान) में अपने घर पर भारी मात्रा में अवैध डोडा चूरा संग्रहीत कर छिपाकर रखा है और अवैध सीपीएस डोडा चूरा को कुचलने के बाद इसे आस-पास के इलाकों में बेच रहा है। उन्होंने बताया कि इसके लिए सीबीएन चित्तौड़गढ सेल के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई और 22 मई 2025 को रवाना किया गया। टीम द्वारा उक्त घर पर छापा मारकर मकान में बने एक विशेष चेम्बर में छुपाकर रखे गए 8 प्लास्टिक ड्रम बरामद किए गए, जिनमें कुल 213.900 किलोग्राम अवैध सीपीएस डोडा चूरा भरा हुआ था। कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद, बरामद अवैध डोडा चूरा, मिक्सर, जार और एक वाहन को जब्त कर लिया गया है और एक व्यक्ति को एनडीपीएस एक्ट, 1985 की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की जांच प्रक्रिया जारी है। उन्होने बताया की केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सी.बी.एन) अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ इसी तरह की कठोर कार्यवाही जारी रखेगा ताकि राज्य में नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाया जा सके।

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा के मेधावी छात्रों का सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** स्थानीय कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा में शुक्रवार को प्रधानाचार्य जयसिंह यादव की अध्यक्षता में विद्यालय की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर द्वारा घोषित उच्च माध्यमिक परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। कला संकाय से अंशिका शेखावत और पलक्षी मुद्गल ने 95.20%, पायल शर्मा ने 94.60%, तुलसी यादव ने 92.20%, संकेत सैनी ने 88.80%, शीतल शेखावत ने 87.80% और वंशिका शर्मा ने 86.80% अंक प्राप्त किए। विज्ञान वर्ग में मोनू कुमार सैनी ने 94.00%, दीपक योगी ने 87.00%, रेणु यादव ने 85.20% अंक प्राप्त किए। कृषि संकाय में प्रिया कंवर ने 91.80%, शिवानी कुलदीप ने 87.00%, अनु चौधरी ने 84.60% अंक प्राप्त किए। वाणिज्य वर्ग में आकाश कुमावत ने 89.40%, पंकज कुमार सैनी ने 81.00%, कनिष्का मीणा ने 78.20% अंक प्राप्त किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य जयसिंह यादव ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कला वर्ग और विज्ञान वर्ग के छात्र-छात्राओं ने ब्लॉक पावटा के सभी राजकीय विद्यालयों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय परिवार ने छात्र-छात्राओं का उनके घर पर जाकर माला साफा पहनाकर सम्मान किया। सम्मानित छात्रों ने बताया कि विद्यालय में प्राप्त गुरुजनों के सर्वोच्च मार्गदर्शन और अनुशासन के कारण वे इस लक्ष्य को प्राप्त करने में समर्थ हो सके हैं। उन्होंने कहा कि राजकीय विद्यालय निजी विद्यालयों से किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। इस अवसर पर विद्यालय सचिव वीरेंद्र अग्रवाल, धीरज वशिष्ठ, प्रीति यादव, दिलीप सिंह यादव, वीरेंद्र कुमार समेत बढ़ाकर गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# राजस्थान बोर्ड की 12वीं कक्षा का रिजल्ट जारी राजसमंद जिला साइंस, आर्टस में टॉप 5 जिलों में

## साइंस का 99.58 प्रतिशत और आर्टस का 99.05 प्रतिशत, कामर्स का 99.76 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

बढ़ता राजस्थान




**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राजस्थान बोर्ड की 12वीं कक्षा का रिजल्ट जारी होने के साथ ही राजसमंद जिला साइंस,आर्ट्स में टॉप 5 जिलों में से रहा, जैसे ही बोर्ड 12वीं कक्षा का रिजल्ट जारी हुआ वैसे ही राजसमंद जिले के कई स्कूलों से टॉप पर रहने बच्चों का परिणाम साइंस का 99.58% और आर्टस का 99.05%, कामर्स का 99.76 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम रहा.राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जनावद का कला वर्ग का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा संस्था प्रधान संजय पालीवाल ने बताया की 50 विद्यार्थियों में से 44 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी तथा 6 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की लकी प्रजापत में 88.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया,सज्जन कंवर तथा रजनी जोशी ने 87.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा महिपाल सिंह,रीना सेन व संगीता कंवर ने 85.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया संस्था प्रधान संजय पालीवाल ने मात्रात्मक के साथ गुणात्मक रूप से श्रेष्ठ परिणाम के लिए विद्यार्थियों और विद्यालय परिवार को बधाई दी.राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आगरिया की होनहार बालिका निकिता वैष्णव ने राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ,अजमेर द्वारा आयोजित बारहवीं बोर्ड के कला वर्ग में 91.40% अंक अर्जित कर के राउमावि आगरिया स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया. वही राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 12 वी क्लास में अच्छे नम्बर लाने वाली बालिकाओं का सम्मान किया,राजसमन्द बालिका माध्यमिक विद्यालय राजनगर की सामान्य परिवार की बालिका खुशुबु तेली के विज्ञान वर्ग में 92 प्रतिशत नम्बर लाने पर एवं साथ ही अच्छे अंक लाने वाली दिया कुँवर राठौड़, गायत्री त्रिवेद्वी,भूमि खटीक का भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष मान सिह बाहरठ पूर्व उपप्रधान सुरेश जोशी,ओबीसी मोर्चा के जीला अध्यक्ष जवाहर जाट, जिला मीडिया संयोजक नर्बदा शंकर पालिवाल,सुनील पालिवाल मुंडोल, प्यारेलाल खटीक,राजेश पालिवाल,राजू सेन,शंकर गायरी,नरेश साहू,शंकर कुमावत सहित व्यपारियो ने स्वागत कर उज्वल भविष्य की सुभकामना दी।

# सप्लाई के दौरान नलों में आया गंदा व बदबूदार पानी

## 2 दिन से गंदा पानी पीने को मजबूर लोग, बीमारियां फैलने का डर

बढ़ता राजस्थान



साहवा (कृष्ण कुमार)। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग के स्वच्छ पानी सप्लाई के दावे सरासर झूठे साबित हो रहे है। कस्बे में पिछले 2 दिन से लगातार पेयजल सप्लाई में आने वाला पानी बदबूदार व मटमेला रंग का आ रहा है जिससे आमजन में पेट की बीमारियां फैलने का डर सता रहा है। कस्बेवासियों ने इसकी शिकायत जलदाय विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। पेयजल सप्लाई के दौरान मटमेला व बदबूदार पानी आने से लोगों में जलदाय विभाग के खिलाफ काफी रोष है। जन स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली से खफा लोगो का कहना है कि जलदाय विभाग में जनता की सुनवाई करने वाला कोई नहीं है। जागरूक नागरिक विकास पारीक ने बताया कि बदबूदार पानी सप्लाई को लेकर विभागीय अधिकारियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। ग्रामीणों का कहना है कि पेयजल सप्लाई के दौरान बदबूदार व मटमैले पानी की आपूर्ति से शहरवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है विभाग द्वारा गंदा पानी सप्लाई कर सैकड़ों गांवों की जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। एडवोकेट मुकेश सैनी ने बताया कि सप्लाई होने वाले पानी की स्थिति इतनी खराब है कि कई परिवारों को अपने घरों के पक्के कुंड को खाली करवाकर साफ करवाना पड़ा है तथा मजबूरी में बोरवेल का खारा पानी पीना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि साहवा जलदाय विभाग के फिल्टर प्लांटों में पानी फिल्टर करने का सिस्टम खराब पड़ा है। बिना मानक के केमिकल्स और ब्लीचिंग पाउडर डाला जा रहा है जो पेट की बीमारियों का कारण बन रहा है पानी जांच के लिए बनी लैब धूल फांक रही है। इसको लेकर कई बार जलदाय विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाने के बावजूद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### बीमारियां फैलने का बना खतरा


दो दिन से लगातार हो रही पेयजल सप्लाई के पानी में भयंकर सड़ांध की दुर्गंध आ रही है और स्वाद भी बदल गया है, जिससे शहरवासियों पर जलजनित बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। गर्मी में पानी की कमी के कारण शहर के लोग बदबूदार पानी पीने को मजबूर हैं।

# राज्य के यूजर्स को नहीं मिल पा रही सीसीटीएनएस सिटीजन पोर्टल की सुविधा

- सीसीटीएनएस पोर्टल पर लॉगइन भी नही कर पा रहे सिटीजन
- स्मार्ट पुलिसिंग नही होने से देश के टॉप दस थानों में राजस्थान का एक भी नहीं
- अन्य राज्यों की तरह राजस्थान के लोगों को ऑनलाइन पोर्टल पर आधि सुविधा भी नही

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( रोहित सैनी )।** आमजन की सुविधा और पुलिस विभाग में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से देशभर में सीसीटीएनएस (क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम) का नागरिक पोर्टल शुरू किया गया था। उक्त सेवा इसलिए शुरू की गई थी, ताकि लोगों को एफआईआर की कॉपी के लिए थानों के चक्कर नहीं काटने पड़े। जिसके तहत राजस्थान पुलिस की साइट पर भी सीसीटीएनएस की ऑनलाइन सेवा शुरू हुई। लेकिन राज्य के पोर्टल की वर्तमान स्थिति देखें तो लोगों को इससे कोई खास लाभ नहीं मिल पा रहा है। काई बार प्रशासन की ओर से सीसीटीएनएस में आ रही परेशानीयों को दूर करने के निर्देश दिए गए। लेकिन सीसीटीएनएस पर लॉगइन की समस्या अब तक दूर नहीं की गई।




### ये हो रही लॉगइन में परेशानी

- राजस्थान पुलिस की वेब साइट पर सीसीटीएनएस सिटीजन पोर्टल खोलने पर रजिस्ट्रेशन हो पा रहा
- पोर्टल पर एंकाउंट बनाने के लिए जरूरी जानकारी भरने के बाद स्थाई जिला व स्थानीय पुलिस थाना खोजने का विकल्प ही नहीं आ रहा है
- सभी जानकारी भरने के बाद सबमिट की प्रक्रिया पूरी नहीं हो रही
- कई बार लिखने के बाद भी आधार कार्ड व अन्य आईडी की जानकारी नहीं लेना

### इनका कहना

पोर्टल पर तमाम जानकारी भरने पर रजिस्ट्रेशन नही हो पा रहा। ऐसे में आम जनता के शुरु की सुविधा का लाभ नही मिल रहा। इसे जल्द से जल्द ठीक करवाना चाहिए।

**- कार्तिक सैनी, जोरावर सिंह गेट**

शिकायत दर्ज कराने, पुलिस वैरिफिकेशन, किराएदार व नौकर का सत्यपन करवाने जैसी कार्य राजर्मरा के हैं। लोग ऑनलाइन ये सुविधा पा सके इसके शुरु किया गया पोर्टल ठीक से काम नही कर रहा। इसमें आ रही खामियां ठीक होनी चाहिए।

**- अनिल वर्मा, मुरलीपुरा**

पोर्टल में जो खामियां सामने आ रही है उनको ठीक करने के लिए टीम काम कर रही हैं। जल्द ही सभी सुविधाएं सुचारु की जाएगी।

**शरद कविराज, आईजी एससीआरबी**

### अन्य जानकारी कैसे संभव

पोर्टल पर अन्य राज्यों की तरह ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने, पुलिस वैरिफिकेशन, किराएदार व नौकर का सत्यपन आदि सुविधाएं शामिल करने पर कार्य चल रहा है। लेकिन जब पोर्टल पर यूजर लॉगइन ही नहीं कर पा रहे हैं तो बाकि की जनाकारी भरना कैसे संभव होगा।

### केन्द्र सरकार की गाइडलाइन में शामिल

भारत के टॉप दस थानों में राजस्थान का एक भी थाना शामिल नहीं होने पर स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एससीआरबी) ने मंथन कर केंद्र सरकार से गाइडलाइन मंगवाई थी। जिसमे स्मार्ट पुलिसिंग के संसाधन उपलब्ध कराने पर फोकस करना शामिल है। इसी में लोगों सीसीटीएनएस की सुविधा देना भी शामिल था।

# सरदार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, (अंग्रेजी माध्यम) मे उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर विद्यार्थियों का हुआ भव्य सम्मान समारोह



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम करते हुए सरदार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय,(अंग्रेजी माध्यम) ने इस वर्ष अपने अग्रेंजी माध्यम के पहले 12वीं कक्षा के बोर्ड बैच में शत-प्रतिशत सफलता हासिल की। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय प्रांगण में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।जिला शिक्षा अधिकारी पदेन प्रधानाचार्य मनोरमा यादव ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि, यह सफलता न केवल विद्यार्थियों की मेहनत और लगन का परिणाम है, बल्कि शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन और विद्यालय के अनुशासित वातावरण का साक्ष्य भी है। जिस प्रकार हिंदी माध्यम में हर वर्ष विद्यालय श्रेष्ठ परिणाम देता आया है, उसी परंपरा को अंग्रेजी माध्यम में भी सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया गया है। विज्ञान वर्ग में छात्रा अंशु सैनी 94.80त्न , कला वर्ग में छात्र पारुल 80त्न तथा वाणिज्य वर्ग में छात्र आशीष अपने - अपने संकाय में स्कूल टॉपर बने। 80त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को पुष्पमालाओं से अलंकृत किया गया और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की 18 छात्राएं गार्गी पुरस्कार के लिए पात्र हैं। हर चेहरा गर्व, आत्मविश्वास और उपलब्धि की चमक से दमक रहा था।इस प्रेरणास्पद अवसर पर विद्यालय स्टाफ के सभी सदस्य अंजू यादव,सुरेंद्र कुमार सैनी,संदीप जांगिड़, रामनिवास यादव, मुकेश कुमार जाट, शिवकुमार मीणा, जयराम यादव सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं के अभिभावक जिनमें जे पी कोटिया व सोमदत्त सैनी आदि की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और भी विशेष बना दिया।कार्यक्रम के अंत में यादव ने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनके सतत उत्कर्ष की कामना की। विद्यालय परिवार द्वारा यह संकल्प भी लिया गया कि आगामी वर्षों में भी यह उत्कृष्टता की परंपरा और अधिक सशक्त रूप में आगे बढ़ेगी।

# हर वर्ग, समाज और सभी धर्मों के लोग वक्फ कानून के खिलाफ : मौलाना फजलुर्रहीम मुजद्दिदी

## जयपुर में विरोध सभा कर दिखाई एकजुटता, कानून वापस लेने तक संघर्ष करने का लिया संकल्प

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के विरुद्ध ज्वाइन्ट कमेटी तहफ्फुजे औकाफ राजस्थान की ओर से जयपुर के शहीद स्मारक पर विरोध सभा का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधि, विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, शहर के वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी शामिल हुए। सभी ने वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ एकजुटता दिखाई तथा सरकार पर निरंकुशता एवं हठधर्मिता का आरोप लगाया।

इस मौके पर ऑल इण्डिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के जनरल सेक्रेटरी मौलाना फजलुर्रहीम मुजद्दिदी ने कहा कि भारत के इतिहास में यह पहला




काला कानून पास हुआ है जिसने भारत के हर वर्ग, हर समाज और सभी धर्मों के लोगों को इसका विरोध करने पर एकजुट कर दिया है। उन्होंने कहा कि हमेशा से हर मसले के हल के लिए मुसलमानों ने कुर्बानी पेश की और आज भी सोफिया कुरैशी जैसी बेटियां मुल्क के लिए आगे है। ऑल इण्डिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की मेम्बर डॉ. समरा सुल्ताना ने कहा कि हम वक्फ संशोधन अधिनियम को पूरी तरह निरस्त करते हैं। वक्फ प्रोपर्टी का नहीं बल्कि हमारे वजूद और देश से मोहब्बत का मसला है। वहीं बोर्ड सदस्य यास्मीन फारुकी ने कहा कि वक्फ सीधे तौर पर अल्लाह की मिल्कियत है। जो गरीब, बेवाओं, यतीमों और जरुरतमंदों की खिदमत के लिए है और मुसलमानों का मामला है, किसी सरकार का मसला नहीं है। ज्वाइंट कमेटी तहफ्फुजे औकाफ राजस्थान के कन्वीनर मुहम्मद नाजिमुद्दीन ने कहा कि जब सब एकजुट हैं तो कामयाबी जरुर मिलेगी। उन्होंने सरकार को आगाह किया कि यदि इस जालिमाना कानून को वापस नहीं लिया तो सरकार याद रखे कि हमने ठाना है कि हम भी तब तक लड़ेंगे जब तक यह कानून वापस ना लिया जाए। हमारी लड़ाई किसी धर्म के विरुद्ध नहीं बल्कि सरकार से है। जमीअत उलेमा-ए-हिन्द के प्रदेश उपाध्यक्ष हाफिज मंजूर अली खान ने कहा कि हमने पहले भी जुल्म के खिलाफ गर्मी की शिद्दत के बावजूद नाइंसाफी का मुंह तोड़ जवाब दिया है। हम सरकार से उम्मीद करते हैं कि वह हमें सड़कों पर उतरने पर मजबूर ना करे।

**राष्ट्रपति के नाम कलक्टर को ज्ञापन सौंपा :** विरोध सभा को राजस्थान मुस्लिम प्रोग्रेसिव फ्रंट के कन्वीनर अब्दुल सलाम जौहर,विधायक अमीन कागजी, मुख्य सचेतक विधायक रफीक खान, राजस्थान बोर्ड ऑफ मुस्लिम वक्फ्स के चेयरमैन डॉ. खानू खान बुधवाली सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों, विभिन्न समाजों के प्रबुद्धजनों ने विचार व्यक्त कर वक्फ संशोधन अधिनियम का विरोध किया तथा इस मामले में एकजुटता का संकल्प लिया। कार्यक्रम समापन के बाद जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

## विनायक अस्पताल में पथरी ऑपरेशन के बाद युवक की मौत का मामला

# परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया, अस्पताल में हंगामा



### परिजनों ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित विनायक अस्पताल,में पथरी का ऑपरेशन करवाने के बाद 22 वर्षीय युवक नरेश गुर्जर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस घटना को लेकर परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। मृतक के परिवारजनों ने अस्पताल प्रशासन और डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।परिवारजन ने बताया कि नरेश गुर्जर, निवासी ठेकला की ढाणी, नारायणपुर, को 1 मई को विनायक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अगले दिन 2 मई को उसका पथरी का ऑपरेशन किया गया। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के बाद नरेश को लगातार रक्तस्त्राव हो रहा था, जिसकी बार-बार जानकारी देने के बावजूद डॉक्टरों ने गंभीरता नहीं दिखाई। 4 मई को जब युवक की हालत गंभीर हो गई, तब उसे जयपुर रेफर किया गया, जहां 16 मई को उसकी मौत हो गई।इस घटना के बाद नाराज परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण आज कोटपूतली स्थित अस्पताल पहुंचे और नारेबाजी की। इसके साथ ही उन्होंने कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की। परिजनों ने दोषी डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ पर सख्त कार्रवाई और आर्थिक मुआवजे की भी मांग की है।

कोटपूतली पुलिस थाने में भी अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कराया गया है। फिलहाल प्रशासन और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 'करता था सच्चा प्यार'; सिरफिरे युवक ने की युवती की गला रेतकर की हत्या, दो माह पहले टूटी थी सगाई

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।।** शहर में शुक्रवार दोपहर को एक सिरफिरे युवक ने अपनी ही मंगेतर रही युवती की उसी के घर में दिनदहाड़े गला रेतकर हत्या कर दी। सूचना पर शहर पुलिस चौकी व कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। शहर पुलिस उपाधीक्षक उदयसिंह मीणा ने बताया कि मृतका शहनाज (22) पुत्री सलीम निवासी कोली मोहल्ला ब्रह्मपुरी शहर है। दोपहर दो बजे सूचना मिलते ही मृतका के घर पहुंचे। यहां कमरे में बेड पर युवती का गला कटा शव मिला। घटना के समय युवती की मां बीमार होने से अस्पताल में भर्ती थी। वहीं पिता व अन्य लोग रिश्तेदारी में टोंक गए हुए थे। बहन के भी बाहर जाने से युवती घर पर अकेली थी। सिरफिरा युवक मौका पाकर युवती के घर में घुसा और गला रेतकर हत्या कर दी। घटना के



बाद पुलिस ने आरोपी युवक को डिटेन कर लिया है और अब पूछताछ में जुटी है।

**आरोपी ने ही दी वारदात की जानकारी :** पुलिस के अनुसार वारदात के बाद आरोपी ने खुद ही घटना की जानकारी आसपास के लोगों को दी। इसके बाद कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटना के बाद पुलिस ने इकबाल पुत्र मोहम्मद आसीन को डिटेन कर लिया है। वहीं मृतका शहनाज के शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

**दो माह पहले टूटी थी सगाई :** जानकारी के अनुसार इकबाल मकानों में पेंट का कार्य करता था। एक साल पहले शहनाज से उसकी सगाई हुई थी। दो माह पहले शहनाज के घरवालों ने इकबाल की सगाई तोड़ दी थी। इससे वह नाराज था। पूछताछ में इकबाल ने बताया कि वह शहनाज से सच्चा प्यार करता था। उसने शहनाज से कई बार घर से भागने के लिए भी बोला, लेकिन युवती ने मना कर दिया। इसके बाद इकबाल ने मौका पाकर शहनाज का गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार युवती से सगाई टूटने के बाद से युवक लगातार डिप्रेशन में चल रहा था।

# शिव भोलेनाथ की दिव्य शोभा यात्रा और तिरंगा यात्रा से होगी विशेष शिव सत्संग की शुरुआत

बढ़ता राजस्थान

जयपुर( का .स .)। राजधानी जयपुर में ओम मंडली शिव शक्ति अवतार सेवा संस्थान रायपुर की ओर से विशेष शिव सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 24 और 25 मई को प्रताप नगर स्थित सामुदायिक केंद्र में शाम 4 बजे से 7 बजे तक चलेगा। इसके तहत 24 मई को शिव भोलेनाथ की दिव्य शोभा यात्रा एवं तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी । जिसमें पूरे भारत से ओम मंडली के अनुयायी शामिल होंगे। संस्था के ओम मंडली के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष द्वारका प्रसाद ने बताया कि संस्थान की अध्यक्षा देवकी मैया कार्यक्रम में मुख्य वक्ता होंगी। वे देश-विदेश में लाखों लोगों को आत्मा-परमात्मा के मिलन का अनुभव करवा चुकी हैं। कार्यक्रम की शुरुआत 24 मई को शिव भोलेनाथ की दिव्य शोभा यात्रा और तिरंगा यात्रा से होगी। इसमें पूरे भारत से ओम मंडली के अनुयायी हिस्सा लेंगे।

# लोन कि किस्त रिकवरी करने वाले युवक पर बदमाशो ने की फायरिंग

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी)। क्षेत्र के गोपालपुरा गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब आईडीएफसी पर्सनल लोन की रिकवरी के लिए पहुंचे युवक पर अज्ञात हमलावरों ने फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में युवक के कंधे पर गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार टापरी निवासी राजेश गुर्जर अपने साथी के साथ गोपालपुरा गांव में फाइनेंस की रिकवरी के लिए पहुंचा था। बाइक चला रहे राजेश पर बदमाशो द्वारा अचानक गोली चला दी गई, जिससे वह घायल हो गया। घायल युवक को तुरंत राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही डीएसपी राजेन्द्र बुरडक पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की जांच शुरू की। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।


## कार्यालय नगरपालिका उनियारा (टोंक) राज.

Office of the Municipal Board, Uniara (Tonk) Rajasthan
Tel.- (01436) 294015 E-mail : npuniyarai@gmail.com

क्रमांक / न.पा.उ. / निविदा / 2025-26 / 566 दिनांक : 21.05.2025

**ई- निविदा सूचना 2024**

नगरपालिका उनियारा (टोंक) द्वारा नगर निकाय उनियारा एवं स्वायत्त शासन विभाग के समुचित वर्ग के सूचीबद्ध ठेकेदारों / संवेदको एवं केन्द्रीय सरकार / राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनो में सक्षम क्षेणी के संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म एवं निविदा से सम्बन्धित विवरण व शर्ते वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB NO- DLB2526A1598

अध्यक्ष नगरपालिका उनियारा (टोंक) — अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका उनियारा (टोंक)

राज.संवाद / सी / 25 / 2864


# भीषण गर्मी में कोटपूतली के युवाओं की सराहनीय पहल, प्यासे परिंदों के लिए लगाए 'पानी के परिंडे'

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी) । जब सूरज की तपिश इंसानों के लिए भी बाहर निकलना मुश्किल बना रही है, तब कोटपूतली के युवाओं ने संवेदनशीलता और सेवा का एक अनोखा उदाहरण पेश किया है। इलीट फाउंडेशन के विद्यार्थियों ने पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों में 'पानी के परिंडे' लगाए हैं।यह पहल शहर के तीन प्रमुख स्थानों—कलेक्ट्रेट कार्यालय, सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय और एलबीएस कॉलेज परिसर—में शुरू की गई है। गर्मी के इस कठिन मौसम में पक्षियों के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने का यह प्रयास लोगों का ध्यान




आकर्षित कर रहा है।फाउंडेशन के सीईओ भीम सिंह सैनी ने बताया कि जल संकट केवल मानव जीवन ही नहीं, बल्कि बेजुबान पक्षियों के जीवन को भी प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को प्रकृति एवं जीव-जंतुओं के प्रति अधिक संवेदनशील बनाना है।


## कार्यालय अति0 मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग. सभांग-टोंक

क्रमांकः - कैशियर/25-26/डी-514-523 दिनांक : 14.05.2025

**द्वितिय संशोधन निविदा सूचना संख्याः 03/2025-26 के लिए नोट प्रकाशन करने बाबत्**

इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा सूचना संख्या 03/2025-26 पत्रांक 193-202 दिनांक 21.04.2025 एवं 401-410 दिनाक 06.05.2025 के द्वारा लगायी गई है। जिसमें कम संख्या 01 से 28 अंकित डीएलपी अवधि से सबंधित परिपत्र राज काज संख्या 12921520 दिनांक 28.03.2025 परिपत्र में वर्णित कार्यों के अनुरूप कार्य की दोष निवारण अवधि 05/10 वर्ष पढ़ा जावें एवं निविदा में अंकित कार्यों में पूर्व में जारी तिथियों में संशोधन अनुसार ही पढा जावें। OLD RO NO. DIPR/5671/2025

| विवरण | पूर्व में प्रकाशित | संशोधन जो पढा जावें। |
|---|---|---|
| निविदा आवेदन डाउनलोड करने की तारीख (वेबसाईट पर) एवं निविदा फार्म जमा कराने की तारीख वेबसाईट पर) | दिनांक 23.04.2025 दोपहर 11.00 बजे से दिनांक 22.05.2025 को सायं 06.00 बजे तक | दिनांक 23.04.2025 दोपहर 11.00 बजे से दिनांक 03.06.2025 को सायं 06.00 बजे तक |
| ऑन लाईन तकनीकी निविदा खोलने की तारीख | दिनांक 23. 05.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक | दिनांक 04.06.2025 को दोपहर 12. 00 बजे तक |

भवदीय
( प्रेमराज मीना )
अति0 मुख्य अभियन्ता
सा.नि.वि. संभाग टोंक

## सम्पादकीय

# कोविड के विरुद्ध तैयारी

कोविड-19 महामारी के कई साल बाद भी इस बीमारी का वायरस सक्रिय है। हॉन्गकॉन्ग, सिंगापुर और थाईलैंड में इस बीमारी के प्रसार के लिए जिम्मेदार वैरिएंट जेएन.1 को पहली बार अगस्त 2023 में पहचाना गया था। यह ओमिक्रोन वैरिएंट का ही एक प्रकार है, जो बहुत अधिक संक्रामक है। हाल के दिनों में कोविड के मामले तेजी से बढ़े हैं और भारत में भी अब तक इसके 257 सक्रिय मामले दर्ज हो चुके हैं, जिससे चिंता की लहर दौड़ गई है। हालांकि 1.4 अरब की आबादी वाले इस देश में यह संख्या बहुत मामूली लग सकती है लेकिन इस पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। स्वास्थ्य कर्मियों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले समूहों मसलन बुजुर्गों और बच्चों के लिए कोविड खासा दिक्कतदेह हो सकता है। खबरों के मुताबिक सरकार हालात पर नजर बनाए हुए है। कोविड 19 का बार-बार सिर उठाना बताता है कि यह अब स्थानीय बीमारी में बदल चुका है। संक्रमण में हालिया इजाफे की कई वजह हो सकती हैं। इनमें टीके से मिली रोग प्रतिरोधक क्षमता खत्म होना, बूस्टर खुराक न लेना और सामूहिक प्रतिरक्षा का कमजोर पड़ना शामिल हैं। देश में टीकाकरण के प्रयास भी ढीले हो गए हैं। यह नया सब-वैरिएंट बताता है कि वायरस अपना रूप बदलने और खुद को ढालने में सक्षम है। ऐसे में मौजूदा टीकों की क्षमता भी सवालों के घेरे में है। प्रतिरक्षा कमजोर पड़ने की संभावना का भी सरकार द्वारा समुचित अध्ययन किया जाना चाहिए। टीकाकरण के शुरुआती दौर के बाद जहां मौत और अस्पताल में दाखिलों की तादाद में तेजी से कमी आई थी वहीं ऐसा प्रतीत हो रहा है कि उनसे मिला बचाव समय के साथ खत्म हो रहा है। इसका अर्थ है कि हमें वायरस के नए रूपों में सामने आने के साथ ही नई टीकाकरण नीति भी अपनानी होगी। कई विकसित देश कोविड-19 टीके की बूस्टर खुराक हर साल लगाने की पेशकश कर रहे हैं, खास तौर पर उन समूहों को जो अधिक जोखिम में हैं। भारत को भी इसी मॉडल पर विचार करना चाहिए। बुजुर्गों को, गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों को और स्वास्थ्यकर्मियों को नियमित रूप से टीकाकरण में प्राथमिकता देनी चाहिए। ये टीके भी बदलते वैरिएंट के लिहाज से उन्नत होने चाहिए। एमआरएनए का विज्ञान ऐसा है कि उस पर आधारित टीकों को अपेक्षाकृत जल्दी बदला जा सकता है और टीके लगाने का बुनियादी ढांचा पहले से मौजूद है। कोविन ऐप को बड़े स्तर पर इस्तेमाल करने की क्षमता के कारण हम महामारी के दौरान लाखों लोगों को बहुत कम समय में टीका लगा सके। तैयारी केवल टीके तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। इसमें जागरूकता और लोगों के व्यवहार में बदलाव भी शामिल होना चाहिए। जागरूकता अभियान भयभीत करने के लिए नहीं बल्कि बचाव के सरल मगर कारगर व्यवहार पर जोर देने के लिए चलाए जाने चाहिए। भीड़-भाड़ वाली सार्वजनिक जगहों पर मास्क पहनें, नियमित रूप से हाथ साफ करें और कम हवादार जगहों पर जाने से बचें। इससे संक्रमण का प्रसार रुक सकता है। इन उपायों को अपनाने से काफी बदलाव आ सकता है, खास तौर पर जहां जनसंख्या का घनत्व अधिक है। सकारात्मक बात यह है कि हालिया वैश्विक घटनाक्रम देखते हुए हम तैयारी को लेकर सचेत हैं।

तीन सालों की गहन बातचीत के बाद एक वैधानिक रूप से बाध्यकारी महामारी समझौता मंजूर किया जा चुका है। इसे विश्व स्वास्थ्य संगठन के सदस्य देशों की हालिया विश्व स्वास्थ्य असेंबली में मंजूर किया गया। यह समझौता कहता है कि टीके और जरूरी संसाधन सभी को उपलब्ध होने चाहिए और राष्ट्रीय स्तर पर तैयारी की पुख्ता योजना होनी चाहिए। हालांकि रोगाणु और डेटा साझेदारी से संबंधित पैथोजन एक्सेस ऐंड बेनिफिट शेयरिंग सिस्टम्स (पीएबीएस) पर बातचीत जारी है।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 24 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- जर्मन संसद ने फर्डिनेंड द्वितीय को 1653 में ऑस्ट्रिया का राजा घोषित किया।
- ब्रिटेन के राजा चार्ल्स द्वितिय ने 1660 में नीदरलैंड का दौरा किया।
- ब्रिटिश संसद ने 1689 में प्रोटेस्टेंट इसाइयों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी दी।
- यूनाइटेड आयरिशमैन ने 1798 में ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह की शुरुआत की।
- अमेरिका में 1830 में पहली बार यात्री रेलरोड सेवा की शुरुआत हुई।
- सैय्यद अहमद खान ने 1875 में अलीगढ़ में मुहम्मदीन एंग्लो ओरिएंटल स्कूल की स्थापना की जो वर्तमान में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के नाम से प्रसिद्ध है।
- ब्रुकलिन और मैनहट्टन को जोड़ने वाले ब्रुकलिन ब्रिज को 1883 में यातायात के लिए खोला गया।
- थॉमस अल्वा एडिशन ने 1915 में टेलीस्क्राइब का अविष्कार किया।
- एमी जॉनसन नामक महिला ने 1930 में अकेले विमान उड़ाकर लंदन से ऑस्ट्रेलिया पहुंची।
- बौद्ध धर्म के संस्थापक गौतम बुद्ध की 2500 वीं जयंती 1956 में धूमधाम से मनायी गयी।
- कोलंबिया में 1957 में आये भूकंप के झटके महसूस किए गए।
- बांग्लादेश में 1985 में आये चक्रवाती तूफान से दस हजार लोग मरे।
- मार्गरेट थैचर 1986 में इजरायल का दौरा करने वाली ब्रिटेन की पहली प्रधानमंत्री बनी।
- रूस और अमेरिका ने 2002 में मास्को संधि पर हस्ताक्षर किया।
- इस्रायल के प्रधानमंत्री एरियल शैरोन ने 2003 में पश्चिम एशिया शांति योजना को स्वीकार किया।
- उत्तर कोरिया ने 2004 में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाया।
- राफेल कोरेया ने 2013 में तीसरी बार इक्वाडोर के राष्ट्रपति पद की शपथ ली।

### 24 मई को जन्मे व्यक्ति

- ग्रेट ब्रिटेन और आयरलैण्ड की महारानी विक्टोरिया का जन्म 1819 में हुआ।
- भारत के प्रसिद्ध क्रान्तिकारियों में से एक करतार सिंह सराभा का जन्म 1896 में हुआ।
- प्रसिद्ध बांग्ला कवि, संगीत सम्राट, संगीतज्ञ और दा- र्शनिक काजी नजरुल इस्लाम का जन्म 1899 में हुआ।
- भारत के पूर्व 'भारतीय विदेश सचिव' रंजन मथाई का जन्म 1952 में हुआ।
- माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम भारतीय महिला बछेंद्री पाल का जन्म 1954 में हुआ।
- भारतीय निर्देशक, संपादक, निर्माता और पटकथा लेखक शिरीष कुंदर का जन्म 1973 में हुआ।

# किशोरों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति गंभीर चुनौती



ललित गर्ग

**जाहिर है दसवीं-ग्यारहवीं के छात्रों की क्रूर हत्या हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता को भी दर्शाती है। ऐसी कई अन्य घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली। अमेरिका की तर्ज पर भारत के बच्चों में हिंसक मानसिकता का पनपना हमारी शिक्षा, पारिवारिक एवं सामाजिक संरचना पर कई सवाल खड़े करती है। जैसाकि घटना से संबंधित तथ्यों में बताया गया कि हत्या में शामिल युवक धनौरी गांव के ही थे और कुछ दिन पहले किशोरों को धमकाने उनके घर आए थे। मारे गए किशोरों पर हत्या आरोपियों ने आरोप लगाया था कि वे उनकी बहनों से छेड़खानी करते थे। निश्चय ही ऐसे छेड़खानी के कथित आरोप को नैतिक दृष्टि से अनुचित ही कहा जाएगा, लेकिन उसका बदला हत्या कदापि नहीं हो सकती।**

भारतीय बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति एवं क्रूर मानसिकता चिन्ताजनक है, नये भारत एवं विकसित भारत के भाल पर यह बदनुमा दाग है। पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी, मर्मांतक एवं खौफनाक है। चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है क्योंकि जिस उम्र में बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता एवं क्रूर मानसिकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है। कैथल जनपद के गांव धनौरी में दो किशोरों की निर्मम एवं क्रूर हत्या की हृदयविदारक घटना न केवल उद्वेलित एवं भयभीत करने वाली है बल्कि चिन्ताजनक है। चौदह-पंद्रह साल के दो किशोरों की गला रेतकर हत्या कर देना और वह भी उनके हमउम्र साथियों द्वारा, हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली डरावनी एवं खैफनाक घटना है, जो किशोरों में पनप रहे हिंसक बर्ताव एवं हिंसक मानसिकता का घिनौना एवं घातक रूप है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता, हिंसा एवं क्रूरता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। घटना से उपजी त्रासदी से अरमान के परिवार पर हुए वज्रपात को सहज महसूस किया जा सकता है। उनके लिये जीवनभर न भुलाया जा सकने वाला दुख एवं संत्रास पैदा हुआ है। बड़ा सवाल है कि जिन वजहों से बच्चों के भीतर आक्रामकता एवं हिंसा पैदा हो रही है, उससे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है? पाठ्यक्रमों का स्वरूप, पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके, बच्चों के साथ घर से लेकर स्कूलों में हो रहा व्यवहार, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों का दायरा, संगति, सोशल मीडिया या टीवी से लेकर सिनेमा तक उसकी सोच-समझ को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों से तैयार होने वाली उनकी मन:स्थितियों के बारे में सरकार, समाजकर्मी एवं अभिभावक क्या समाधान खोज रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा? बहरहाल, इस हृदयविदारक एवं त्रासद घटना ने नयी बन रही समाज एवं परिवार व्यवस्था पर अनेक सवाल खड़े किये हैं। सवाल नये बन रहे समाज की नैतिकता एवं चरित्र से भी जुड़े हैं। निश्चित ही किसी परिवार की उम्मीदों का यूं कत्ल होना मर्मांतक एवं खौफनाक ही है। लेकिन सवाल ये है कि चौदह-पंद्रह साल के किशोरों पर यूं किन्हीं लड़कियों को छेड़ने के आरोप क्यों लग रहे हैं? पढ़ने-लिखने की उम्र में ये सोच कहां से आ रही है? क्यों हमारे अभिभावक बच्चों को ऐसे संस्कार नहीं दे पा रहे हैं ताकि वे किसी की बेटी व बहन को यूं परेशान न करें? क्यों लड़कियों से छेड़छाड़ की अश्लील एवं कामूक घटनाएं बढ़ रही है। क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था में नैतिक शिक्षा का वह पक्ष उपेक्षित हो चला है, जो उन्हें ऐसा करने से रोकता है? क्या शिक्षक छात्रों को सदाचारी व नैतिक मूल्यों का जीवन जीने की प्रेरणा देने में विफल हो रहे हैं? हत्या की घटना हत्यारों की मानसिकता पर भी सवाल उठाती है कि उन्होंने क्यों सोच लिया कि छेड़खानी का बदला हिंसा एवं क्रूरता से गला काटना हो सकता है? धनौरी की घटना के पूरे मामले की पुलिस अपने तरीके से जांच करेगी, लेकिन किशोर अवस्था में ऐसी घटना को अंजाम देने के पीछे बच्चे की मानसिकता का पता लगाना भी ज्यादा जरूरी है। दरअसल, दशकों तक बॉलीवुड की हिंदी फिल्मों ने समाज एवं विशेषत: किशोर पीढ़ी में जिस अपसंस्कृति का प्रसार किया, आज हमारा समाज उसकी त्रासदी झेल रहा है। इसमें दो राय नहीं कि किशोरवय में राह भटकने का खतरा ज्यादा रहता है। अब तक हिन्दी सिनेमा से समाज के किशोरवय और युवाओं में गलत संदेश गया कि निजी जीवन में छेड़खानी ही प्रेम कहानी में तब्दील हो सकती है। हमारे टीवी धारावाहिकों की संवेदनहीनता ने गुमराह किया है। बॉक्स आफिस की सफलता और टीआरपी के खेल ने मनोरंजक कार्यक्रमों में ऐसी नकारात्मकता एवं हिंसक प्रवृत्ति भर दी कि किशोरों में हिंसक एवं अराजक सोच पैदा हुई। इंटरनेट के विस्तार और सोशल मीडिया के प्रसार से स्वच्छंद यौन व्यवहार का ऐसा अराजक एवं अनियंत्रित रूप सामने आया कि जिसने किशोरों व युवकों को पथभ्रष्ट एवं दिग्भ्रमित करना शुरू कर दिया। आज संकट ये है कि हर किशोर के हाथ में आया मोबाइल उसे समय से पहले वयस्क बना रहा है। जिस पर न परिवार का नियंत्रण है और न ही शिक्षकों का। 'मन जो चाहे वही करो' की मानसिकता वहां पनपती है जहां इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, जहां व्यक्तिवादी व्यवस्था में बच्चे बड़े होते-होते स्वछन्द हो जाते हैं। अर्थप्रधान दुनिया में माता-पिता के पास बच्चों के साथ बिताने के लिए समय ही नहीं बच पा रहा। आज किशोरों एवं युवाओं को प्रभावित करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व नये-नये एप पश्चिमी अपसंस्कृति से संचालित हैं। इन पर अश्लीलता और यौन-विकृतियों वाले कार्यक्रमों का बोलबाला है। ऐसे कार्यक्रमों की बाढ़ हैं जिनमें हमारे पारिवारिक व सामाजिक रिश्तों में स्वच्छंद यौन व्यवहार को हकीकत बनाने का खेल चल रहा है। पारिवारिक एवं सामाजिक उदासीनता एवं संवादहीनता से ऐसे बच्चों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता। वक्त की पहचान नहीं होती। ऐसे बच्चों में मान-मर्यादा, शिष्टाचार, संबंधों की आत्मीयता, शांतिपूर्ण सहजीवन आदि का कोई खास ख्याल नहीं रहता। भौतिक सुख-सुविधाएं एवं यौनाचार ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है। भारतीय बच्चों में इस तरह का एकाकीपन उनमें गहरी हताशा, तीव्र आक्रोश और विषैले प्रतिशोध का भाव भर रहा है। वे मानसिक तौर पर बीमार बन रहे हैं, वे आत्मघाती-हिंसक बन रहे हैं।

# जल, ज़मीन और मानव के लिए घातक होती जहरीली हरियाली



हरीश शिवनानी

**मानसून ने देश मे दस्तक दे दी है और पूरे भारत में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली के नाम पर पौधरोपण का दौर भी शुरू हो गए हैं। हर वर्ष की तरह 'ग्रीन इंडिया', 'ग्रीन फला स्टेट' के नाम पर निश्चित रूप से सैकड़ों करोड़ रुपए भी खर्च होंगे। हमारे देश में एक महत्वपूर्ण समस्या यह है कि पहले लापरवाही से पर्यावरण का अंधाधुंध दोहन करने और बाद में अति उत्साह में पर्यावरण संरक्षण के नाम पर पर ऐसी योजनाएं, परियोजनाएं बना दी जाती हैं जो कुछ समय बाद घातक साबित होने लगती हैं। ऐसे ही देश में वानिकी के नाम पर ऐसे विदेशी पेड़-पौधे रोपे दिए गए हैं जो भारत की जलवायु और यहाँ के पर्यावरण के बिलकुल अनुकूल नहीं है। भारत में ये विदेशी पेड़-पौधे घातक साबित होने लगे हैं।**

पिछले कुछ बरसों में अनेक राज्यों में अनियोजित तरीके से कॉनोकार्पस के हज़ारों पेड़-पौधे लगा दिए गए हैं, जो हर तरह से जल, ज़मीन, जीव-जंतुओं के अलावा मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर हो गए हैं। राजधानी दिल्ली के अलावा अहमदाबाद में साबरमती रिवरफ्रंट, राजकोट में राम वन और वडोदरा में %मिशन मिलियन ट्रीज़% के तहत वृक्षारोपण अभियान में 24,000 कोनोकार्पस पेड़ लगाए गए। भोपाल की खूबसूरत श्यामला हिल्स पर बने स्मार्ट सिटी पार्क के अलावा राजस्थान के डूंगरपुर और राजसमंद, जोधपुर, तमिलनाडु के चैनई, कोयंबटूर, आंध्रप्रदेश के काकीनाडा सहित अनेक शहरों में करोड़ों रुपए खर्च करके दक्षिण अफ़्रीका की इस प्रजाति के पेड़ लगाए गए। कोनोकार्पस के पेड़ गहरे हरे रंग की चमकदार पत्तियों वाली एक सदाबहार वनस्पति प्रजाति है। कुछ वर्षों से इस पौधे को सरकारों के साथ-साथ निजी संस्थाओं द्वारा भी पसंद किया जा रहा है, क्योंकि यह तुरंत बढ़ता है, उच्च तापमान को सहन कर सकता है। यह एक ऐसा पौधा है जो भारत की शुष्क और तेज गर्मी को भी आसानी से झेल सकता है। इसे बढ़ने के लिए ताजे पानी की भी आवश्यकता नहीं होती है और यह फूल भी देता है। इसकी चमकदार हरे रंग की छायादार पत्तियां इसकी खूबसूरती है। कोनोकार्पस को चुने जाने का एक अन्य कारण यह भी रहा कि यह वृक्ष नालियों और सीवरेज के पानी से भी विकसित हो जाता है और कुछ महीनों में 20 मीटर की ऊंचाई तक बढ़ जाता है फिर कई तनों के माध्यम से फैल जाता है। रखरखाव भी आसान है तो इसकी लागत भी काफी कम है, जिससे यह बागवानी करने वालों और शहरी डिजाइनरों का पसंदीदा बन गया है। बावजूद इतनी विशेषताओं के, भारत के अनेक राज्यों में इस पर प्रतिबंध लगाने का तैयारी है क्योंकि ये पेड़ पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए गंभीर हानिकारक साबित हुए हैं। दरअसल इस प्रजाति के पेड़-पौधे लाभ की बजाए नुकसान बहुत पहुंचाते हैं। पानी की बहुत अधिक खपत करने वाली आक्रामक प्रजाति है और भूजल स्तर को भी प्रभावित करती है। परिणामस्वरूप भूजल भंडार पानी की कमी हो जाती है। इसकी जड़ें मिट्टी के नीचे गहराई तक जाती हैं जो जल निकासी पाइपों को भी अवरुद्ध कर देती हैं। यह पौधा सर्दियों में खूब फलता है और वर्ष में दो बार परागण करता है लेकिन इसके परागकण मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं।

इससे आसपास रहने वाली जनसंख्या में खांसी, जुकाम, अस्थमा, एलर्जी और सांस संबंधी संबंधी बीमारियां बढ़ने लगती हैं। इस पौधे पर किसी तरह का कोई फल नहीं लगता। सबसे बड़ी बात है कि ये चौबीसों घंटे कार्बन डाईऑक्साइड छोड़ते हैं जो मानव सहित जीव-जंतुओं और पर्यावरण के लिए बेहद हानिकारक है। पर्यावरणविदों की राय में यह पौधा सौंदर्यीकरण के अलावा पारिस्थितिकी तंत्र के लिए किसी भी तरह से उपयोगी नहीं है। इसमें कोई पक्षी घोंसला नहीं बनाते हैं। पशु भी इसे नहीं खा सकते। यह किसी भी तरह से जैव विविधता को समृद्ध करने में योगदान नहीं देता है।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



इजि. राजदीप शर्मा
( सुपर इजी. )

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं। राजदीप शर्मा जोकि पेशे से एक बेहतरीन इंजिनियर हैं। जब अलवर से बहरोड़ जाएं तो ऐसा कोई इंसान नहीं जिसकी जहन में इस व्यक्तित्व का चेहरा सामने ना आए। पहाड़ों को काट कर जोखिम भरे लम्बे सफर को आसान करने वाले एक सुपर इंजिनियर के रूप में आज पूरे राजस्थान में राजदीप शर्मा का डंका बज रहा है। वर्ष 1955 को अलवर जिले में जन्में राजदीप जी एक जानी पहचानी सी शख्सियत हैं। इजिनियरिंग करने के बाद राजकीय सेवा में 1976 -2002 तक अभियंता के पद पर एवं 2002 में स्वेच्छिक सेवानिर्वति ली। राजकीय सेवा में रहते हुए भूमि एवं भवन का विभाग पॉलिटेक्निक अलवर, सिचांई विभाग माही डेम नगर परिषद, नगर विकास न्यास सार्वजनिक निर्माण विभाग प्रतिनियुक्ति पर डेयरी फैडरेषन, राजस्थान राज्य पुल एवं निर्माण विभाग कलैक्ट्रेट, अलवर इस दौरान सन 1996 से 1998 के मध्य राजस्थान की प्रथम सडक यातायात जिन्दौली घाटी सुरंग अलवर का निर्माण कराया। जिसमें 52 मोडो घाटी के स्थान पर एक सुगम रास्ता मिला। निमार्ण कार्य को अच्छी गुणवता एवं समय अवधि में पूर्ण कराने पर राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र, नई दिल्ली के द्वारा पदम श्री अवार्ड के लिए वर्ष 1999 व 2000 में अभिषंसा की गई। कई संस्थाओं द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर एवं राज्य स्तर पर प्रंषसा पत्र व पदक भी मिला। इसके साथ पॉलिटेक्निक अलवर में सन् 1975 में वालीबाल टीम के कैप्टन रहें एवं तैराकी प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर पदक प्राप्त किए। शूटिंग बॉल प्रतियोगिता में सन् 1990-1991 राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान टीम से रजत पदक प्राप्त किए। वृक्षारोपण कार्य में अनेकों पौधों का रोपण किया जैसे किशन कुंड, करणी माता, बाला किला जैन मन्दिर तिजारा अलवर पॉलिटेक्निक, संजय गांधी पार्कए, मनुमार्ग हाउसिंग बोर्ड आदि में किया। करणी माता बावडी, कृष्ण कुंड जम्मूसाणा में जल संरक्षण एवं जल स्त्रोतो को पुर्नजीवित किया। जिसमें आज भी पानी उपलब्ध है। इसी प्रकार जिदौंली घाटी सुरंग एवं भृर्तहरि पर होदी बनाकर पाईप द्वारा प्याओं पर पानी पहुंचाया जो आज भी जीवित है। इंजिनियरिंग के क्षेत्र में सडक, सुरक्षा, पर्यावरण, जल संरक्षण, आदि क्षेत्र में कार्य किया। और इसके अलावा इन क्षेत्रों में कार्य कर रही संस्थाओं के साथ मिलकर कार्य किया है। टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_022
बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | | | 9 | 4 |
| | | 9 | 3 | | 5 | 2 | | |
| | | | | | | 1 | | |
| | | | 7 | | 4 | | 1 | |
| 4 | | | | 6 | | | | 2 |
| | 9 | | 8 | | 2 | | | |
| | | 7 | | | | | | |
| | | 6 | 9 | | 8 | 3 | | |
| 1 | 5 | | | | | | 4 | |

**Ans_2025_021**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 7 | 2 |
| 7 | 6 | 9 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 2 | 7 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 |
| 4 | 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 7 | 2 | 9 |
| 9 | 5 | 7 | 2 | 4 | 6 | 1 | 3 | 8 |
| 3 | 9 | 5 | 4 | 1 | 2 | 8 | 6 | 7 |
| 6 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 2 | 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
खर्च बढ़ सकता है। विवाद से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपको विविध लाभ मिल सकते हैं। आपकी दुविधापूर्ण मानसिकता के कारण किसी लाभ से वंचित रह सकते हैं। आपको मित्रों और बुजुर्गों से लाभ होगा।

**वृष**
नौकरी या बिजनेस में पदोन्नति तथा आय में वृद्धि हो सकती है। आप अपने जीवन साथी के साथ नए काम का आरंभ करने के लिए अपने जो योजना बनाई है, उस पर अमल करने के लिए यह समय बहुत अनुकूल है।

**मिथुन**
कलाकार, लेखक और साहित्यकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। आपकी वाणी के कारण आपके काम में प्रगति होगी और अन्य लोग उससे प्रभावित होंगे। नए काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कर्क**
आपके विचार स्थिर नहीं होने से आप उलझन में रह सकते हैं। बिजनेस या नौकरी में प्रतियोगिता का माहौल रहेगा। आप सफलतापूर्वक उसमें से बाहर आ सकेंगे। किसी छोटी यात्रा होने की संभावना है। क्रोध पर नियंत्रण रखना पड़ेगा।

**सिंह**
किसी नए व्यक्ति की ओर आप आकर्षित होंगे और नए लोगों से मिलकर रोमांचित अनुभव करेंगे। आपको अच्छा दांपत्य सुख भी प्राप्त होगा। आपकी तंदुरुस्ती आज अच्छी रहेगी। आप मान- सम्मान तथा आनंद प्राप्त कर सकेंगे।

**कन्या**
आज आप प्रवास या किसी देव स्थान पर जा सकते हैं। जो लोग विदेश जाने के इच्छुक हैं, उनके लिए अनुकूल योग बनेंगे। बच्चों की चिंता परेशान करेगी। नौकरी करने वालों को उनके उच्च अधिकारियों का सहयोग नहीं प्राप्त होगा। नए काम शुरू करने की प्रेरणा मिलेगी।

**तुला**
किसी बौद्धिक या लेखन सम्बंधी प्रवृत्ति के लिए दिन अच्छा है। आपका मन उलझन में होने के कारण किसी ठोस निर्णय पर नहीं पहुंच पाएंगे। आपकी जिद के कारण किसी के साथ विवाद हो सकता है। बिजनेस में भी लाभ होने का योग है।

**वृश्चिक**
आप किसी के साथ बहसबाज़ी न करें। खर्च होने की भी संभावना है। आपको पेट दर्द, दमा, खांसी जैसी तकलीफें हो सकती हैं, इसलिए स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शरीर और मन अस्वस्थ रहने से बेचैनी रहेगी।

**धनु**
आपको शारीरिक और मानसिक भय का अनुभव होगा। मन में उलझन के कारण निर्णय लेना बहुत कठिन हो जाएगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद होने से उदासी बढ़ेगी। माता के स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता हो सकती है।

**मकर**
नौकरी करने वाले लोगों की पदोन्नति का योग है। आपको पिता से लाभ होगा। परिवार में खुशी का वातावरण बना रहेगा। दांपत्य जीवन भी अच्छा रहेगा। सरकारी कामकाज अच्छी तरह से पूरे होंगे। आज का दिन अच्छी तरह व्यतीत होगा।

**कुंभ**
कड़े नियम आपको कठिनाई में डाल देंगे। खर्च बढ़ सकता है। पानी से दूर रहना हितकर है। आज खुशी, आनंद और शांति प्राप्त कर सकेंगे। अच्छे वस्त्र, मित्रों के साथ घूमना-फिरना और स्वादिष्ट भोजन आपके दिन को आनंदमय बनाएंगे।

**मीन**
आज आपको लाभ होने की उम्मीद है। दिन आरंभ होते ही आपको स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों और सगे- सम्बंधियों के साथ स्वादिष्ट भोजन कर सकेंगे। आज आर्थिक लाभ के साथ आपको उपहार भी मिल सकता है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# आम आदमी की एक चिट्ठी ने एएसपी को पहुंचा दिया जेल

## एसीबी की जांच में कई विभागों से मासिक बंधी वसूली का खुलासा, घूसखोरी के बड़े रैकेट का खुलासा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** सवाई माधोपुर में सरकारी विभागों से एसीबी के अधिकारियों की ओर से ली जा रही मासिक बंधी का खुलासा एक आम आदमी की चिट्ठी से हुआ है। आम आदमी की इस चिट्ठी ने एएसपी को जेल पहुंचा दिया। उल्लेखनीय है कि सवाई माधोपुर में अलग अलग सरकारी विभागों से मासिक बंधी के रूप में रिश्वत वसूलने के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से अपने ही विभाग के बड़े अधिकारी के खिलाफ की गई बड़ी कार्रवाई इन दिनों बेहद चर्चा में है। सिस्टम में रहकर घूसखोरी का 'सिस्टम' बनाने वाले एएसपी सुरेंद्र शर्मा को एक आदमी की चिट्ठी ने जेल पहुंचा दिया. एसीबी ने अब इस मामले में आगे कार्रवाई करते हुए इंस्पेक्टर विवेक सोनी को भी दबोच लिया गया है. वह भी इस सिस्टम का हिस्सा था. उसे गुरुवार को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है. पुलिस इंस्पेक्टर विवेक सोनी सवाई माधोपुर में एडिशनल एसपी सुरेंद्र कुमार शर्मा के साथ एसीबी में पदस्थापित था। एसीबी के डीआईजी राजेश सिंह ने बताया कि पिछले साल नवंबर माह में एक चिट्ठी एसीबी मुख्यालय को मिली थी. उसमें दलाल रामराज मीणा और प्रदीप पारीक के बारे में मासिक बंधी वसूलने को लेकर काफी शिकायतें थी. उस चिट्ठी में यह भी बताया गया कि ये दलाल एसीबी के प्रभारी एडिशनल एसपी सुरेंद्र शर्मा के लिए अलग अलग डिपार्टमेंटों से मासिक बंधी वसूल रहे हैं. उसके बाद एसीबी की विजिलेंस टीम ने दलाल रामराज मीणा और प्रदीप पारीक का मोबाइल फोन सर्विलांस पर लिया। डीआईजी के मुताबिक उनकी बातचीत में एडिशनल एसपी सुरेंद्र शर्मा के साथ ही इंस्पेक्टर विवेक और अन्य पुलिसकर्मियों से बातचीत की जानकारी मिली। उसमें कोड वर्ड में मासिक बंधी वसूलने को लेकर कई अहम तथ्य सामने आए. डीआईजी के मुताबिक प्रदीप पारीक को ट्रांसपोर्ट विभाग से मासिक बंधी वसूलने का जिम्मा दिया गया था. वहीं रामराज मीणा को बजरी खनन, वन विभाग और पुलिस बेड़े के अफसरों से मासिक बंधी के रूप में रिश्वत वसूलने की जिम्मेदारी दी गई थी।

### दोनों को एक दूसरे के मासिक बंधी लेने की जानकारी थी


एसीबी की पड़ताल में यह भी सामने आया कि पुलिस इंस्पेक्टर विवेक सोनी और एडिशनल एसपी सुरेंद्र शर्मा को एक दूसरे के बारे में सवाई माधोपुर में मासिक बंधी वसूलने की जानकारी थी. दलाल प्रदीप का मोबाइल फोन सर्विलांस पर होने के बाद विवेक सोनी का भी मासिक बंधी वसूलने का खेल उजागर हो गया. इस पर उसे पूछताछ के लिए बुलाया गया. पर्याप्त सबूत मिलने पर इंस्पेक्टर विवेक को एसीबी ने बुधवार रात गिरफ्तार कर लिया.

### सबको रिमांड पर लेकर की जा रही है पूछताछ

बहरहाल एडिशनल एसपी सुरेंद्र शर्मा, दलाल प्रदीप पारीक और रामराज मीणा 23 मई तक एसीबी की रिमांड पर है. वहीं इंस्पेक्टर विवेक सोनी को भी रिमांड पर लेकर गहनता से पूछताछ की जा रही है. एसीबी के अधिकारियों का कहना है कि दलालों का पुलिस समेत अन्य विभागों से संपर्क होने की जानकारी सामने आई है. ऐसे में आने वाले दिनों में रिश्वत के इस खेल में शामिल और लोगों की गिरफ्तारियां हो सकती है।

### सोनी को पिछले साल ही हटाया गया था

एसीबी के डीआईजी राजेश सिंह ने बताया कि लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पुलिस इंस्पेक्टर विवेक सोनी को पिछले साल ही एसीबी सवाई माधोपुर से तबादला कर मूल विभाग में भेजा गया था. इसके बाद भी वह दलाल प्रदीप पारीक उर्फ बंटी के माध्यम से ट्रांसपोर्ट विभाग के अफसरों और कर्मचारियों से करीब 25 से 30 हजार रुपये की मासिक बंधी वसूल कर रहा था. विवेक सोनी का परिवार कोटा में रहता है. ऐसे में परिवार के साथ रहने के बहाने विवेक सोनी ने अपना ट्रांसफर सवाई माधोपुर में एसीबी चौकी में करवा लिया था।




# कुहू इंटरनेशनल स्कूल ने दिया सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम

## तीनों संकायों का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/गंगापुर सिटी ( राकेश शर्मा )।** प्राइड ऑफ राजस्थान अवार्ड से सम्मानित कुहू इंटरनेशनल स्कूल, गंगापुर सिटी ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन से जिले में गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया है। गौरतलब है कि पिछले लगभग 10 वर्षों से कुहू इंटरनेशनल स्कूल निरंतर जिले में सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने वाला अग्रणी संस्थान रहा है।

कल घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम में बारहवीं विज्ञान में सीताराम गुर्जर ने 94.60 प्रतिशत, प्रिया प्रजापत 93.20 देवांशी गौतम 92.80, रिया शर्मा 92.80 गणेश गुर्जर 92.40 आन्या शर्मा 91.80, आकाश मीना 91.40, राहुल बेरवा 90.40, खुशी पाठक 90.40 दिलखुश रैगर 90.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इसी प्रकार कला वर्ग में निकिता मीणा 96.40 लक्ष्मी शर्मा 95.40 पवन मीणा 94.40 मनस्वी जैन 93.80 केशव गुर्जर 92ल काजल सैनी 90.80 सोनम सहरा 90.60 कुन्तेष मीणा 90.40, अंजलि मीना 90.20, सुनील खटाना 90.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. मिथिलेश शर्मा ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अनुशासित वातावरण, श्रेष्ठ शैक्षणिक व्यवस्था, अनुभवी एवं संस्कारवान शिक्षकों की समर्पित टीम और विद्यार्थियों की मेहनत को दिया। विद्यालय में आधुनिक शिक्षण विधियाँ, डिजिटल कक्षाएं, नियमित टेस्ट सीरीज़, मोटिवेशनल सेशन्स और उत्कृष्ट अध्ययन सामग्री जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं, जिससे छात्रों को संपूर्ण विकास का अवसर मिलता है।

कुहू इंटरनेशनल स्कूल केवल परीक्षा परिणामों तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों के नैतिक, बौद्धिक और सामाजिक विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। यहां का अनुशासन, शिक्षकों की मार्गदर्शन प्रणाली और शिक्षण का उच्च स्तर छात्रों को जीवन में सफलता की दिशा में अग्रसर करता है।

# मालपुरा जैन संयोजक व पेन्टर सह संयोजक मनोनीत

## अन्य मंडलो में भी संयोजक व सह संयोजक किए नियुक्त, तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करेगें प्रदेश के जलदाय मंत्री

बढ़ता राजस्थान




**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय ) ।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से रविवार को निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा के लिए डॉ. अकिंत जैन संयोजक व लक्ष्मण पेन्टर को सह संयोजक मनोनीत किया गया है। तिरंगा यात्रा को लेकर शुक्रवार को दूदू रोड स्थित होटल लखदातार में भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैँठक आयोजित हुई। बैठक में मौजुद भाजपा कार्यकर्ताओं को जानकारी देते शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द मेन्दवास्या ने बताया कि 22 मई को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सेना के सेनिको ने अपने अदम्य साहस, शौर्य , बहादुरी का परिचय देते आपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान के आतंकवादी हड्डो को तहाब कर कई आतंकवादियो को मोत के घाट उतार दिया। भारतीयसेना के साहस के चलते पाकिस्तान को करारा जवाब मिला और मुंह की खाने को मजबूर होना पड़ा। मेन्दवास्या ने बताया कि भारतीय सेना के अदम्य साहस की जानकारी देशवासियो को देने के लिए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार देश के कोने कोने में तिरंगा यात्राए निकाले जाने का निर्णय लिया। इसी के चलते भाजपा की ओर से मालपुरा में 25 मई रविवार को प्रात: 8 बजे मालपुरा शहर में तिरंगा यात्रा निकाला जाना प्रस्तावित है। तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए यात्रा के संयोजक नगरपालिका पार्षद, जिला आयोजना समिति सदस्य डॉ. अकिंत जैन को तथा लक्ष्मण पेन्टर को सह संयोजक मनोनीत किया गया है। मेन्दवास्या ने बताया कि जैन व पेन्टर मिलकर यात्रा को सफल बनाने की कार्ययोजना बना यात्रा को सफल बनाने का काम करेगें। संयोजक व सह संयोजक द्वारा यात्रा को सफल बनाने के लिए जिस तरह का सहयोग अपेक्षित होगा वह दिया जाएगा।

**जलदाय मंत्री करेगें नेतृत्व :** शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या ने बताया कि रविवार 25 मई को प्रात: 8 बजे पुरानी तहसील स्थित बारादरी बालाजी मन्दिर से निकलने वाली तिरंगा यात्रा का नेतृत्व प्रदेश के जलदाय मंत्री व क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी करेगें।

**अन्य मंडलो के संयोजक व सह संयोजक :** तिरंगा यात्रा को लेकर पचेवर मंडल के तिरंगा यात्रा संयोजक रामबाबू जांगिड़ व सह संयोजक राजवेन्द्र चौधरी, लावा मंडल के संयोक रघुवीर चौधरी व सह संयोजक मुकेश शर्मा, लाम्बाहरिसिंह मंडल के संयोजक विजय गौतम व सह संयोक रामबाबू सैन को बनाया गया है।

# गिव अप अभियान में सक्षम व्यक्ति योजना के लाभ का स्वेच्छा से करे त्याग

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा गिव अप अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिले में अब तक 82 हजार 805 यूनिट को खाद्य सुरक्षा सूची से हटाया गया है। साथ ही, वंचित पात्र परिवारों को खाद्य सुरक्षा में जोड़ने का कार्य भी किया जा रहा है प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की घोषणा के तहत 26 जनवरी 2025 को खाद्य सुरक्षा योजना का पोर्टल खोला गया। जिला रसद अधिकारी इंद्रपाल मीणा ने बताया कि योजना के तहत जिले में 75 हजार 613 यूनिट परिवारों को जोड़ा जा चुका है। राज्य सरकार के महत्वपूर्ण अभियान में स्वेच्छा से गिव अप आवेदन पत्र दिये जा रहे है। साथ ही, जो व्यक्ति सक्षम होते हुए भी आवेदन नहीं कर रहे है उनको चिन्हित करने का कार्य विभाग द्वारा लगातार किया जा रहा है। रसद कार्यालय द्वारा प्रति सप्ताह 20 अपात्र परिवारों को नोटिस जारी किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि अभियान की अवधि 31 मई तक बढा दी गई है। उसके पश्चात् विभाग द्वारा चिन्हित करने पर अब तक प्राप्त गेहूं की वसूली एवं नियमानुसार अन्य कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

# विधिक जिला सचिव ने किया मालपुरा उप कारागृह का औचक निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय ) ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने मालपुरा स्थित उपकारागृह का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एडीजे दिनेश कुमार जलुथरिया ने शुक्रवार को मालपुरा पहुच अजमेर रोड स्थित उपकारागृह का औचक निरीक्षण किया। जिला सचिव ने इस दौरान मुख्य प्रहरी अब्दुल वहाब से बंदी केदियो के बारे में विस्तार से जानकारी ली व केदियो को दी जाने वाली सुविधाओ के बारे में जानकारी प्राप्त की। तालुका विधिक सेवा समिति सचिव रवि कुमार जांगीड़ ने बताया कि निरीक्षण के दौरान उप कारागृह में कुल 33 बंदी पाए गए। औचक निरीक्षण के दौरान जलूथरिया ने बंदीयो से रूबरू होकर दी जाने वाली सुविधाओ की जानकारी ली। साथ ही बंदीयो से अधिवक्ता न कर पाने की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी।

निरीक्षण के दौरान जमानत होने के बावजूद उप कारागृह में निरूद्ध विचाराधीन केदियो को जमानत शर्तो के मुताबिक जमानत मुचलके पेश करने एवं आवश्यक विधिक सहायता प्राप्त करने हेतु निर्देश प्रदान किए।

# जिला कारागृह का मासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सवाई माधोपुर के अध्यक्ष देवेन्द्र दीक्षित ने शुक्रवार को जिला कारागृह सवाई माधोपुर का मासिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष देवेन्द्र दीक्षित द्वारा कारागृह परिसर की साफ-सफाई, बैरकों की साफ-सफाई आदि के बारे में जांच की गई। देवेन्द्र दीक्षित द्वारा मौके पर उपस्थित जेलर महावीर प्रसाद मीना से कारागृह में बंदियों की कुल संख्या, नए प्रवेश करने वाले बंदियों के नाम एवं पता, बंदियों को प्रदान की जाने वाली भोजन, पेयजल एवं चिकित्सकीय सुविधाओं आदि के संबंध में पूछताछ की गई तथा बंदियों से वार्ता कर उनके मुकदमों, संबंधित थानों, न्यायालयों, परिजनों से बातचीत के समय, अपने मुकदमों की पैरवी हेतु अधिवक्ता की उपलब्धता आदि के संबंध में पूछताछ कर उनकी समस्याओं को सुना गया, बंदियों द्वारा उन्हें प्रदान की जा रही मूलभूत सुविधाओं के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं किया जाना पाया गया। साथ ही प्रिजन लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से बंदियों को प्राप्त विधिक सहायता एवं जेल विजिटिंग लॉयर एवं जेल विजिटिंग अधिकार मित्र द्वारा की गई कार्यवाही के बारे में पूछताछ की गई। दौराने निरीक्षण कुल 91 बंदी उपस्थित पाएं गए। देवेन्द्र दीक्षित द्वारा बंदियों को साइबर अपराधों, चोरी, लूट, हत्या एवं हत्या के प्रयास तथा अन्य अपराधों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया।

निरीक्षण के दौरान समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बंदियों को उपलब्ध नि:शुल्क विधिक सलाह एवं सहायता के संबंध में अवगत करवाया गया, साथ ही उनके कानूनी अधिकारों, बंदियों के कल्याण की योजनाओं, नालसा पोर्टल एवं नालसा हेल्पलाईन नंबर 15100 आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल राधेश्याम जोगी, डॉ. मनोज गर्ग एवं कारागृह स्टाफकर्मी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रीय समन्वयक डॉ. वर्मा का किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** अम्बेडकर विचार मंच मालपुरा द्वारा विवेकानन्द ग्लोबल यूनिवर्सिटी जयपुर के राष्ट्रीय योजना के कार्यक्रम समन्वयक एवं निवाई विधायक पुत्र डॉ. सुधीर वर्मा का स्वागत सम्मान व अभिनन्दनद किया।

शुक्रवार को विवेकानन्द ग्लोबल यूनिवर्सिटी जयपुर के राष्ट्रीय योजना के कार्यक्रम समन्वयक एवं निवाई विधायक पुत्र डॉ. सुधीर वर्मा मालपुरा प्रवास पर रहे। इस दौरान अम्बेडकर विचार मंच मालपुरा द्वारा डॉ. वर्मा की अगवानी कर स्वागत सम्मान व अभिनन्दन किया गया। इस दौरान मंच अध्यक्ष गजेन्द्र बोहरा, मेडिकल एसोशियसन अध्यक्ष डॉ. राजकुमार गुप्ता, रविराय परसोया, कैलाश गोरखीवाल, हनुमान खोरवाल, नरेन्द्र वर्मा, अमित वर्मा सहित मंच के अन्य कई सदस्य मौजुद रहे।

# आपरेशन सिंदूर को लेकर महिला संगोष्ठी आज

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. ) ।** मालपुरा के दूदू रोड स्थित ग्रामीण बालिका छात्रावास परिसर में शनिवार को दोपहर 3 बजे आपरेशन सिंदूर को लेकर महिला संगोष्ठी का आयोजन होगा। बंटी काबरा ने बताया कि आपरेशन सिंदूर में भारतीय सेनाओद्वारा पाकिस्तान के इस्लामिक आतंकवादीयो के ठिकानो को ध्वस्त कर पाकिस्तान की सेनाओ को अपने शौर्य व पराक्रम द्वारा पराजित करने पर भारतीय सेनाओ का आभार प्रकट करने के लिए रविवार को दोपहर 3 बजे ग्रामीण बालिका छात्रावास दूदू रोड में संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता सह तरूणी प्रमुख सांगानेर मेघ राजावत होगी।

# विश्व जैव विविधता दिवस पर लगाए जागरूकता शिविर

बढ़ता राजस्थान



सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार गुरुवार को विश्व जैव विविधता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय सवाई माधोपुर सहित अधीनस्थ तालुकाओं खंडार, बौंली, बामनवास एवं गंगापुर सिटी में आमजन को पर्यावरण संरक्षण के संबंध में जागरूक करने हेतु जागरुकता शिविरों का आयोजन किया गया। जिला विधिक चेतना समिति के सदस्य कृष्णपाल सिंह, अधिकार मित्र मुकेश कुमार शर्मा, गिर्राज रैगर, मगनलाल मीना द्वारा ग्राम पंचायत एवं आंगनवाड़ी केन्द्र सूरवाल में, अधिकार मित्र सुमित्रा देवी एवं अनिता गर्ग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र 20 सुनारों का कटला, शहर सवाई माधोपुर में, न्यायमित्र नंदकिशोर बैरवा एवं अधिकार मित्र सुमित्रा देवी द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र आलनपुर में, अधिकार मित्र रणवीर चौधरी द्वारा नगर परिषद सवाई माधोपुर में पर्यावरण संरक्षण के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन कर उपस्थित आमजन को पर्यावरण संरक्षण का महत्व, प्रदूषण कम करने के उपायों, पेड़ों की सीमित कटाई, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, पर्यावरण का क्षरण करने वाली गतिविधियों पर प्रतिबंध, जल का अपव्यय रोकने के लिए किए जा सकने वाले उपायों, बूंद-बूंद सिंचाई प्रणाली, पौधारोपण का महत्व, वर्षा जल का संचय, पारम्परिक जल स्रोतों जैसे तालाबों, कुओं, बावड़ियों का रख-रखाव, जल प्रदूषण को कम करने के उपायों, जल का मितव्ययिता के साथ उपयोग आदि विषयों के संबंध में जानकारी प्रदान कर आमजन को जागरूक किया गया।

## आईएएस बनकर माता-पिता का सपना पूरा करना चाहती है कोमल, 95% अंक प्राप्त कर रचा कीर्तिमान

बढ़ता राजस्थान



**निवाई( का.स. )।** राजस्थान के टोंक जिले के निवाई क्षेत्र से एक और होनहार छात्रा ने शिक्षा के क्षेत्र में परचम लहराया है। आर्ट्स संकाय की 12वीं बोर्ड परीक्षा में कोमल यादव ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कोमल ने बताया कि उसने प्रतिदिन नियमित रूप से 7 घंटे पढ़ाई कर यह उपलब्धि हासिल की। पढ़ाई के दौरान उसने यूट्यूब जैसे ऑनलाइन संसाधनों का भी उपयोग किया, जिससे उसे कठिन विषयों को समझने में मदद मिली। कोमल शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही है। 10वीं कक्षा में भी उसने 74 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। अपनी सफलता का श्रेय कोमल ने अपने माता-पिता, भाई और गुरुजनों को दिया है।

# पंचायत पुनर्गठन पर राजस्थान हाईकोर्ट की बड़ी रोक, अधिसूचना जारी करने पर लगाई गई रोक

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/जयपुर ( राकेश शर्मा )।** पंचायत पुनर्गठन को लेकर एक बार फिर राज्य सरकार की प्रक्रिया पर न्यायिक हस्तक्षेप हुआ है। राजस्थान हाईकोर्ट ने पंचायतों के पुनर्गठन संबंधी अधिसूचना जारी करने पर फिलहाल रोक लगा दी है। यह आदेश जस्टिस दिनेश मेहता की एकलपीठ ने गौतम लाल एवं अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिया है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मोतीसिंह राजपुरोहित ने कोर्ट को बताया कि राज्य सरकार द्वारा पंचायतों के पुनर्गठन की प्रक्रिया में आपत्तियों का विधिवत निस्तारण नहीं किया गया, जिससे प्रभावित नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने पक्ष रखा और पुनर्गठन प्रक्रिया को विधिसम्मत बताया। हालांकि, कोर्ट ने राज्य सरकार को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिन पंचायतों के पुनर्गठन को लेकर आपत्तियां दर्ज की गई हैं, उनका निष्पक्षता से निस्तारण किया जाए और संबंधित दस्तावेज अगली सुनवाई में कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किए जाएं। हाईकोर्ट ने आदेश में यह भी स्पष्ट किया कि जिस पंचायत के पुनर्गठन को लेकर याचिका लंबित है, उसकी अधिसूचना फिलहाल जारी न की जाए। यह अंतरिम राहत याचिकाकर्ताओं को प्रदान करते हुए अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख 8 जुलाई निर्धारित की है। यह मामला राजस्थान में पंचायत पुनर्गठन की व्यापक प्रक्रिया पर न्यायिक मंथन की दिशा में अहम पड़ाव माना जा रहा है। अदालत के इस निर्देश से सरकार की प्रशासनिक योजना पर प्रभाव पड़ सकता है ।

आखिर न्याय और संविधान की जीत हुई

# फैसला लेने में अनावश्यक देरी से धूमिल हुई विधानसभा की गरिमा : टीकाराम जूली

## सजायाफ्ता अन्ता विधायक कंवरलाल मीणा की बर्खास्तगी को लेकर संवैधानिक प्रावधान बचाने के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** राजस्थान विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने विधानसभा अध्यक्ष द्वारा सजायाफ्ता अन्ता विधायक कंवरलाल मीणा की सदस्यता समाप्त किये जाने को न्याय और सत्य की जीत बताया है। उन्होंने कहा-सत्यमेव जयते, यह कांग्रेस के संघर्ष की जीत है। उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खडगे का यह संकल्प है कि हमें संविधान को बचाना है और उसके लिए सतत् संघर्षरत रहना है। उनके बताए रास्ते पर चलकर ही हमारी लडाई संविधान को बचाने के लिए थी और कांग्रेस इसके लिए संकल्पित और संघर्षरत रही और आखिर में संविधान की जीत हुई और उसका सम्मान बना रहा। जूली ने इसे कांग्रेस पार्टी के संविधान बचाओ संघर्ष की जीत बताया है। प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने मीणा की बर्खास्तगी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी लडाई तो संविधान और विधान सभा के प्रक्रिया नियमों की गरिमा को बनाए रखने के लिए थी परन्तु विधानसभा अध्यक्ष ने निर्णय लेने में अनावश्यक देरी की जिसके कारण विधायक पद पर रहते हुए वो जेल गए एवं विधानसभा की गरिमा धूमिल हुई। जूली ने बताया कि कंवरलाल मीणा की सदस्यता बर्खास्तगी को लेकर विधायक दल के सदस्यों ने तीन बार विधानसभा अध्यक्ष और राज्य के संवैधानिक प्रमुख पद पर आसीन राज्यपाल के समक्ष ज्ञापन के माध्यम से अपनी बात को रखा इसके पश्चात् भारत के निर्वाचन आयोग में अपनी शिकायत दर्ज की लेकिन इस सम्बन्ध में संवैधानिक प्रावधानों और नियमों की रक्षा के बजाय सजायाफ्ता विधायक की सदस्यता को बचाए रखने के लिए नित नए प्रयास किए जाने लगे। आखिर में न्याय की प्रत्याशा में न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा और राजस्थान उच्च न्यायालय में 27321/2025 नम्बर की याचिका दायर की गई जिसमें बुधवार को सुनवाई की जानी थी, आगे होने वाली किरकिरी को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष द्वारा कंवरलाल मीणा की सदस्यता समाप्त करने का निर्णय लेना पड़ा।

# रविवार को निकलेगी भगवान परशुराम शोभायात्रा

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता)।** श्री ब्राह्मण समाज राजगढ़ द्वारा 25 मई रविवार को श्री परशुराम शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्री ब्राह्मण समाज राजगढ़ के अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार ने बताया कि 25 मई रविवार को सायंकाल 3:00 बजे भगवान परशुराम शोभायात्रा श्री ब्राह्मण धर्मशाला परशुराम भवन से प्रारंभ होगी जो राजगढ़ के प्रमुख मार्गो से होती हुई पुनः ब्राह्मण धर्मशाला पहुंचेगी। ब्राह्मण समाज के सचिव मनोज जैमन ने शोभायात्रा को लेकर पूर्ण तैयारियां होने की बात कही और बताया कि गर्मी बहुत होने कि वजह से शोभायात्रा में पीने के पानी कि व्यवस्था पर पूरा ध्यान दिया गया है। शोभायात्रा में जिलेभर से विप्र बधु शामिल होंगे उनका स्वागत सम्मान समाज के अध्यक्ष राजेश शर्मा द्वारा किया जायेगा। यात्रा में भिन्न-भिन्न कलाकृतियों की झांकियां निकाली जाएगी।

# अभिभावकों का विश्वास, अध्यापकों की मेहनत और विद्यार्थियों की तपस्या का परिणाम : बोहरा

## लगातार अनेक वर्षों से दे रहा बेहतर परीक्षा परिणाम, एसएमएस विद्यालय की कक्षा 12की प्रतिभाओं का हुआ सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** उपखण्ड क्षेत्र के नगर पालिका क्षेत्र में स्थित सरस्वती मॉडर्न उच्च माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 12की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।विद्यालय की विज्ञान वर्ग में टॉपर रही छात्रा आरती रोहिल्ला पुत्री सोहन लाल ने 98% अंक प्राप्त कर माता -पिता सहित विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वहीं कला वर्ग में छात्र नरेंद्र कुमार पुत्र सुभाष चन्द ने 97.40% अंक प्राप्त कर माता -पिता,विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय के समन्वयक डॉ शशिकांत बोहरा ने बताया कि लिखित परीक्षा में सौ फीसदी अंक लाने के बावजूद विद्यार्थी प्रैक्टिकल में पिछड़ गए। फिर भी कक्षा 12वीं विज्ञान वर्ग में 30 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। वहीं कला वर्ग में 32 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, और दोनों ही वर्गों का परीक्षा परिणाम 100% रहा है।डॉ बोहरा ने बताया कि विज्ञान वर्ग में कक्षा 10के विद्यार्थियों ने 21%तक बढ़ोतरी की तो कला वर्ग में 23%तक बढ़ोतरी की।

उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों की तपस्या अध्यापकों की मेहनत और अभिभावकों के विश्वास पर यह परीक्षा परिणाम मिला है। मैं सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों और अभिभावकों को हार्दिक बधाई देता हूँ और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।इस अवसर पर विज्ञान वर्ग के 30तथा कला वर्ग के 32विद्यार्थियों का सम्मान किया गया जिन्होंने 90%से अधिक अंक प्राप्त किए थे। डॉ बोहरा ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों को माला -साफा पहनाकर भव्य सम्मान किया वहीं सभी का मुँह मीठा भी कराया। उक्त 62विद्यार्थियों को मैडल देकर सम्मान किया वहीं छात्रा आरती रोहिल्ला को समन्वयक डॉ शशिकांत बोहरा की ओर से चांदी का मैडल एवं 21,000 रुपए का चैक देकर सम्मानित किया गया। उधर कला वर्ग के टॉपर छात्र नरेन्द्र कुमार को भी चाँदी का मैडल पहनाकर, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षा उपनिदेशक धर्मपाल सिंह, प्रधानाचार्य बलवीर सिंह यादव, मैनेजर प्रवेश बोहरा, जितेंद्र शर्मा, रविकांत शर्मा, रोहिताश यादव, राजकुमार शर्मा, महेश चन्द पारीक सहित काफ़ी संख्या में अभिभावक, अध्यापक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# मंजिल उन्हें मिलती है जो मेहनत और विश्वास पर खरा उतरता है : यादव

## आरसीआई स्टॉफ सहित अभिभावकों और विद्यार्थियों का जताया आभार, विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर( धीरज मौर्य)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जिसमें नगर पालिका क्षेत्र स्थित आरसीआई एजुकेशन ग्रुप ने फिर बाजी मारली।आरसीआई शिक्षा ग्रुप के निदेशक डॉ विजय कुमार यादव ने बताया कि विद्यार्थियों ने नगर पालिका में टॉप किया है। छात्रा बबीता यादव पुत्री रामावतार यादव ने 98.20% अंक प्राप्त करके विद्यालय स्तर तथा बानसूर नगर पालिका क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त कर माता-पिता, विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रा नंदिनी शर्मा पुत्री अजय कुमार शर्मा ने राजस्थान बोर्ड के अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय में 98.00% प्राप्त करके बानसूर तहसील स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार अनुष्का सैनी पुत्री सुभाष सैनी ने फाउंडेशन के साथ-साथ 97% अंक प्राप्त करके क्षेत्र में फाउंडेशन के साथ-साथ कक्षा बारहवीं की टॉपर रही। कला वर्ग से ज्योति बाई पुत्री सुनील कुमार ने 97% अंक प्राप्त करके विद्यालय स्तर पर कला वर्ग की टॉपर रही। तमन्ना मांड्या 96.60%, तन्वी यादव ने 96%, अंकिता ने 95%, दीक्षिता ने 95%, पलक स्वामी ने 94.80%, कशिश यादव ने 94.80% ,मोनिका कुमावत ने 94.60%, शुभम सिंह ने 94.60%, मीना कुमारी 94.60% विशाखा शर्मा 94.60%, आदित्य कुमार 94%, संगीत मीणा 94%, आशा यादव 93.80%, नवीन सैनी 93.80%, अंशिमा गोयल 93.80%, अक्षय कुमार 93.60 प्रतिशत ,कोमल गुर्जर 93.40%, ललित स्वामी 93.40%, पूजा 93.40%, चिनाक्षी 93.20%, महक यादव 93.00 प्रतिशत, आरती 93% ,पूजा सैनी 93% अंक प्राप्त किए हैं वहीं 90% या उससे अधिक 53 विद्यार्थियों ने अंक प्राप्त कर विद्यालय सहित अभिभावकों और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। 89% से अधिक 68 विद्यार्थियों ने अंक प्राप्त किए हैं तो 85% तथा इससे अधिक 122 विद्यार्थियों ने प्राप्त करके क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सभी टॉपर्स विद्यार्थियों के लिए आरसीआई के फाउंडेशन ब्लॉक में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को माला, साफा, आरसीआई का दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर निदेशक डॉ विजय कुमार ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा स्टाफ और मैनेजमेंट टीम को शुभकामनाएं देते हुए सभी का आभार जताया। नगर पालिका की टॉपर छात्रा बबीता यादव ने अपनी सफलता का राज नियमित अध्ययन,अध्यापकों का मार्गदर्शन सहित अभिभावकों द्वारा विद्यालय चयन को दिया। छात्रा बबिता यादव ने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि शॉसियल मीडिया से जितनी दूरी रखने सहित भ्रामक प्रचार करने वाले मिडिया से भी दूरी बनाएं रखें। यादव ने बताया कि अध्यापकों द्वारा बताई गई प्रत्येक बात को ध्यान से सुनकर उसे अंगीकार करना बताया। साथ ही उसने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल डायरेक्टर, मैनेजमेंट टीम, समस्त स्टाफ तथा अपने अभिभावकों को दिया । इस मौके पर सह निदेशक भूपसिंह यादव, प्रधानाचार्य लक्ष्मण प्रसाद सैनी, मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज कुमार, प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार, वाइस प्रिंसिपल रवि कुमार, फाउंडेशन ब्लॉक इंग्लिश मीडियम एवं हिन्दी मीडियम ब्लॉक के समस्त स्टाफ सहित अभिभावक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

# तीन दिवस में नाबालिक बालिका बरामद नहीं हुई तो होगा थाने का घेराव : यादव

## कांग्रेसीयों सहित जागरूक लोगों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य)।** बानसूर थाना क्षेत्र के एक निजी विद्यालय में अध्ययनरत नाबालिक छात्रा को उसी विद्यालय का पूर्व शिक्षक बहला - फुसलाकर 10मई 2025को भगा ले गया था। जिसका पुलिस अभी तक कोई सुराग नहीं लगा पाई है। जिसको लेकर पीड़ित परिजन परेशान हैं, वहीं कांग्रेस सहित जागरूक लोग पुलिस की कार्यशैली से संतुष्ट नहीं हैं।गुरुवार को राजीव गाँधी पंचायत राज संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अजयसिंह यादव के नेतृत्व में पुलिस महानिदेशक के नाम उपखण्ड अधिकारी अनुराग हरित को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया गया है कि पीड़ित परिजनों द्वारा 10मई 2025को अपराध अंतर्गत भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2)के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाई जा चुकी है।जिसके बावजूद भी एक दर्जन दिनों में पुलिस ने नाबालिक बालिका को बरामद नहीं की है। जिससे आमजन में आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि पीड़ित परिजनों को अनुसन्धान अधिकारी द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता है और यह कहा जाता है कि जाँच जारी है।जबकि पीड़ित परिजनों द्वारा नाबालिक बालिका के सभी दस्तावेज फोटो सहित पुलिस को उपलब्ध करवा दिए गए हैं। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि मुकामी पुलिस द्वारा नहीं तो निजी विद्यालय के स्टॉफ के बयान दर्ज किए हैं और ना ही आरोपी के मोबाईल नम्बर ट्रेस किए हैं।

कांग्रेस के युवा नेता अजयसिंह यादव ने बताया कि 3दिवस में आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया और नाबालिक को बरामद नहीं किया गया तो कांग्रेस के कार्यकर्त्ता और आमजन बानसूर पुलिस थाने का घेराव करेंगे तथा आंदोलन करेंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

उल्लेखनीय है कि उपखण्ड अधिकारी अनुराग हरित के जिला कलेक्टर कार्यालय में बैठक में उपस्थित थे जिसके चलते उनके सहायक राजेश जोशी को ज्ञापन दिया गया लेकिन थोड़ी देर बाद ही उपखण्ड अधिकारी अनुराग हरित के कार्यालय पहुँचने पर उन्हें भी ज्ञापन की कॉपी सौंपी गई। इस मौके पर अजय सिंह यादव, दुलीचंद सोलंकी,रमेश, विक्रम, प्रकाश, रामावतार,अमीचंद, हजारी, निरंजन सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# जिला कलेक्टर ने किया विभिन्न कार्यालयों का का निरीक्षण, दिए त्वरित कार्यवाही के निर्देश, जनहित में पारदर्शिता और समयबद्ध सेवाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**खैरथल-तिजारा, (मुकेश शर्मा)।** जिला कलेक्टर ने शुक्रवार को किशनगढ़ बास तहसील, नगर परिषद खैरथल एवं उप पंजीयन कार्यालय टपूकड़ा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी कार्यालयों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन के कार्यों को समयबद्ध व पारदर्शी तरीके से पूर्ण किया जाए।

तहसील किशनगढ़ बास में निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, धारा 91, 90ए एवं म्यूटेशन से जुड़े प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही सीमाज्ञान, सहमति एवं बंटवारे के मामलों को प्राथमिकता से सुलझाने पर बल दिया। तहसील भवन की खराब स्थिति को देखते हुए उन्होंने उपखंड अधिकारी व सार्वजनिक निर्माण विभाग के अभियंता को अविलंब मरम्मत कार्य कराने के निर्देश भी दिए।

नगर परिषद खैरथल के निरीक्षण में कलेक्टर ने सफाई व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने, रिकॉर्ड संधारण में पारदर्शिता बरतने एवं सभी शाखाओं में नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने टपूकड़ा स्थित उप पंजीयन कार्यालय का निरीक्षण किया और तहसीलदार को पुराने प्रकरणों की वसूली करने तथा राजस्व लक्ष्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा कि नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी मनीष कुमार जाटव, तहसीलदार नरेंद्र कुमार भाटिया, तहसीलदार शैतान सिंह यादव, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा परिणाम -पूनम जांगिड़ शिक्षक बनकर करना चाहती है समाज और राष्ट्र की सेवा

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** दिल में हो लगन, तो हर मुश्किल हल हो जाती है,एक सच्ची चाहत से हर राह आसान हो जाती है। जी हां राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धमरेड की छात्रा कुमारी पूनम जांगिड़ पुत्री विजय कुमार जांगिड़ ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर के द्वारा आयोजित उच्च माध्यमिक परीक्षा 2025 कला वर्ग में 96.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय का अपितु पूरे राजगढ ब्लॉक का नाम रोशन किया है। पूनम जांगिड़ अपनी इस सफलता का श्रेय अपने अध्यापकों के साथ-साथ अपने माता-पिता को भी देती हैं। पूनम भविष्य में शिक्षक बनकर समाज और राष्ट्र की सेवा करना चाहती है। पूनम जांगिड़ सत्र 2024- 25 में विद्यालय की हेड गर्ल भी रही हैं। विद्यालय में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अव्वल रहने वाली पूनम के अनुसार विद्यालय का अनुशासन , शैक्षिक वातावरण साथ ही समय-समय पर प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ का मार्गदर्शन के वजह से ही मैंने यह सफलता हासिल की है। प्रधानाचार्य



ललिता कुमारी ने विद्यालय के उत्कृष्ट परिणाम के लिए समस्त स्टाफ एवं विद्यालय अनुशासन को देते हुए समस्त विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

# तनाज ने किया अब्बू अम्मी का नाम रोशन

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का .स .)। बेटियों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वो बेटों से कतई कम नही। बाहरवीं के परीक्षा परिणाम में ओसवाल स्कूल में पढ़ने वाली तनाज हुसैन ने 85 .86 प्रतिशत अंक लाकर अपने मातापिता का नाम रोशन किया है। तनाज के पिता लेडीज ट्रेलर हैं और माता गृहणी हैं। ऐसे में सिर्फ स्कूल में पढ़कर अपनी छोटी बहन को घर मे पढ़ाकर अपनी अम्मी के साथ काम मे हाथ बटाने वाली तनाज ने ये ऊंचाइयां खुद के मुकाम से हासिल की हैं। तनाज ट्यूशन या कोचिंग क्लासेज भी नहीं गई। घर पर ही अध्यन कर शानदार परसेंटेज बनाकर नाम रोशन किया। तनाज के अब्बू अनवर हुसैन का सपना है कि बेटी कलेक्टर बने और देश व समाज की सेवा करे।



# बारहवीं कला वर्ग में ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा लक्ष्मी यादव का हुआ सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता)।** शुक्रवार को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी परीक्षा परिणाम 2025 में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीचंदपुरा के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। सम्मान समारोह में कक्षा बारहवीं कला वर्ग में ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा लक्ष्मी यादव पुत्री विश्राम यादव को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ने माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश कुमार गुप्ता ने बताया कि लक्ष्मी यादव ने कला वर्ग में 97.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। वहीं विद्यालय की छात्रा अंजलि महावर ने 92.20 प्रतिशत, पायल यादव 92.80 प्रतिशत एवं अंजलि बैरवा 90.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। सभी विद्यार्थियों का माला एवं साफा पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य अमित कुमार मीणा, व्याख्याता बाबुलाल बैरवा, उर्मिला मीना, सरपंच प्रतिनिधि मनोहर लाल बैरवा, पूर्व सरपंच रंगलाल मीणा, वार्ड पंच प्रतिनिधि कृष्ण अवतार शर्मा, शिक्षक लाली मीणा,सुगन परेवा, हुकम सिंह गुर्जर अभिभावक बाबूलाल यादव, शिम्भू दयाल सैन, हरिओम यादव, बाबूलाल फोरेस्टर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



# जिला कलेक्टर ने किया फूल बाग एवं चोपानकी थाना भिवाड़ी का निरीक्षण, कानून व्यवस्था की ली जानकारी

बढ़ता राजस्थान

खैरथल-तिजारा,(मुकेश शर्मा)। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने शुक्रवार को फूल बाग थाना भिवाड़ी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था, सुरक्षा उपायों और पुलिस संसाधनों की व्यापक समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पुलिस बटालियन से सलामी ली और तत्पश्चात थाना परिसरों का भ्रमण किया। उन्होंने बंदीगृह, मालखाना, रिकॉर्ड शाखा और शिकायत कक्ष जैसी प्रमुख इकाइयों का निरीक्षण किया तथा साफ-सफाई, सुरक्षा और व्यवस्थापन पर संतोष व्यक्त करते हुए कुछ सुधारात्मक निर्देश भी दिए।कलेक्टर ने थाने में दर्ज होने वाले प्रमुख आपराधिक मामलों की प्रकृति की जानकारी ली और हाल ही में दर्ज मामलों की प्रगति एवं समाधान स्थिति पर विशेष ध्यान केंद्रित किया।

### कामयाब कोटा अभियान : छात्रों से सीधा संवाद कर कलेक्टर ने बढ़ाया आत्मविश्वास

# सफलता के लिए आत्मविश्वास और संतुलन जरूरी : डॉ. गोस्वामी



बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** 'कामयाब कोटा अभियान' के अंतर्गत शुक्रवार को जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने फिजिक्सवाला कोचिंग संस्थान में अध्ययनरत कोचिंग विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभवों को साझा करते हुए छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ मानसिक रूप से स्वस्थ और तनावमुक्त रहने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। डॉ. गोस्वामी ने छात्रों को आत्मविश्वास बनाए रखने, सकारात्मक सोच रखने और पढ़ाई के लिए छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें पूरा करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बड़ी योजना बनाकर खुद पर दबाव बनाने के बजाय छोटी और व्यवहारिक योजना बनाना अधिक कारगर होता है। उन्होंने अपने एक मित्र का उदाहरण देते हुए बताया कि वह दिन में सिर्फ 15 मिनट पढ़ाई करता था और शेष समय खेलता था, लेकिन परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करता था, क्योंकि वह ध्यान केंद्रित कर पढ़ाई करता था और एकाग्रता के साथ संतुलन बनाकर चलता था।

कलेक्टर ने छात्रों से कहा कि पढ़ाई और दिनचर्या की अन्य गतिविधियों में तालमेल बनाए रखें। उन्होंने कहा कि कई बार अवचेतन मन में बैठा डर वास्तविकता से कहीं अधिक बड़ा लगता है, जबकि वास्तव में समस्या इतनी गंभीर नहीं होती। इसलिए डर से घबराने की बजाय उसे समझें और उस पर नियंत्रण पाएं।

स्वस्थ शरीर को सफल जीवन की नींव बताते हुए डॉ. गोस्वामी ने पोषण, स्वच्छता और नियमित स्वास्थ्य की देखभाल पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जब शरीर स्वस्थ रहेगा तो मन और मस्तिष्क भी सजग और सक्रिय रहेंगे, जिससे पढ़ाई में ध्यान लगाना और लक्ष्य हासिल करना आसान होगा।

अपने संवाद के दौरान कलेक्टर ने छात्रों को परिवार से जुड़े रहने और अपने माता-पिता के साथ नियमित रूप से संवाद करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि माता-पिता ही सच्चे मित्र होते हैं जो हर परिस्थिति में आपके साथ रहते हैं। उन्हें अपनी दिनचर्या के बारे में बताते रहें, क्योंकि आपकी उपस्थिति ही उनके जीवन की सबसे बड़ी खुशी है।

डॉ. गोस्वामी ने छात्रों से कहा कि जब आप कोटा जैसे शैक्षणिक वातावरण में अपने व्यक्तित्व का विकास करते हैं, तो यह भविष्य में अन्य क्षेत्रों में भी आपकी क्षमताओं को निखारने में सहायक बनता है। उन्होंने छात्रों से प्लान बी यानी वैकल्पिक योजना तैयार रखने को भी कहा ताकि किसी भी स्थिति में वे आत्मविश्वास न खोएं।

कलेक्टर ने यह भी साझा किया कि परीक्षा में असफलता का डर, कठिन विषयों की चुनौती और तनाव जैसी समस्याएं हर छात्र के जीवन का हिस्सा होती हैं। लेकिन इनसे घबराने की बजाय उनका सामना आत्मविश्वास और सही मार्गदर्शन से करना चाहिए। उन्होंने छात्रों से खुद को प्रेरित रखने और निरंतर सकारात्मक सोच बनाए रखने का आह्वान किया।

## भीषण गर्मी में ड्यूटी कर रहे पुलिस जवानों को राहत सामग्री वितरित की गई

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा में भीषण गर्मी और झुलसा देने वाली धूप के बीच खुले आसमान के नीचे ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के ओएसडी (विशेष कार्य अधिकारी) राजीव दत्ता अपनी टीम के साथ सड़कों पर पहुंचे।

घोड़े वाला बाबा सर्किल पर राजीव दत्ता और उनकी टीम ने पुलिस जवानों को छाछ, लस्सी, साफी, कैप व अन्य गर्मी से बचाव की सामग्री वितरित की। यह पहल लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला की प्रेरणा से की गई, जिसका उद्देश्य ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को गर्मी से राहत दिलाना है। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त राजेंद्र सिंह शेखावत, आईजी रविदत्त गौड़, एडिशनल एसपी दिलीप सैनी सहित कई पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान ओएसडी राजीव दत्ता ने अधिकारियों की मौजूदगी में पौधारोपण भी किया और पौधों को पानी देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

उन्होंने कहा, भीषण गर्मी में पुलिस जवानों का ड्यूटी करना अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के स्तर से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जवानों को गर्मी से राहत के लिए आवश्यक सामग्री समय पर उपलब्ध करवाई जाए।

## निंबाहेड़ा में वार्ड परिसीमन पर उठे सवाल, एससी-एसटी विकास परिषद ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा, (नि.स.)।** नगर परिषद निंबाहेड़ा द्वारा किए गए 45 वार्डों के प्रस्तावित परिसीमन के पुनर्गठन की मांग को लेकर शुक्रवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी विकास पंचोली को सौंपा। ज्ञापन में परिषद ने आरोप लगाया कि प्रस्तावित परिसीमन सत्तारूढ़ दल के दबाव में तैयार किया गया है, जिससे अनुसूचित जाति, जनजाति, अति पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों के प्रतिनिधित्व को कम किया गया है। परिषद का कहना है कि कई ऐसे वार्ड जो पहले इन वर्गों की बहुलता के लिए जाने जाते थे, उन्हें अब इस तरह से विभाजित या समाहित कर दिया गया है कि उनका राजनीतिक महत्व और प्रतिनिधित्व घट गया है। ज्ञापन में उदाहरण स्वरूप जावद दरवाजा, मोती बावजी रोड, बापू बस्ती, अंबा नगर, रजा कॉलोनी, वाम नगर विस्तार योजना, हुडको कॉलोनी, जय अंबे विहार, कासोद कच्ची बस्ती, रानीखेड़ा गांव, मडड़ा गांव, कल्याणपुर, और साकरिया गांव जैसे क्षेत्रों का उल्लेख किया गया है जहाँ अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अल्पसंख्यक समुदायों की प्रमुख आबादी है। परिषद ने आरोप लगाया कि इन क्षेत्रों की सीमाएं इस प्रकार बदली गई हैं कि इन वर्गों का प्रभाव नगरीय निकाय चुनावों में न्यूनतम रह जाए। ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि प्रस्तावित परिसीमन का स्वतंत्र एजेंसी या विशेषज्ञों के माध्यम से पुन: निरीक्षण करवाया जाए, जिससे कि सामाजिक न्याय सुनिश्चित हो सके। ज्ञापन सौंपने वालों में परिषद के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष बिहारीलाल सोलंकी (पूर्व पार्षद), प्रदेश महासचिव रामचंद्र बामनिया (पूर्व पार्षद), जिला संरक्षक उदयराम पहाड़ियां (पूर्व पार्षद), नगर महासचिव शांतिलाल लाड़ना (पूर्व पार्षद), नगर अध्यक्ष इंद्रलाल भांबी (एडवोकेट), जिला युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष राधेश्याम राव, ब्लॉक युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिलखुश मीणा, नगर उपाध्यक्ष मांगीलाल बामनिया, नगर महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष चैनाबाई सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। परिषद ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि सभी 45 वार्डों का पुनर्निरीक्षण कराकर सामाजिक वर्गों का न्यायपूर्ण प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए।

## जहाजपुर के जैन मंदिर से सवा करोड़ का सोना-चांदी चोरी, सीसीटीवी फुटेज में कैद हुवे बदमाश

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/ग्रामीण (के एम कुरेशी)।** जिले के शाहपुरा/जहाजपुर के जैन मंदिर से करीब 1 करोड़ कीमत का सोना चोर ले गए। इसके साथ ही 3 किलो चांदी और अष्टधातु से बना कछुआ भी चोरी हुआ है। घटना गुरुवार रात करीब 12 से एक बजे की बीच की बताई जा रही है। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। चोरी की जानकारी मिलने के बाद जहाजपुर स्थित स्वस्ति धाम जैन मंदिर (जहाज जैन मंदिर) एडिशनल एसपी राजेश आर्य सहित तमाम पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। जहाजपुर मंदिर में मुनिसुव्रतनाथ की प्रतिमा है। शुक्रवार सुबह कई श्रद्धालु मंदिर में दर्शन करने पहुंचे यहां प्रतिमा पर लगा आभामंडल (पीछे वाले हिस्से) गायब था। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। पता चला कि चोर आभामंडल ले गए। इस पर 1 किलो 300 ग्राम सोना लगा था। इसकी कीमत 1 करोड़ 30 लाख रुपए आंकी गई है। इस



आभामंडल पर 3 किलो चांदी भी लगी थी। इसकी कीमत करीब तीन लाख रुपए है।सीसीटीवी फुटेज में एक चोर सफेद शर्ट और नीली पैंट में नजर आ रहा है। कुछ देर वह प्रतिमा के आसपास टहलता है, फिर प्रतिमा के पीछे लगे आभामंडल को उठा लेता है। यह आभामंडल सोने और चांदी से बना था।आभा मंडल को लेकर चोर खिड़की से फरार हो गया। जहाजपुर स्वस्ति धाम दिगंबर जैन मंदिर की कमेटी की ओर से जहाजपुर थाने में रिपोर्ट दी गई है।रिपोर्ट में बताया कि मंदिर में मुनि सुव्रत नाथ भगवान की प्रतिमा गर्भ में स्थापित है।इस प्रतिमा के सिर के पीछे एक सूर्य का आभामंडल लगा हुआ है। ये आभामंडल सोने और चांदी का बना हुआ है। चोर आभामंडल समेत सोने की पॉलिश से बने यंत्र और अष्टधातु का कछुआ ले गया।श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ भगवान का जहाज की आकृति का मंदिर है।जो जैन समाज का काफ़ी चचित मंदिरों में से एक है जानकारी के अनुसार पुलिस हर ऐंगल से सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच की जा रही हैं।

# 28 मई को ब्लैक डे पर स्वेछिक सम्पूर्ण शाहपुरा बन्द

### जिला बचाओ संघर्ष समिति द्वारा तिरंगा रैली पर त्रिमूर्ति चौराहा पर देशभक्ति के नारे लगाकर की गई पुष्प वर्षा

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/ग्रामीण (के एम कुरेशी)।** जिले के शाहपुरा में राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा समिति की ओर से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ओर भारतीय सेना के सम्मान में शाहपुरा में निकली तिरंगा यात्रा पर जिला बचाओ संघर्ष समिति की ओर से संघर्ष समिति संयोजक रामप्रसाद जाट महासचिव कमलेश मुंडेतिया की अगवाई में संघर्ष समिति सदस्यों द्वारा त्रिमूर्ति चौराहा पर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के सम्मान में प देशभक्ति के नारे लगाकर पुष्प वर्षा की गई। संघर्ष समिति सदस्य उदय लाल बेरवा सूर्य प्रकाश ओझा हाजी उस्मान मोहम्मद छिपा दुर्गा लाल जोशी धनराज जीनगर विनीत बुनकर नारायण तेली घनश्याम घूसर शांतिप्रकाश घूसर शंकर



लाल अग्रवाल मदनलाल कंडारा राजेश सिंह शंकर लाल खटीक सुगनलाल बोहरा रामजी कहार रामस्वरूप चितलागिया नजीर मोहम्मद अभिभाषक संस्था उपाध्यक्ष गजेंद्रप्रताप सिंह राणावत सहित कई सदस्य मौजूद रहे। शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति महासचिव कमलेश मुंडेतिया बताया कि जिला बचाओ आंदोलन को लेकर संघर्ष समिति की बैठक समीक्षा संघर्ष समिति अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई । जिसमें 28 मई को ब्लैक डे पर स्वैच्छिक संपूर्ण शाहपुरा बंद रखने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। सरकार ने शाहपुरा जिले का दर्जा समाप्त कर दिया जिसके विरोध में शाहपुरा में 28 मई को ब्लैक डे मनाया जाएगा । संघर्ष समिति अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा ने कहा कि जब तक शाहपुरा को जिले का दर्जा वापस नहीं दिया जाता तब तक आंदोलन जारी रहेगा और प्रत्येक माह की 28 तारीख को शाहपुरावासी ब्लैक डे मनाएंगे। संयोजक रामप्रसाद जाट ने कहा कि ब्लैक डे पर त्रिमूर्ति चौराहे से संघर्ष समिति द्वारा वाहन रैली निकाली जाकर संपूर्ण शाहपुरा बंद को सफल बनाया जाएगा। समीक्षा बैठक में संघर्ष समिति अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा संयोजक रामप्रसाद जाट महासचिव कमलेश मुंडेतिया किसान केसरी संघ जिला अध्यक्ष सूर्य प्रकाश ओझा अभिभाषक संस्था उपाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह राणावत संघर्ष समिति सदस्य दुर्गा लाल जोशी उदय लाल बेरवा हाजी उस्मान मोहम्मद छिपा नजीर मोहम्मद राजेश सिंह अविनाश शर्मा दल्लीचंद खटीक नजीर मोहम्मद रामस्वरूप खटीक शुगर लाल बोहरा मदनलाल कंडारा सत्यनारायण खटीक धनराज जीनगर विनीत बुनकर घनश्याम घूसर ने विचार व्यक्त किये।

## कालीभाई भील उड़ान योजना : माहवारी स्वच्छता कार्यक्रम अभियान के अंतर्गत 26 मई से तीन दिवसीय कार्यक्रम होगा आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** 23 मई को काली भाई भील उड़ान योजना के अन्तर्गत सोमवार 26 मई से 28 मई तक तीन दिवसीय माहवारी स्वच्छता कार्यक्रम अभियान का आयोजन किया जाएगा। उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग मेघा रतन ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत बुधवार 28 मई को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रबंधन तथा एनीमिया विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सभागार कक्ष में किया जाना प्रस्तावित है। कार्यशाला की विषय वस्तु माहवारी स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रबंध पर स्वयं सेवी संस्थान का आमुखीकरण किया जाएगा। जिले से लगभग 30 से 40 स्वंय संगठनों के सहभागिता किया जाना प्रस्तावित है। कार्यशाला में यूएनपीए की भी सहभागिता होगी।

## शाहपुरा बिजली विभाग के जे.ई.एन. के प्रति जनता में भारी आक्रोश

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा/ग्रामीण (के एम कुरेशी)। जिले के शाहपुरा में लगातार हो रही बिजली कटौती से आम जनता में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। भीषण गर्मी के इस दौर में घंटों तक बिजली बाधित रहने से नागरिकों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग के जे.ई.एन. (जूनियर इंजीनियर) द्वारा मोबाइल फोन स्विच ऑफ रखा जा रहा है, जिससे किसी भी आपात स्थिति या जानकारी के लिए संपर्क करना असंभव हो गया है। जनता का कहना है कि जब गर्मी से हालात बदतर हो रहे हैं, तब बिजली विभाग की लापरवाही और जवाबदेही से बचने की प्रवृत्ति बेहद चिंताजनक है। जनता ने प्रशासन से मांग की है कि बिजली आपूर्ति को स्थिर रखा जाए और संबंधित अधिकारी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए जनसंपर्क बनाए रखें।

## एक ही दिन में 33 संस्थाओं को नोटिस नगर निगम कोटा उत्तर की बड़ी कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

कोटा (विनोद गौड़)। नगर निगम कोटा उत्तर और दक्षिण की चार अग्निशमन विभाग की टीमों ने अग्निशमन सुरक्षा की दृष्टि से मैरिज गार्डन, होटल और अन्य मैरिज हॉल का व्यापक निरीक्षण किया। टीमों ने बूंदी रोड, बड़गांव, रायपुरा, रंगतालाब, नयापुरा स्टेशन सहित आसपास के इलाकों में स्थित संस्थानों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान अग्निशमन यंत्र, इलेक्ट्रॉनिक वायरिंग तथा अन्य सुरक्षा उपकरणों की विस्तृत जांच की गई। जिन संस्थानों के पास फायर एनओसी (नॉन ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट) नहीं पाया गया, उन्हें मौके पर ही नोटिस जारी किए गए।

## उपखंड अधिकारी सरवाड़ ने किया गौशालाओं का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**सरवाड़-अजमेर (इकबाल अहमद)।** उपखण्ड अधिकारी गुरु प्रसाद तंवर ने शुक्रवार को प्राज्ञ जैन गौशाला एवं नंदी गौशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपखंड अधिकारी गुरु प्रसाद तंवर, पशुपालन विभाग के पशु चिकित्साधिकारी डॉ.भारती मीणा एवं डॉक्टर गिरीश कांत वर्मा पशुधन प्रसार अधिकारी रामराजज ने गोशाला का निरीक्षण कर पशुओं के लिए छाया,पानी, चारे आदि की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। गोशाला के सचिव धर्मेंद्र सिंह, एवं नंदी गौशाला के अध्यक्ष कन्हैयालाल माली ने गोशाला में गोमाता के लिए की गई व्यवस्थाओं से अवगत



करवाया। उपखंड अधिकारी ने गौशाला में सरकार द्वारा निर्देशित दस्तावेज की जांच की जो कि सभी दस्तावेज पूर्णरूप से भरे पाए गए। गोमाता के चारे व पानी के लिए की गई विशेष व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। उन्होंने गोशाला में वर्षा ऋतु में पौधरोपण व औषधीय पौधे लगाने के निर्देश दिए। गोशाला में हरा चारा, कुटी, खाखला, तूड़ी, गुड, का पर्याप्त चारा पाया गया।

पशु चिकित्साधिकारी ने गौवंश की जाँच की तीन वर्ष से बड़े 1060 गौवंश तथा तीन वर्ष से छोटे 267 गौवंश, टोटल 1327 गौवंश मौजूद पाए गये। जिसमें एक्सिडेंट हुए गौवंश को छोड़ कर सभी स्वस्थ पाए। पर्याप्त मात्रा में यहां छाया पानी की सुविधा उपलब्ध है। चारे के लिए अतिरिक्त भंडारण के लिए बन रहे गोदाम का भी अवलोकन किया गया।

## श्री वीर तेजाजी बासक बाबा धाम पर 108 कुण्डीय विष्णु महायज्ञ

### मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं विशाल शोभायात्रा का होगा आयोजन, 28 मई से 5 जून तक होंगे विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** 23 मई को नसीराबाद उपखंड के ग्राम रामपुरा पंचायत लोहरवाड़ा में स्थित श्री वीर तेजाजी बासक बाबा धाम समिति रामपुरा के तत्वावधान में बुधवार 28 मई से 5 जून तक 9 दिवसीय 108 कुण्डीय विष्णु महायज्ञ, मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं विशाल शोभायात्रा का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में देशभर से विद्वान पंडितों, धर्माचार्यों, संतों एवं भक्तों की सहभागिता रहेगी। श्री वीर तेजाजी बासक बाबा धाम समिति के अध्यक्ष श्री चतर सिंह राठौड़ ने बताया कि धार्मिक अनुष्ठान का उद्देश्य ग्राम रामपुरा एवं आस-पास के क्षेत्र में धार्मिक चेतना, सामाजिक एकता एवं सांस्कृतिक समरसता को सुदृढ़ करना है। आयोजन के सुचारू संचालन के लिए समिति द्वारा भंडारा, यातायात, पेयजल, चिकित्सा एवं संपूर्ण व्यवस्थाओं की पूर्ण तैयारी की गई है। उन्होंने बताया कि समिति सभी श्रद्धालुओं, भक्तों एवं धार्मिक संस्थानों से अपील करती है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इस पावन आयोजन को सफल बनाएं।

## रसद विभाग ने किए 5 घरेलू और एक 5 किग्रा का अप्रमाणित छोटा सिलेण्डर जब्त

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** रसद विभाग द्वारा घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों के अवैध उपयोग की सूचना पर अजमेर शहर में घरेलू गैस सिलेण्डरों की धरपकड़ का अभियान चलाया गया। शुक्रवार को जांच दल द्वारा 5 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किए गए।

जिला रसद अधिकारी रतन कौर ने बताया कि शुक्रवार को अजमेर शहर में दरगाह बाजार गेट नम्बर 5 ताज होटल, मलीफूल टी स्टॉल, मशरूम टी स्टॉल तथा बीरा टी स्टॉल से एक-एक घरेलू एलपीजी सिलेण्डर और श्री माल सिंह शास्त्री नगर से 5 किलोग्राम का अप्रमाणित छोटा सिलेण्डर जब्त किए गए। इनका यह कृत्य एलपीजी ऑर्डर-2000 का उल्लंघन है। साथ ही ये प्रकरण ईसी एक्ट 1955 की धारा 6 ए में जिला कलक्टर के न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे। जांच दल में प्रवर्तन निरीक्षक श्रीमती अंकिता जैन, सहायक प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती संतोष कंवर रहे।

## डबरेला में उपखंड स्तरीय रात्रि चौपाल आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**सरवाड़-अजमेर (इक़बाल अहमद)।** ग्राम पंचायत मुख्यालय डबरेला में गुरुवार शाम को उपखंड स्तरीय रात्रि चौपाल का आयोजन उपखंड अधिकारी सरवाड़ गुरुप्रसाद तंवर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। गोपाल लाल धाकड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि रात्रि चौपाल में ग्रामीणों द्वारा प्राप्त शिकायतों का निवारण किया। रात्रि चौपाल में पंचायत से 15 शिकायती आवेदन प्राप्त हुए जिनको सम्बंधित विभाग को प्रेषित कर निवारण हेतु निर्देशित किया गया। चौपाल में उपखंड अधिकारी गुरु प्रसाद तवर ने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की ग्रामीणों की समस्यों का निवारण समय पर करें तथा ग्रामीणों को जानकारी दी कि किसी भी प्रकार की समस्या को संबंधित अधिकारी को अवगत करवायें यदि संबंधित अधिकारी समय पर समस्या का



समाधान नहीं करता है तो मुझे बतायें मौके पर सरपंच डबरेला रामनारायण चौधरी, राकेश कुमार नायब तहसीलदार बोराड़ा उपखंड कार्यालय से गोपाल धाकड़, भारमल गुर्जर बुद्धि प्रकाश मीणा सहायक अभियान अक्षय कुमार गुप्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कालूराम चौधरी सहायक विकास अधिकारी शंकरलाल धाकड़ कृषि पर्यवेक्षक जगदीश प्रसाद माली भू अभिलेख निरीक्षक परमेश्वर पटवारी राजेश कुमार चिकित्सा अधिकारी अनिल कुमार लाइन मेन गफ्फार मोहम्मद पशु चिकित्सक शिवराज बेरवा अध्यापक सहित अनेक अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## शुद्ध आहार, मिलावट पर वार, अमानक 113 नमूनो में न्यायालय ने 25577 00 रूपये किया जुर्माना

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' के तहत खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत जिले में कार्यवाही की गयीं। जिला भरतपुर सीएमएचओ डॉ0 गौरव कपूर ने बताया है कि खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ विशेष अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा एक्ट में 107 नमूनें व सर्विलेंस में 123 नमूनें लिये गये। खाद्य प्रयोगशाला द्वारा 32 नमूनों की जॉच रिपोर्ट प्राप्त हुई है जिनमे से मैसर्स: ओम जनरल एण्ड मिल्क स्टोर, मलाह, भरतपुर, मैसर्स: मोडर्न फूड्स, रणजीत नगर, भरतपुर, मैसर्स: सुरेन्द्र डेयरी, गोलबाग रोड, भरतपुर व धाकड़ किराना स्टोर, बीरमपुरा, बयाना, भरतपुर आदि फर्मो से 04 नमूनें अमानक पाये गये एवं 01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक खाद्य पदार्थों के कुल 524 नमूनें लिये गये जिनमें से 76 नमूनें अवमानक 01 मिथ्याछाप व 20 नमूनें असुरक्षित पाये गये। उक्त अवधि में 85 प्रकरण माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किये गये। माननीय न्यायालय द्वारा 113 प्रकरणों में 2557700 रूपये जुर्माना राशि लगायी गयी। साथ ही खाद्य कारोबारियों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ बेचने व साफ-सफाई का समुचित ध्यान रखने के संबंध में निर्देशित किया गया।

## बैक से उठे धुआँ के गुबार, मची अफरा तफरी




बढ़ता राजस्थान

भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)। कस्बे के हिण्डौन सड़क मार्ग स्थित राजस्थान ग्रामीण बैक में शुक्रवार प्रातः धुआँ के गुबार निकलने से अफरा तफरी का माहौल रहा। बैंक के मुख्य गेट की शटर से धुएं के गुबार निकलते देखकर लोगों ने पुलिस एवं बैंक कर्मियों को सूचना दी सूचना पर बैंक कर्मी और पुलिस मौके पर पहुंचे शटर खोलने पर आग की भयावहता का पता चला। धुएं की वजह से कोई भी अंदर नहीं जा सका बैंक के कांचों को तोड़कर धुआं बाहर निकलने लगा वैसे बलाई दमकल के काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। दमकल कर्मी नवल हरसाना ने बतलाया कि भुसावर की दमकल उपखंड क्षेत्र में आयोजित महापरायण यज्ञ सुरक्षा में होने के कारण वेयर से दमकल मंगाई गई आग में बैंक का फर्नीचर इलेक्ट्रिक उपकरण और प्रिंटर जल का नष्ट हो चुके हैं अन्य नुकसान का बैक कर्मी जायजा ले रहे है।

## पंचायत समिति साधारण सभा की बैठक 28 को

बढ़ता राजस्थान

भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)। पंचायत समिति साधारण सभा की बैठक प्रधान की अध्यक्षता में 28 मई 2025 बुधवार को होगी। रणधीरगढ रोड स्थित अंबेडकर भवन में दोपहर 2:00 बजे आयोजित होने वाली बैठक में गत साधारण सभा का अनुमोदन के साथ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की प्रारंभिक शिक्षा विभाग की कृषि विभाग की महिला एवं बाल विकास की पेयजल विद्युत पशुपालन सिंचाई एवं नरेगा योजना के साथ पंचायत समिति की एसएससी की वार्षिक कार्य योजना 2025 26 का अनुमोदन के साथ अन्य अध्यक्ष पंचायत समिति की अनुमति से विचार किए जाएंगे।

## जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

# लू ताप घात को लेकर गंभीरता से करें कार्य : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर, ( राजू शर्मा )।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में शुक्रवार को सम्पन्न हुई। बैठक में जिले की स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन, विशेष रूप से संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, हाइपरटेंशन व डायबिटीज स्क्रीनिंग, लू ताप घात, मौसमी बीमारियों की रोकथाम, टीबी मुक्त भारत अभियान में शुरू होने वाले 100 दिवस अभियान के बारे में समीक्षा की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ धर्मसिंह मीणा ने सभी योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की बिंदुवार जानकारी दी।

**अधिक से अधिक लोगों की हो स्क्रीनिंग :** जिला कलक्टर ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जिले में 30 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति की हाइपरटेंशन व शुगर की स्क्रीनिंग नियमित रूप से की जाए। प्रत्येक चिकित्सा संस्थान को प्रतिदिन का स्क्रीनिंग लक्ष्य दिया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में सप्ताह में एक बार शिविर लगाकर अधिक से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आशा कार्यकर्ताओं द्वारा भरे जाने वाले सीबीएसी फॉर्म के माध्यम से की गई स्क्रीनिंग का समयबद्ध फॉलो-अप भी अनिवार्य रूप से किया जाए।

**टीकाकरण की रिपोर्टिंग में पारदर्शिता आवश्यक :** जिन चिकित्सा संस्थानों में टीकाकरण में गिरावट देखी गई है।उनकी समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि पोर्टल पर सभी डाटा का समय पर एवं सही इंद्राज सुनिश्चित किया जाए। संस्थागत प्रसव में लगातार कमी दिखाने वाले चिकित्सा संस्थानों के प्रभारी अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए।

**लू ताप घात को लेकर रखें व्यापक इंतजाम :** बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि चिकित्सा संस्थानों पर लू ताप घात से संबंधी सभी व्यापक इंतजाम सुनिश्चित करें। चिकित्सा संस्थान पर आने वाले मरीजों के लिए अलग से वार्ड सुरक्षित रखें। उन्होंने डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों से अपने क्षेत्र में अवैध झोलाछाप के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

**आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम पर करें फोकस :** बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ ने आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम को लेकर निर्देश दिए कि प्रत्येक बीसीएमओ यह सुनिश्चित करें कि क्षेत्र की जनसंख्या के अनुसार कितनी एएनसी पंजीकृत हुई हैं, कितने संस्थागत प्रसव कराए गए हैं, कितने चिकित्सा संस्थानों का एनकरेज सर्टिफिकेशन पूरा हुआ है, और हाइपरटेंशन, डायबिटीज व टीबी की कितनी स्क्रीनिंग कर सही उपचार किया गया है। बैठक में सीएमएचओ डॉ. मीणा ने जिला कलक्टर द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना तय समय में सुनिश्चित करने हेतु सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को निर्देशित किया। बैठक के दौरान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी धौलपुर डॉ. विजय सिंह, पीएमओ बाड़ी डॉ.हरिकिशन मंगल, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चेतराम मीणा, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शिव कुमार शर्मा सहित सभी खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तथा चिकित्सा अधिकारी प्रभारी मौजूद रहे।

### श्री खुशाल दास मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में हुआ विशाल निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

# निर्धन व्यक्ति को आर्थिक तंगी के चलते नहीं खोने देंगे आखों की रोशनी : बाबूलाल जुनेजा

बढ़ता राजस्थान




**हनुमानगढ़, ( राजेश खारड़ू )।** स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे श्री खुशाल दास मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, सूरतगढ़ रोड, हनुमानगढ़ द्वारा एक विशाल निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन 23 मई 2025, शुक्रवार को किया गया । यह शिविर गुरु गोबिंद सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट की पहल और 'एक ज्योति चैरिटेबल फाउंडेशन' तथा ह्लत्तष्ट के सहयोग से आयोजित किया गया । जी.आर.शर्मा प्रिंसिपल पैरामेडिकल ने बताया कि इस शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की अनुभवी टीम द्वारा मरीजों की आंखों की पूर्ण जांच की गयी। विशेष रूप से मोतियाबिंद (सफेद मोतिया) से पीड़ित मरीजों के लिए यह शिविर अत्यंत लाभकारी रहा, क्योंकि शिविर के माध्यम से मोतियाबिंद के ऑपरेशन भी पूर्णतः निःशुल्क किए जाएंगे। इसके साथ ही जांच के दौरान जरूरतमंद चिन्हित किए गए। मरीजों को मुफ्त दवाइयों की सुविधा भी प्रदान की गयी। श्री गुरु गोबिद सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष बाबूलाल जुनेजा ने बताया कि नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में यह शिविर एक महत्वपूर्ण कदम है, जो ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के उन लोगों को राहत देगा जो आर्थिक कारणों से इलाज नहीं करवा पाते यह शिविर उन लोगों के लिए लाभदायक सिद्ध होगा जो आर्थिक तंगी के चलते आखों का ऑपरेशन करवाने में सक्षम नहीं हैं कुलपति प्रो. डॉ. रमावतार मीणा ने कहा कि विश्वविद्यालय क्षेत्रवासियों के लिए आगामी दिनों में एक बेहतरीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाएगा इससे पूर्व समय समय पर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में शिविर आयोजित कर जरूरतमंद परिवारों व आमजन को नाम मात्र शुल्क पर चिकित्सकीय सेवा उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है ।

खुशाल दास विश्वविद्यालय के डायरेक्टर जनरल गिरीश चावला ने कहा कि यह शिविर न केवल स्वास्थ्य सेवा का उदाहरण है, बल्कि समाजसेवा की एक प्रेरणादायी पहल भी है। चावला ने आमजन से ज्यादा से ज्यादा सख्यां में शिविर में पहुंचकर चिकित्सकीय सेवाओं का लाभ लेने का आग्रह किया ।

## जन औषधि केन्द्र में युवाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु आवेदन आमंत्रित

बढ़ता राजस्थान

**हनुमानगढ़, ( राजेश खारडू )।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा माय भारत इनिशिएटिव के अंतर्गत जन औषधि केन्द्र के सहयोग से अनुभवात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 01 जून से 30 जून के मध्य किया जाना प्रस्तावित है। हनुमानगढ के जिला युवा अधिकारी श्री भूपेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि आवेदन माय भारत पोर्टल www.mybharat.gov.in के एक्सपीरिंसियल लर्निंग टैब के माध्यम से किया जाना है। आवेदक सीनियर सेकेंडरी उत्तीर्ण होना चाहिए। आवेदक को जन औषधि केन्द्र में भंडार प्रबंधन,सामान्य रिकॉर्ड रखरखाव,ग्राहक सेवा और जान स्वास्थ्य को समझने में सहायता मिलेगी। हनुमानगढ जिले में 2 जन औषधि केंद्रों पर यह कार्यक्रम आयोजित होगा तथा प्रति जन औषधि केन्द्र अधिकतम 5 युवाओं को इस अनुभवात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता का अवसर मिलेगा। अनुभवात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिदिन 8 घंटे कार्य कर उस कार्य को सीखा जाता है और यह कार्यक्रम 120 घंटे का होता है। कार्यक्रम पूर्ण होने के बाद माय भारत की तरफ से डिजिटल प्रमाण पत्र दिया जाता है। अन्य जानकारी हेतु इच्छुक युवा माय भारत के टोल फ्री नंबर 18002122729 पर संपर्क कर सकते है अथवा जिला माय भारत केन्द्र या संबंधित एनएसएस यूनिट में संपर्क कर सकते है।

### श्रीमद्भागवत कथा का छठा दिन

# मनुष्य को अभिमान नहीं करना चाहिए : आचार्य योगेश तिवारी जी महाराज

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** मनुष्य में जब अभिमान आता है तो भगवान उनसे दूर हो जाते हैं। लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है और उसे दर्शन देते है। अतः मनुष्य को अभिमान नहीं करना चाहिए। उक्त प्रवचन स्थानीय कायस्थपाड़ा स्कूल में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथा प्रवक्ता आचार्य योगेश तिवारी जी महाराज ने दिए। श्रीमद्भागवत कथा में शुक्रवार को भागवत भक्तों की भारी भीड़ जुटी तथा कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, उद्धव-गोपी संवाद, द्वारका की स्थापना, रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय पाठ किया गया। कथा के दौरान भक्तिमय संगीत ने श्रोताओं को आनंद से परिपूर्ण कर दिया। कथा प्रारंभ करते हुए कथा प्रवक्ता आचार्य योगेश तिवारी जी महाराज ने गोपियों के साथ भगवान की श्रेष्ठतम महारास लीला का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि रास तो जीव का परब्रह्म ईश्वर के साथ मिलन की कथा है। आस्था और विश्वास के साथ भगवत प्राप्ति का फल प्राप्त होता है तो उसे रास कहा जाता है।

कथा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि जो भक्त ईश्वर प्रेम में आनंदित होते हैं और श्रीकृष्ण तथा रूक्मिणी के विवाह में शामिल होते हैं, उनकी समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणि के साथ संपन्न हुआ। लेकिन रुक्मणि को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। इस कथा में समझाया गया कि रुक्मणि स्वयं साक्षात लक्ष्मी है और वह नारायण से दूर रह ही नही सकती। यदि जीव अपने धन अर्थात लक्ष्मी को भगवान के काम में लगाए तो ठीक नही तो फिर वह धन चोरी द्वारा, बीमारी द्वारा या अन्य मार्ग से हरण हो ही जाता है। धन को परमार्थ में लगाना चाहिए और जब कोई लक्ष्मी नारायण को पूजता है या उनकी सेवा करता है तो उन्हें भगवान की कृपा स्वतः ही प्राप्त हो जाती है। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों द्वारा कृष्ण-रुक्मणी विवाह से जुड़ी मनोहारी झांकी प्रस्तुत की गई। जिसे देख पूरा पंडाल श्रीकृष्ण के जयकारे से गुंजायमान हो उठा साथ ही दूल्हा बने नंदलाल, जोड़ी का जवाब नहीं भजन पर श्रोता झूमने पर मजबूर हो गए। कृष्ण-रुक्मणी विवाह के अतिरिक्त अन्य विवाहों का भी उन्होंने वर्णन किया। कथा के अंत में श्रद्धालुओं ने भागवत पुराण की आरती की। कथा प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार को कथा के अंतिम दिन कथा का सारांश सुनाया जाएगा और साथ ही, सुदामा प्रसंग और परीक्षित मोक्ष की कथा का वर्णन किया जाएगा। रविवार को भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## पीलीबंगा, हांसलिया के उच्च माध्यमिक विद्यालय का कला वर्ग में परिणाम शत प्रतिशत रहा



बढ़ता राजस्थान

**हनुमानगढ़, ( राजेश खारडू )।** पीलीबंगा ग्राम पंचायत हांसलिया के उच्च माध्यमिक विद्यालय का कला वर्ग मैं परिणाम शत प्रतिशत रहा वंही उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर अभिभावकों बच्चों का विद्यालय स्तर पर शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । प्रधानाचार्य हंसराज ने सभी बच्चों व अभिभावकों को शुभकामनाये देते हुए आगामी परिणाम में भी अभिभावकों को शत प्रतिशत परिणाम के लिए आश्वस्त किया ,इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि रफ़ीक लोधी ,पूर्व सरपंच भूपेंद्र सिंह पूर्व सरपंच ईस्माईल खान जोईया व विद्यालय प्रबंध विकास समिति व एसएमसी के अध्यक्ष बलवंत सिंह व अमरजीत गोदारा सूरज सिंह औलख अभिभावक चूंकि देवी कुलविंद्र कौर लक्ष्मी देवी परमेश्वरी देवी व ग्राम के गण मान्य नागरिक मौजूद रहे। व्याख्याता सुनील गुप्ता ने बताया कि गुरुवार को जारी हुए परीक्षा परिणाम में भूगोल विषय में 3 विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत व 13 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किये । वन्ही हिंदी अनिवार्य व हिंदी साहित्य विषय में 12 विद्यार्थियों ने इतिहास में 3 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किये ओर विद्यालय टॉपर रेखा पुत्री राजकुमार 92.20त्न पवनदीप कौर पुत्री गुरमेलसिंह 91त्न प्रियंका पुत्री श्योपाल86.8 लक्ष्मी पुत्री फ़क़ीर चंद पायल रानी पुत्री मनीष कुमार रहे वन्ही बालिका प्रोत्साहन मैं 9 बालिकाएं पात्र हुई । इस मौके पर कुलदीप सरां पंचायत सहायक व्याख्याता रीटा रानी अमित गेदर व्यावसायिक शिक्षक अश्वनी व यूडीसी रामस्वरूप बरोड़ उपस्थित रहे।

## राउमावि डींगवाला में टॉपर्स को किया सम्मानित, सफलता के लिए मेहनत को आवश्यक बताया



बढ़ता राजस्थान

**हनुमानगढ़, ( राजेश खारडू )।** पीलीबंगा: राउमावि डींगवाला में शुक्रवार को 12वीं कक्षा के टॉपर्स को सम्मानित किया गया।प्रिंसिपल डॉ भंवर लाल कड़ेला मान ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है और ग्रामीण इलाकों के स्कूलों का रिजल्ट शहर के स्कूलों से भी अच्छा आया है। यह गर्व की बात है।सरपंच प्रतिनिधि फतेह मोहम्मद बोदला ने कहा कि शिक्षा विभाग एवं प्रदेश की मौजूदा राज्य सरकार हरेक विद्यार्थी के लिए स्कूली शिक्षा का सबसे अच्छा माहौल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि वे जीवन में सफल हो सकें।जिला परिषद डायरेक्टर अमनदीप सिंह कंग ने विद्यार्थी जीवन मैं अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रत्येक कार्य की सफलता के लिए मेहनत को आवश्यक बताया।इस मौके पर विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामीण मौजूद रहे।इस दौरान अतिथियों ने नशे और नशीली दवाओं के विरुद्ध जंग में विद्यार्थियों के पूर्ण सहयोग की मांग करते हुए कहा कि नशीली दवाओं का अभिशाप विकास के मार्ग में बाधक है और नशा करने वाले के माथे पर कलंक है और हम सभी को एकजुट होकर इसे मिटाना चाहिए।

## बारहवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी, विभिन्न स्कूलों में प्रतिभाओं का सम्मान

## बिजौली स्कूल की प्रियंका दिवाकर ने 96.80 अंक अर्जित कर बनाया स्थान

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ,( राजू शर्मा )।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 12वीं विज्ञान,कॉमर्स और कला वर्ग का परिणाम गुरुवार को जारी किया गया। शहर के निजी और सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों ने परीक्षा में अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाया है। शहर ही नहीं ग्रामीण क्षेत्र से भी छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 90 और उससे अधिक प्रतिशत अधिक अंक अर्जित किए हैं। ऐसे में शहर के सीनियर सेकेंडरी स्कूल किला,बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सहित निजी क्षेत्र के किड्स पैराडाइज स्कूल और अग्रसेन स्कूल में प्रतिमाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक लाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया।बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद शर्मा ने बताया कि उनके स्कूल से 12वीं कला,विज्ञान और अन्य वर्ग में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। ऐसे में सभी छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

जिसमें स्कूल स्टाफ और शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। वहीं गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल किला के प्राचार्य हरिओम सिकरवार की अध्यक्षता में भी छात्र-छात्राओं का छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इसी प्रकार किड्स स्कूल में संस्था प्रधान सुनील मित्तल द्वारा 12वीं बोर्ड परीक्षा में आई प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। अग्रसेन स्कूल में अग्रसेन शिक्षण समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम दास अग्रवाल के आतिथ्य में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमें स्कूल प्राचार्य सुभाष बंसल के साथ अन्य स्टाफ मौजूद रहा।



## महेश स्पोर्ट्स एकेडमी में हुई पिकलबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत, 58 खिलाड़ियों ने लिया भाग

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा ) ।** श्रीनगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में महेश नवमी महोत्सव 2025 के तहत अयोध्या एंटरप्राइजेज द्वारा प्रायोजित पिकल बॉल टूर्नामेंट का शुभारम्भ महेश स्पोर्ट्स एकेडमी में हुआ। मीडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया की प्रथम बार आयोजित हो रहे हैं पिकल बॉल टूर्नामेंट में 58 खिलाड़ियों ने भाग लिया और प्रथम दिन लीग मैच आयोजित हुए उसमें अनुराग सोनी, प्रणय मोदानी, नवीन कोगटा, राहुल राठी, राजेश भदादा, ऋतिक माहेश्वरी, कार्तिक लढा, कृष्ण माहेश्वरी विजय हुए। उद्घाटन सत्र में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष प्रदीप बलदवा, उपाध्यक्ष रामकिशन सोनी, जिला मंत्री रमेश राठी, महेश सेवा समिति सचिव राजेंद्र कचोलिया, उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल जाखेटिया, निदेशक दिलिप तोषणीवाल का आतिथ्य सहित नगर अध्यक्ष केदार गगरानी अध्यक्ष, मंत्री संजय जागेटिया, महेश नवमी महोत्सव संयोजक राधेश्याम सोमानी, सह संयोजक केजी राठी, उपाध्यक्ष अभिजीत सारडा, कोषाध्यक्ष गोपाल नरानीवाल, संगठन मंत्री प्रमोद डाड, मुख्य खेल प्रभारी कैलाश अजमेरा व अर्चित मुन्दड़ा, पिकल बोल प्रभारी नरेश जागेटिया, अतुल सोमानी तथा पिकल बोल के प्रायोजक संजीव सोनी, सह प्रभारी अंकित लखोटिया का सानिध्य मिला। प्रभारी नरेश जागेटिया एवं दिनेश आगाल ने बताया कि इस आयोजन में शहर के खेल प्रेमी और युवा खिलाड़ी शामिल हुए, जिन्होंने पिकल बॉल को लेकर उत्साह दिखाया। भीलवाडा में पिकल बॉल की यह शुरुआत युवा खिलाड़ियों के लिए एक सुनहरा अवसर है। टूर्नामेंट कराने में आलोक सोमानी, नवनीत तोतला, मोहित लढा, रोहित पोरवाल, विवेक पटवारी का सहयोग रहा।

## नगर निगम में आर्ट ऑफ लिविंग का तनाव मुक्ति हेतु हैप्पीनेस सेशन संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा ) ।** नगर निगम भीलवाड़ा में आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा मेंटल हेल्थ अवेरनेस एवं हैप्पीनेस सेशन का आयोजन किया गया। निगम सचिव हरनारायण माली ने बताया कि निगम के अधिकारियों/ कर्मचारियों की कार्य शैली को तनाव मुक्त बनाने एवं कार्य दक्षता बढ़ाने हेतु आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा नगर निगम के मीटिंग हॉल में मेंटल हेल्थ अवेरनेस एवं हैप्पीनेस सेशन का आयोजन महापौर राकेश पाठक के सानिध्य में किया गया, सेशन के दौरान संस्था के प्रतिनिधि श्री जितेंद्र जोशी एवं श्री मुकेश मालव ने जीवन को तनाव रहित बनाने के संबंध में मार्गदर्शन दिया एवं जीवन में ध्यान तथा एकाग्रता का महत्व समझाते हुए इसका अभ्यास कराया, इस अवसर पर पूर्व उपसभापति श्री मुकेश शर्मा,निगम अधिशासी अभियंता अखेराम , पवन नुवाल, पूजा गोयल लेखाधिकारी सुरेश कास्ट, हिमांशु सुखवाल, सावन बांगड़, विजय लोढ़ा ,नवीन बोहरा, जितेंद्र चौधरी, सूर्यदीप सिंह, विकास डोलिया, गोपाल लोहार सहित निगम के अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गिवअप अभियान की अवधि 31 मई, 2025 तक बढाई

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** खाद्य मंत्री महोदय, राजस्थान सराकर जयपुर के निर्देशानुसार राजस्थान में गिवअप अभियान की अवधि 31 मई, 2025 तक बढाई गई है। खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित, अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी करने तथा वसूली की चेतावनी से संबधित खाद्य विभाग द्वारा निर्देश प्रदान किये गये है। जिला रसद अधिकारी हितेश जोशी ने बताया कि इस क्रम में माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गों के उत्थान के लिये कार्य कर रही है। माननीय मुख्यमंत्री जी के स्पष्ट निर्देश है कि अंतिम पंक्ति में खेडे लोगों को सरकारी योजनाओं से जोडकर लाभन्वित किया जाये ताकि वे समाज की मुख्य धारा से जुड सके। खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के सबंध में निर्धारित मापदण्ड %राजस्थान खाद्य सरक्षा नियम, 2023 अनुसूची-1% में, परिवार जिसमें कोई आयकर दाता हो, परिवार जिसका कोई सदस्य अर्द्ध सरकारी/सरकारी / स्वायत्तशासी संस्थाओं में कर्मचारी हो, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो एवं परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रेक्टर आदि जीविकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोडकर) निष्कासन सूची में शामिल हो। 01 नवम्बर 2024 से प्रारंभ गिवअप अभियान में आज तक राजस्थान में 17.63 लाख व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोडा तथा इस कम में चित्तौडगढ जिले में कुल 21560 व्यक्तियों द्वारा गिवअप किया गया है।

गिवअप अभियान में जिला चित्तौडगढ में 150 लोगों को नोटिस जारी किये गये, जिनसे वसूली की कार्यवाही की जायेगी। गिवअप अभियान में अब प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर खाद्य विभाग के प्रवर्तन अधिकारी एवं प्रर्वतन निरीक्षक औचक निरीक्षण करने के साथ ही खाद्य सुरक्षा में चयनित अपात्र लोगों को नोटिस जारी करेंगे।

# चौमहला स्टेशन पर 41 वर्षों से निरंतर मानव सेवा, फ्री जल सेवा समिति की अद्वितीय पहल

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के चौमहला स्टेशन से कोई प्यासा नहीं जाय यह सोच निशुल्क जल सेवा समिति की है ।जो गत 41 वर्ष से भीषण गर्मी मैं प्लेटफार्म पर आ कर शीतल जल पिलाते है ।इस कार्य में उन्हें बहुत संतोष मिलता है ।एक और जहां आम आदमी घर से बाहन निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पाता वही कोटा नागदा खंड के बीच स्थित चौमहला रेलवे स्टेशन यात्रियों की प्यास बुझाने के लिए कस्बे के वरिष्ठ नागरिक व युवा कृत संकल्प है ।भीषण गर्मी के दिनो में यहा लोग दोनो और से दिन में आने वाली देहरादून,अवध एक्सप्रेस,बिलासपुर भगत की कोठी,जोधपुर इन्दौइ,यात्री गाड़ी के यात्रियों को शीतल जल पिलाते है। जैसें ही ट्रेन स्टेशन पर रुकती है एक ही आव़ज सुनाई देती है। ठंडा पानी फ्री जल शीतल जल। चौमहला स्टेशन पर फ्री जल सेवा



समिति के सदस्यों द्वारा संचालित प्याऊ से प्रतिदिन कई यात्रियों की प्यास बुझाते है ।इस कार्य को समिति का प्रत्येक सदस्य मेहनत लगन के साथ करता है। इन सभी की सोच यही है कि चौमहला स्टेशन से कोई भी यात्रा प्यासा ना जाए ।यह लोग ट्रोली खड़ी कर के पानी पिलाते ही है साथ ही प्रत्येक डब्बे में जा कर यात्रियों की पानी की बोतल भी भरते है ।स्टेशन पर पानी पिलाने का कार्य गत 41 वर्ष से चल रहा है ।इनका यहा कार्य होली के बाद शुरु हो जाता है तथा बरसात शुरुआत तक चलता हैं। करीब दो दर्जन भर लोग पानी की ट्रालियों को एक प्लेटफार्म से दुसरे प्लेटफार्म पर लाने ले जाने से लेकर लोगो को पानी पिलाने का कार्य को सेवा मानकर करते है ।फ्री जल सेवा समिति के सदस्य भीषण गर्मी लू का समना कर के पानी पिलाने कार्य करते है जिसकी लोग प्रशंसा करते है।

**पुत्र ने संभाली जिम्मेदारी :** गत कई वर्षो से कस्बे के प्रतिशत व्यापारी समाज सेवी हरि कृष्ण अग्रवाल फ्री जल सेवा समिति की व्यवस्था सभालते थे ।गत वर्षों पूर्व उनका निधन हो जाने पर उसके पुत्र जगदीश अग्रवाल ने व्यवस्था सभाली तथा स्टेशन के प्लेटफार्म पर पिता की स्मृति मै प्याऊ संचालित कर ट्रेनों पर यात्रियों को ठंडा पानी पिला कर मानव सेवा का कार्य कर रहे है ।वही अपने पिता के कार्य को आगे बड़ा रहे है।

## महासाध्वी पारस कुंवर को नवकार मंत्र एवं चार लोगस्स का ध्यान कर श्रद्धांजलि दी



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** उदयपुर के देबारी मे पारस कुंवर का बुधवार को देवलोक गमन पर श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के तत्वावधान में नगर कपासन स्थित अंबेश भवन में श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया ।जिसमे श्रावक-श्राविकाओ द्वारा सामूहिक नवकार मंत्र का जाप एवं चार लोगस्स का ध्यान कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

श्रमण संघ कपासन अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया ने बताया कि महासाध्वी पारस कुंवर के देवलोकगमन से जिन शासन व श्रमण संघ में अनुभवी महासाध्वी की अपूरणीय क्षति हुई है ।महासाध्वी सहज-सरल स्वभाव की थी ।जिनकी वाणी में मा उपधुर्य एवं वात्सल्य भाव घट में दया व करुणा थी ।जिन्होंने मेवाड़ मारवाड़ आदि अनेक क्षेत्रो में हजारों किलोमीटर तक विहार कर जिन शासन की महति प्रभावना की ।साथ ही कई बार नगर कपासन में भी महासाध्वी का आगमन हुआ।

इस दौरान साधुमार्गी जैन संघ के सदस्य अशोक चण्डालिया द्वारा विचार व्यक्त किये गये।

इस श्रद्धांजलि सभा में रूपलाल डांगी,अनिल बाघमार,हेमंत सिरोया,हस्तीमल डांगी,शरद चण्डालिया,निर्मल सांवला,अशोक चंडालिया,सुगन बाघमार,राहुल हिंगड,मनीष डांगी,गजेंद्र ढीलीवाल, अनिल बापना,महिला मंडल सदस्य अंगूरबाला सिरोया,पूर्व नगर पालिका पार्षद सुनीता सांवला,जतन बापना,रूपा बापना,कमलाबाई सिरोया,मीना पानगडिया,चंदा सांवला,विमला सांवला आदि स्थानीय श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे।

## एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर 26 मई को

बढ़ता राजस्थान

बून्दी,(नि.स.)। जिला रोजगार कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बूंदी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार 26 मई को होटल शगुन, पावर हाउस के सामने, नैनवां रोड़ पर प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी फूलचंद मीणा ने बताया कि शिविर में राज्य एवं राज्य से बाहर की विभिन्न निजी कंपनियां भाग लेंगी। शिविर में बेरोजगार आशार्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त होगें। निजी क्षेत्र के नियोजक बेरोजगार आशार्थियों का साक्षात्कार लेकर चयन प्रक्रिया संपादित करेगें। साथ ही कौशल प्रशिक्षण संस्थान आर.एस.एल.डी.सी प्रशिक्षण के लिए बेरोजगार आशार्थियों का चयन करेगी। उन्होने बताया कि इस दौरान बेरोजगार आशार्थियों को व्यावसायिक मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। निजी कंपनियों द्वारा टैक्नीशियन, फील्ड ऑफिसर, सेल्स मैनेजर, टेक्निकल ऑपरेटर आदि पदों के लिए चयन किया जाएगा। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक, डिप्लोमाधारी, कम्प्यूटर जानकारी एवं आईटीआई है। इच्छुक बेरोजगार आशार्थी अपने मूल दस्तावेज मय छाया प्रतियों के तथा पांच पासपोर्ट साईज के फोटोग्राफ के साथ शिविर में भाग लेकर अवसर का लाभ उठावें।

## कोतवाल के विरूद्ध वकीलों ने रास्ता जाम कर सौंपा ज्ञापन कलेक्टर व एस पी द्वारा कार्रवाई का आश्वासन के बाद हटाया जाम

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** बूंदी में कोतवाली थानाधिकारी भंवर सिंह द्वारा अभिभाषक परिषद के प्रतिनिधिमंडल में शामिल अधिवक्ता पृथ्वीराज सिंह हाड़ा से अभद्रता मामले में दो दिन तक कोई कार्रवाई नहीं होने पर अधिवक्ताओं का रोष फूट पड़ा। अधिवक्ताओं ने बेरिकेडिंग लगाकर व कलेक्ट्रेट का गेट लगाकर करीब डेढ़ घंटे रास्ता जाम रखा और कोतवाल का पुतला जलाया और जमकर नारेबाजी की। मौके पर आरएसी सहित भारी पुलिस जाब्ता तैनात हो गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा ने अधिवक्ताओं से समझाइश की लेकिन अधिवक्ता काफी देर तक एसपी को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए और नारेबाजी करते रहे फिर वरिष्ठ अधिवक्ताओं की समझाइश पर अधिवक्ताओं ने जाम हटाकर वाहन रैली के रूप में एसपी आफिस पहुंचे जहां



अधिवक्ताओं ने कोतवाल की अभद्रता पर कठोर कार्रवाई व अधिवक्ता गुरू दत्त सिंह के मामले में फेयर इंवेस्टीगेशन की मांग रखी जिस पर एसपी ने अतिशीघ्र कार्रवाई और इंवेस्टीगेशन मौके पर ही बदलने का आदेश जारी किया।

इसके बाद अधिवक्ताओं ने जिला कलेक्टर को भी इसी बाबत ज्ञापन सौंपा। जिला कलेक्टर ने भी सपा से तुरंत बात करके मामले में उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन में अभिभाषक परिषद अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा,सचिव संजय जैन, उपाध्यक्ष नारायण सिंह गौड़ ,सहसचिव कविता कहार, सदस्य अजय सिंह मीणा, नईम हुसैन, जितेंद्र जैन सहित अधिवक्ता श्याम दत्त दाधीच ,कैलाश नामधराणी, दिनेश पारीक, अरविंद प्रकाश शर्मा, कमल कुमार जैन, पदम कुमार जैन, महावीर मीणा, कन्हैया लाल मीणा, नुरूद्दीन ,अजय नुवाल, हरीश गुप्ता, मनोज गौतम, आनंद सिंह नरूका, अनुराग शर्मा, रवि शर्मा, कौशल शर्मा, संजय शर्मा, जितेंद्र हाडा नगेंद्र हाडा, पृथ्वीराज हाडा, दिलीप सिंह गौड़,कुलदीप हाडा, गुरू दत्त सिंह, राजू गुरुदत्ता, पवन कुमार मलिक, मीडिया प्रभारी अनुराग गौतम, गीतेश पंचोली, योगेंद्र दाधीच ,दयावती गुप्ता, शिखा पंचोली, भूपेंद्र जैन , रमेश चंद आजाद, ऋषभ शर्मा, नंदलाल योगी, पदम कासलीवाल, शिवराज नागर,अनीस मोहम्मद,हैदर अली, एजाज रिजवी, मुश्ताक मोहम्मद सहित सैकड़ों अधिवक्ता भरी दोपहरी में जोश के साथ तपती सड़क पर प्रदर्शन करते रहे।

## भीलवाड़ा साँसद अग्रवाल ने बीकानेर में प्रधानमंत्री मोदी का मांडलगढ़ रेल्वे स्टेशन के नवीनीकरण के लोकार्पण पर जताया आभार

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा( नि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीकानेर के देशनोक के दौरे पर भीलवाड़ा साँसद दामोदर अग्रवाल ने प्रधानमंत्री मोदी का मांडलगढ़ रेल्वे स्टेशन के नवीनीकरण के वर्चुअल लोकार्पण पर जताया आभार व साथ ही नसीराबाद से चन्देरिया के रेल्वे ट्रेक दोहरीकरण व भीलवाड़ा रेल्वे स्टेशन को अमृत योजना में लाभवान्वित करने भी जताया आभार। साँसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीकानेर के देशनोक से भारत वर्ष के 103 रेल्वे स्टेशनों का अम्रत योजना के तहत नवीनीकरण का लोकार्पण किया जिसमे भीलवाड़ा के मांडलगढ़ रेलवे स्टेशन का लोकार्पण था इस लोकार्पण समारोह में भीलवाड़ा साँसद दामोदर अग्रवाल भी उपस्थित रहे उन्होंने इस अवसर पर प्रधानमंत्री से मिलकर मांडलगढ़ रेल्वे के



लोकार्पण करने पर धन्यवाद ज्ञापित किया व आभार प्रकट किया साथ ही साँसद अग्रवाल ने नसीराबाद से चन्देरिया तक रेल्वे ट्रेक के दोहरीकरण पर भीलवाड़ा रेल्वे स्टेशन को भी अमृत योजना से लाभवान्वित करने पर भी आभार जताया व पालड़ी में नर्सिंग कॉलेज व हॉस्टल के लोकार्पण पर भी आभार जताया । इस अवसर पर साँसद अग्रवाल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भी मिलकर उनका आभार व्यक्त किया।

# प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, ओजस्वीवक्ता पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ ने गौ सेवा रथ में किया गौग्रास

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा ) ।** प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, ओजस्वीवक्ता पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ ने गौ सेवा रथ में गौग्रास किया। संगठन के मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि भीलवाड़ा प्रवास के दौरान राष्ट्रवादी विचारक पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ ने गौग्रास किया। इस अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की जो अपने धर्म, संस्कृति और अस्तित्व पर विश्वास नहीं रखता, उसका कभी मंगल नहीं हो सकता। संरक्षक बिलेश्वर डाड ने बताया कि, उन्होंने अपने ओजस्वी विचार रखते हुए कहा कि राष्ट्र हित एवं सेवा कार्य में बिना डरे, बेझिझक सत्य बोलना चाहिए



भले ही आपके निकट परिजन भी कुछ गलत करें, तो उसे कहने की सामर्थ्य और क्षमता युवाओं को दिखानी चाहिए। इस दौरान उन्होंने संगठन के कार्यों की भी प्रशंसा की एवं नवाचार के साथ कि जा रही गौसेवा को अतुलनीय बताया और कहा की युवाओं की इस बदलते भारत में आधुनिकता में चकाचौंध के अलावा एक ऐसी छवि भी भीलवाड़ा क्षेत्र में देखना एक सुखद अहसास है। इस अवसर पर स्वयंसेवक संघ के चांदमल सोमानी, सेवा भारती के सुनील सोमानी, सुशील गोयल, पुनीत सोमानी, सुनील शर्मा, शुभम सोनी, शुभांशु जैन, अक्षत पाराशर, विवेक, विशाल आदि उपस्थित थे।

## आमजन को बीपी जांच का प्रशिक्षण देखकर देकर की गई स्क्रीनिंग एनसीडी क्लिनिक हाइपरटेंशन के प्रति कर रहा है जागरूक

बढ़ता राजस्थान

**सूरतगढ़ ( नि.स. )।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एनसीडी क्लीनिक द्वारा चलाए जा रहे उच्च रक्तचाप जागरुकता कैंपेन के अंतर्गत आज दिनांक 23 मई 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों की बीपी जांच लैब टेक्नीशियन अंजू द्वारा की गई और उन्हें हाइपरटेंशन की जांच स्वयं करने का प्रशिक्षण भी दिया गया। इस अवसर पर लैब टेक्नीशियन अंजू द्वारा बीपी जांच कराने वालों को हाइपरटेंशन के कारण, बचाव और उपचार के बारे में बताया गया। इस मौके पर एनसीडी



काउंसलर दीपक शर्मा द्वारा संभावित पाए गए मरीजों को परामर्श दिया गया साथ ही एनसीडी डीईओ सूरज प्रताप सेतिया ने स्क्रीनिंग किए गए मरीज का डाटा एमओ पोर्टल पर ऑनलाइन किया। उल्लेखनीय है कि 17 मई विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर एनसीडी क्लिनिक द्वारा शुरू किए गए जागरुकता कैंपेन में अब तक आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से अनेक गतिविधियां आयोजित करवाई जा चुकी है। यह कैंपेन 16 जून तक चलेगा जिसमें लोगों को हाइपरटेंशन से बचाव और उपचार के लिए जागरुक किया जाएगा।

## राजस्थान स्टेट अंडर 7 चेस प्रतियोगिता में ओरा कोठारी ने जीता रजत पदक

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा ) ।** शहर विधायक अशोक कोठारी की पौत्री व पुनीत-अनिता कोठारी की बेटी ओरा कोठारी ने उदयपुर में आयोजित राजस्थान स्टेट अंडर 7 ओपन एंड गर्ल्स शतरंज चैंपियनशिप में दूसरा स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया। ओरा कोठारी जून माह में उड़ीसा में होने वाले राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में राजस्थान प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी, जहां एक और ओरा के दादा यानी कि शहर विधायक अशोक कोठारी पूरे भीलवाड़ा विधानसभा की देवतुल्य जनता का प्रतिनिधित्व कर रहे है अब पौत्री भी भीलवाड़ा शहर और राजस्थान प्रदेश को शतरंज के खेल में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करेगी। उक्त चैंपियनशिप उदयपुर शहर में चैतन्य टेक्नो स्कूल में आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी दी। ओरा की इस जीत ने भीलवाड़ा जिले व कोठारी परिवार का नाम रोशन किया है।



## रायला सरकारी स्कूल का छात्र ब्लॉक स्तर पर 12वीं बोर्ड में प्रथम

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/रायला ।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर की उच्च माध्यमिक परीक्षा 2025 कला वर्ग के घोषित हुए परीक्षा परिणाम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रायला के छात्र राजेश कुमार तेली ने 95.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बनेड़ा उपखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया । विद्यालय के अन्य छात्र परमेश्वर तेली ने भी कला वर्ग में 94.20 प्रतिशत अंक अर्जित किये। राजेश ने अपनी इस उपलब्धि से अपने माता-पिता, परिवार, के साथ रायला विद्यालय का नाम भी रोशन किया है। छात्र राजेश कुमार ने इस अपार सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, प्रधानाचार्य मनीषा यादव सहित विद्यालय के सभी गुरुजनों को दिया।



# न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर हेले जेनसेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास, 11 साल के करियर का अंत

वेलिंगटन।

न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की अनुभवी ऑलराउंडर हेले जेनसेन ने 11 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर के बाद क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। 32 वर्षीय जेनसेन ने 35 वनडे और 53 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 2014 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था।

हेले जेनसेन चार टी20 वर्ल्ड कप टीमों का हिस्सा रही हैं, जिनमें 2020 में ऑस्ट्रेलिया में हुए टूर्नामेंट में वह न्यूजीलैंड की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज रहीं। इसके अलावा वह 2022 में न्यूजीलैंड में आयोजित वनडे वर्ल्ड कप में भी खेली थीं। उन्होंने 2022 के कॉमनवेल्थ गेम्स में भी शानदार प्रदर्शन किया था, जहां इंग्लैंड के खिलाफ कांस्य पदक मैच में 3 विकेट लेकर न्यूजीलैंड को जीत दिलाई थी। हालांकि, वह 2022 के अंत के बाद से वनडे टीम से बाहर चल रही थीं। मार्च 2024 में श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए उन्हें टीम में वापस बुलाया गया था, लेकिन चोट के चलते वह सीरीज नहीं खेल सकीं। संन्यास की घोषणा करते हुए जेनसेन ने कहा, जब मैं 10 साल की थी, तभी से मैंने तय कर लिया था कि मुझे वाइट फर्न्स टीम में खेलना है। इस सपने को जीने का मौका मिलना मेरे लिए बेहद खास रहा है। यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही – जिसमें चुनौतियाँ, विकास, और ढेर सारी यादगार पल शामिल हैं।

# पंजाब के 3 खिलाड़ी अंडर-19 भारतीय टीम में सिलेक्ट : इंग्लैंड दौरे पर जाएंगे; पूर्व क्रिकेटर हरभजन ने पीसीए की तारीफ की, कहा-और भी दावेदार तैयार

जालंधर।

भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने पंजाब के युवा क्रिकेटरों विहान मल्होत्रा, राहुल कुमार और अनमोलजीत सिंह को आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम में चुने जाने पर बधाई दी है। तीनों को आयुष म्हात्रे की अगुआई वाली टीम में शामिल किया गया है। इस दौरे में 50 ओवर का अभ्यास मैच, उसके बाद पांच मैचों की युवा वनडे सीरीज और 24 जून से 23 जुलाई तक इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ दो बहु-दिवसीय मैच शामिल हैं।

### हरभजन ने एक वीडियो जारी कर तीनों खिलाड़ियों को बधाई दी

हरभजन ने अंडर-19 टीम में पंजाब के तीन खिलाड़ियों को शामिल किए जाने पर खुशी जताई और भारतीय क्रिकेट के सर्वोत्तम हित में लगातार काम करने के लिए पंजाब क्रिकेट संघ की प्रशंसा की। पंजाब क्रिकेट संघ के मुख्य क्रिकेट सलाहकार हरभजन ने कहा- यह बहुत खुशी का दिन है क्योंकि पंजाब के तीन खिलाड़ियों को अंडर-19 टीम में शामिल किया गया है। विहान, राहुल और अनमोलजीत बहुत प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। हरभजन ने कहा- मैं प्रार्थना करता हूं कि वे विजयी होकर लौटें और उनके परिवारों और कोचों को हार्दिक बधाई। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज विहान पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार दिवसीय मैचों के लिए भारत की अंडर-19 टीम के उप-कप्तान थे। वहीं, बाकी दो खिलाड़ियों ने भी अपना अच्छा प्रदर्शन दिखाया है। हरभजन सिंह ने कहा- पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन ने हमेशा भारत और बीसीसीआई के हित में काम किया है।

# जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक लगाते ही इंग्लैंड के ओली पोप ने रच दिया इतिहास, ऐसा करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने

नई दिल्ली।

इंग्लैंड के नंबर 3 ओली पोप ने गुरुवार 22 मई 2025 की रात इतिहास रचा। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में घरेलू मैदान (नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज स्टेडियम) पर शतक लगाया। जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक लगाने के साथ ही वह विभिन्न देशों के खिलाफ अपने पहले 8 टेस्ट शतक लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए। खास यह है कि ओली पोप ने अब तक 9 टीमों के खिलाफ टेस्ट मैच खेला है। इसमें से 8 टीमों के खिलाफ उन्होंने शतक लगाये हैं। वह भारत, साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, श्रीलंका, पाकिस्तान, आयरलैंड और जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट मैच में शतक लगा चुके हैं। सिर्फ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही वह अब तक टेस्ट मैच में शतक नहीं लगा पाए हैं। इस साल के अंत में उनके ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने की संभावना है। अगर वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी टेस्ट शतक बनाने में सफल हो जाते हैं तो एक बेहतरीन क्लब में शामिल हो जाएंगे।

**जिम्बाब्वे के खिलाफ इंग्लैंड के शीर्ष 3 बल्लेबाजों ने शतक लगाए**-नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में चार दिवसीय टेस्ट के पहले दिन पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 88 ओवर में 3 विकेट पर 498 रन बनाए। बेन स्टोक्स की अगुआई वाली इंग्लैंड के शीर्ष तीनों बल्लेबाजों ने शतक बनाए। सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने घरेलू मैदान पर 100 गेंद मे शतक जड़ा, जबकि जैक क्रॉली ने अपेक्षाकृत धीमे शतक (145 गेंद में) लगाया। वह 171 गेंद में 124 रन बनाकर आउट हुए। दिन का खेल खत्म होने के समय ओली पोप 163 गेंद में 169 और हैरी ब्रूक 18 गेंद में 9 रन बनाकर क्रीज पर थे। जो रूट 44 गेंद में 3 चौके की मदद से 34 रन बनाकर पवेलियन लौट चुके थे।

**ओली पोप ने 109 गेंद में पूरा किया शतक**-ओली पोप ने 109 गेंद में अपना 8वां टेस्ट शतक पूरा किया। उन्होंने 3 अंकों का आंकड़ा पार करते हुए कई रिकॉर्ड्स अपने नाम किये। ओली पोप ने नंबर 3 पर अपना सातवां शतक बनाया। इससे वह इस स्थान पर इंग्लैंड के बल्लेबाजों में जोनाथन ट्रॉट के बराबर आ गए। केवल दिग्गज वैली हैमंड, केन बैरिंगटन और डेविड गॉवर ने नंबर 3 पर इंग्लैंड के लिए उनसे अधिक टेस्ट शतक बनाए हैं। ओली पोप कम से कम आठ विभिन्न देशों के खिलाफ शतक बनाने वाले 30वें टेस्ट बल्लेबाज हैं।

# हिमाचल क्रिकेट टीम का चयन 27 मई को धर्मशाला में

धर्मशाला।

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा 2025-26 सीजन के लिए हिमाचल की सीनियर टीम का चयन किया जाएगा। यह चयन प्रक्रिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में 27 मई को आयोजित की जाएगी। टीम का चयन वनडे और ञ्20 प्रतियोगिता के लिए किया जा रहा है।

एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने बताया कि 27 मई को यह चयन प्रक्रिया धर्मशाला स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। चयन प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए किसी तरह की आयु सीमा की बंदिश नहीं है। इसके अलावा चयन प्रक्रिया में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को अपने साथ अपनी किट लानी होगी। वहीं हिमाचली बोनाफाइड, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र और दसवीं का प्रमाण पत्र भी साथ लाना होगा। उन्होंने बताया कि इस चयन प्रक्रिया में सिर्फ वही खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं जो एचपीसीए के साथ पंजीकृत हैं।

# दिल्ली को हराकर टेबल टॉप करना चाहेगा पंजाब

## पंजाब किंग्स को टॉप 2 में जाने के लिए जीत दर्ज करना बेहद जरुरी

नई दिल्ली।





11 साल के लंबे इंतज़ार के बाद इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के प्लेऑफ में प्रवेश कर चुकी पंजाब किंग्स की नज़र अब शीर्ष दो में जगह बनाने पर है। फिलहाल अंक तालिका में तीसरे स्थान पर काबिज़ पंजाब की कोशिश रहेगी कि वह अपने अगले दो मुकाबले जीतकर क्वालिफायर-1 में स्थान सुनिश्चित करे, जिससे सीधे फाइनल में पहुंचने का अवसर प्राप्त हो सके। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब किंग्स टीम का अगला मुकाबला आज जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होगा। दिल्ली की टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और अपने निराशाजनक सीज़न का अंत एक अच्छी जीत के साथ करना चाहेगी। पंजाब किंग्स ने इस सीज़न में अब तक 12 मैचों में 17 अंक हासिल कर प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है। टीम ने हर विभाग में संतुलित प्रदर्शन किया है। कप्तान श्रेयस अय्यर ने 175 के स्ट्राइक रेट से 435 रन बनाए हैं, जबकि प्रभसिमरन सिंह (458 रन) और प्रियांश आर्य (356 रन) की निरंतरता ने बल्लेबाज़ी क्रम को मजबूती प्रदान की है। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मार्कस स्टोइनिस और जोश इंगलिस की वापसी ने टीम की गहराई को और मजबूत किया है। तेज़ गेंदबाज़ अर्शदीप सिंह ने 16 विकेट लेकर आक्रमण की अगुवाई की है। वहीं, स्पिन विभाग में युजवेंद्र चहल और ऑलराउंडर हरप्रीत बरार ने शानदार संतुलन बनाए रखा है। बरार ने पिछले मैच में मात्र 22 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे, जो उनकी प्रभावशीलता को दर्शाता है। वहीं दूसरी ओर, दिल्ली कैपिटल्स ने इस सीज़न की शुरुआत में अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन पिछले नौ मैचों में सिर्फ दो जीत के साथ टीम का अभियान पटरी से उतर गया। बल्लेबाज़ी मुख्य रूप से केएल राहुल (504 रन) पर निर्भर रही है। अभिषेक पोरेल और अक्षर पटेल ने कभी-कभार उपयोगी योगदान दिया है। प्रमुख तेज़ गेंदबाज़ मिशेल स्टार्क की अनुपस्थिति टीम को भारी पड़ी है, हालांकि मुस्तफिजुर रहमान और कुलदीप यादव ने गेंदबाज़ी में संयम बनाए रखने की कोशिश की है। जयपुर का सवाई मानसिंह स्टेडियम आम तौर पर तेज़ गेंदबाज़ों को शुरुआती उछाल और गति प्रदान करता है। हालांकि, जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ता है, बल्लेबाज़ों को खेलने में आसानी होती है। मैदान आमतौर पर उच्च स्कोरिंग के लिए जाना जाता है। शाम के समय ओस गिरने की संभावना के कारण लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को मदद मिल सकती है।

### दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग 11

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह (विकेट कीपर), शशांक सिंह, नेहल वढेरा, मार्कस स्टोइनिस, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को जेनसन, जोश इंग्लिस/जेवियर बार्टलेट, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल हैं।

**दिल्ली कैपिटल्स :** अक्षर पटेल (कप्तान), फाफ डु प्लेसिस, केएल राहुल, अभिषेक पोरेल (विकेट कीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम, माधव तिवारी, कुलदीप यादव, दुष्मंथा चमीरा, मुकेश कुमार शामिल हैं।

# टॉप 2 में पहुंचने के लिए तैयार मुंबई इंडियंस, अपने छठे खिताब से बस एक कदम दूर!

नई दिल्ली।



आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस सहित चार टीमों ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया है लेकिन अब टीमों के बीच असली जंग टॉप 2 में बरकरार रहने को लेकर छिड़ी हुई है। जो भी टॉप दो टीमें होंगी वह 29 मई को पहला क्वालीफायर खेलेंगी और जो भी इस मैच का विनर होगा, वह सीधे फाइनल में पहुंचेगा।

पहला क्वालीफायर हारने वाली टीम को फाइनल में पहुंचने का दूसरा मौका मिलेगा जो क्वालीफायर 2 में एलिमिनेटर की विजेता से भिडेगी। यही वजह है कि अब मुंबई इंडियंस ने बिना कोई रिस्क लिए टॉप 2 में अपनी जगह बनाने के लिए मजबूती से दावेदारी पेश की है लेकिन इसकी राह इतनी भी आसान नहीं होगी।

मुंबई इंडियन टॉप 2 में पहुंच पाएगी या नहीं, इसका फैसला 26 मई को टीम के लीग स्टेज के आखिरी मुकाबले में होगा, जिसमें उसे पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलना है। टीम के पास टॉप 2 में अपनी जगह बरकरार रखने का केवल एक ही मौका है। दरअसल गुजरात टाइटंस इस वक्त 18 अंकों के साथ टेबल टॉपर बनी हुई है। वही आरसीबी और पंजाब किंग्स के 17-17 अंक है। इसमें से हर टीम के दो-दो मैच बाकी है। जबकि मुंबई इंडियंस को केवल एक ही मैच खेलना है, जिसके लिए चुनौती और भी ज्यादा बढ़ चुकी हैं।

सबसे पहले तो यह जरूरी होगा कि वह पंजाब किंग्स को अपने आखिरी मैच में हराए ताकि उसके पास 18 अंक हो जाए लेकिन सिर्फ लीग स्टेज में मिली जीत ही इस टीम के लिए टॉप 2 में पहुंचने के लिए काफी नहीं होगी। शीर्ष 3 टीमें जैसे कि गुजरात टाइटंस, आरसीबी और पंजाब किंग्स में से कम से कम दो को अपने शिर्ष दोनों मैच हारने होंगे तभी जाकर मुंबई 18 से अधिक अंकों वाली केवल दो टीमों में से एक बन पाएगी जिससे उन्हें नेट रन रेट के आधार पर शीर्ष 2 में रहने का मौका मिल सकता है।

### एक मैच में ही सब कुछ होगा तय

इस वक्त आईपीएल 2025 की अगर शीर्ष तीन टीमें अपने दोनों मैच हार जाती है तो यहां मुंबई इंडियंस को काफी फायदा होगा जो पहले स्थान पर भी पहुंच सकती है, लेकिन अगर इन तीनों में से दो टीमें भी आगामी एक-एक मैच जीतने में कामयाब रहती है तो फिर शीर्ष दो में जगह बनाने की उम्मीदें और क्वालीफायर वन में पहुंचने की उम्मीदों को झटका लग सकता है। इसलिए आगामी मैच में टीम को संभल कर खेलना होगा। बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स पर 59 रनों से जीत हासिल करने के साथ ही मुंबई इंडियंस ने प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है जहां मुंबई की टीम अपने शानदार प्रदर्शन और मजबूत किस्मत के साथ टॉप दो में पहुंचना चाहती है।

# हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 का चेन्नई में 18 जून से होगा आगाज



नई दिल्ली।

हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 (पुरुष एवं महिला वर्ग) के पहले संस्करण की तारीख और वेन्यू की आधिकारिक घोषणा कर दी है। इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट की मेजबानी तमिलनाडु हॉकी यूनिट करेगी और मुकाबले चेन्नई में 18 जून से 27 जून 2025 तक खेले जाएंगे। यह टूर्नामेंट भारतीय हॉकी में एक नई शुरुआत है, जो अनुभवी और पूर्व खिलाड़ियों के लिए एक समर्पित मंच प्रदान करता है। पुरुषों और महिलाओं, दोनों वर्गों में खेले जाने वाले इस आयोजन के जरिए यह दिखाया जाएगा कि उम्र चाहे जो भी हो, खेल के प्रति जुनून और समर्पण कभी खत्म नहीं होता। टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए पुरुष खिलाड़ियों की उम्र 40 वर्ष या उससे अधिक, जबकि महिला खिलाड़ियों की उम्र 35 वर्ष या उससे अधिक होना अनिवार्य है। दोनों कैटेगरी में भाग लेने वाली टीमों के नाम जल्द ही घोषित किए जाएंगे। खिलाड़ी अपनी-अपनी राज्य सदस्य इकाइयों के माध्यम से पंजीकरण कराकर इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता लीग-कम-नॉकआउट प्रारूप में आयोजित होगी, जिसमें पूल का निर्धारण टीमों की अंतिम संख्या के आधार पर किया जाएगा। भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान असुंता लकड़ा ने इस आयोजन को लेकर खुशी जताई और कहा, पहले हॉकी इंडिया मास्टर्स कप का हिस्सा बनना मेरे लिए एक बेहद भावुक और रोमांचक क्षण है।

# श्रीलंकाई ऑलराउंडर मैथ्यूज ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया

## व्हाइट-बॉल क्रिकेट के लिए उपलब्ध रहेंगे, 2009 में में डेब्यू किया था



नई दिल्ली।

श्रीलंकाई ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर अपने संन्यास का ऐलान किया। मैथ्यूज ने कहा, जून में बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट मेरे करियर का आखिरी टेस्ट होगा। यह मुकबाला 17 से 21 जून तक गॉल में खेला जाना है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कहा, अगर मेरे देश को मेरी जरूरत होगी तो वह व्हाइट-बॉल चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। हालांकि, मैथ्यूज को लगभग एक साल से व्हाइट-बॉल श्रीलंका की टीम में नहीं चुना गया है। मैथ्यूज ने 2009 में टेस्ट में डेब्यू किया था और 118 मैच खेले हैं। लगभग 16 साल लंबे अपने टेस्ट करियर में मैथ्यूज ने न केवल बल्ले से, बल्कि अपनी कप्तानी भी अच्छी प्रदर्शन किया है।

**मैंने क्रिकेट को अपना सब कुछ दिया :** मैथ्यूज ने एक्स पर लिखा, अब समय आ गया है कि मैं क्रिकेट का सबसे पसंदीदा खिलाड़ी, इंटरनेशनल टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहूं। पिछले 17 साल से श्रीलंका के लिए क्रिकेट खेलना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान और गौरव की बात रही है। जब कोई खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम की जर्सी पहनता है, तो जो देश और सेवा की भावना रखता है, उसकी तुलना किसी चीज से नहीं की जा सकती। मैंने क्रिकेट को अपना सब कुछ दिया है और बदले में क्रिकेट ने भी मुझे बहुत कुछ दिया, मुझे वो इंसान बनाया जो मैं आज हूं। उन्होंने आगे लिखा, मैं उन हजारों श्रीलंकाई क्रिकेट फैंस का दिल से धन्यवाद करना चाहता हूं जो मेरे करियर के उतार-चढ़ाव में हमेशा मेरे साथ बने रहे। साथ ही मैं श्रीलंका क्रिकेट और सभी कोचों को भी धन्यवाद देना चाहता हूं। एक चैप्टर खत्म हो रहा है, लेकिन खेल के प्रति मेरा प्यार हमेशा के लिए बना रहेगा।

**श्रीलंका के लिए तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले :** दिसंबर 2024 में मैथ्यूज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट में 8,000 रन का आंकड़ा पार किया, जिसने उन्हें इस एलीट क्लब में शामिल किया। मैथ्यूज का योगदान सिर्फ बल्लेबाजी तक सीमित नहीं था। एक मध्यम गति के गेंदबाज के तौर पर उन्होंने 33 विकेट लिए, और उनकी उपयोगिता ने टीम को संतुलन प्रदान किया। उनकी कप्तानी में श्रीलंका ने 2014 में इंग्लैंड में ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीती, जो उनके नेतृत्व की एक मिसाल है। मैथ्यूज ने गॉल में 2,000 टेस्ट रन



पूरे किए, जो उन्हें जो रूट और ग्राहम गूच जैसे दिग्गजों के साथ एक विशेष सूची में शामिल करता है। मैथ्यूज का करियर भी विवादों से बच नहीं पाया। 2023 वनडे विश्व कप में बांग्लादेश के खिलाफ 'टाइम्ड आउट' होने वाले वह पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बने। मैथ्यूज के संन्यास के बाद श्रीलंका क्रिकेट के लिए एक युग का अंत होगा। उनकी विरासत युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करती रहेगी, और उनके आंकड़े श्रीलंका के गौरवशाली क्रिकेट इतिहास में हमेशा चमकेंगे। मैथ्यूज ने न केवल रन बनाए, बल्कि अपने नेतृत्व, समर्पण और खेल के प्रति प्रेम से लाखों दिल जीते हैं।

### 34 मैचों में कप्तानी की

मैथ्यूज ने 34 टेस्ट मैचों में श्रीलंका की कप्तानी की, जिसमें उन्होंने 13 मैचों में टीम को जीत दिलाई। जबकि 15 मुकाबलों में श्रीलंका को हार का सामना करना पड़ा। 6 टेस्ट मैच ड्रॉ पर छूटे।

### 16 टेस्ट शतक लगाए

एंजेलो मैथ्यूज ने जुलाई 2009 में पाकिस्तान के खिलाफ गॉल में अपना टेस्ट डेब्यू किया था। 37 साल के मैथ्यूज ने अब तक 118 टेस्ट मैचों में 44.62 की औसत से 8167 रन बनाए हैं, जिसमें 16 शतक और 45 अर्धशतक शामिल रहे। टेस्ट मैचों में मैथ्यूज ने 33 विकेट भी लिए।

# तमन्ना को 6.20 करोड़ में मिला कॉन्ट्रैक्ट

## मैसूर सैंडल सोप की ब्रांड एंबेसडर बनीं एक्ट्रेस, सोशल मीडिया पर विरोध शुरू



एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया को दो साल के लिए मैसूर सैंडल सोप का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। 22 मई को कर्नाटक सरकार की तरफ से एक नोटिफिकेशन जारी कर इसकी जानकारी दी गई है। ऑनलाइन पब्लिश नोटिफिकेशन में कहा गया है कि तमन्ना 2 साल तक सोप की ब्रांड एंबेसडर रहेंगी और इसके लिए उन्हें 6.20 करोड़ रुपए की रकम भुगतान की जाएगी। हालांकि, अब कर्नाटक सरकार के इस फैसले की कड़ी आलोचना हो रही है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि ब्रांड एंबेसडर के लिए किसी कन्नड़ एक्टर या एक्ट्रेस को क्यों नहीं लिया गया? सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लोगों ने सरकार के फैसले को लेकर आपत्ति जताई। एक यूजर ने सवाल किया, कई कन्नड़ अभिनेत्रियां हैं, फिर किसी बाहरी इंसान को क्यों चुना गया। एक अन्य ने लिखा, हमारी अपनी रुक्मिणी वसंत क्यों नहीं ? एक शख्स ने पूछा, प्रणिता क्यों नहीं? घरेलू रूप, कन्नड़ भाषी होने के अलावा वो कर्नाटक, तेलुगु- तमिलनाडु में भी जाना-पहचाना चेहरा हैं। एक अन्य यूजर ने रश्मिका मंदाना और श्रीनिधि शेट्टी को टैग करते हुए लिखा- हमारे पास कई कन्नड़ अभिनेत्रियां थीं। उन्हें घरेलू ब्रांड को प्रेजेंट करने का अवसर दिया जाना चाहिए था। सोशल मीडिया पर मिले बैकलेश के बाद कॉमर्स और इंडस्ट्री मंत्री एमबी पाटिल ने सरकार के इस फैसले का बचाव किया है।

इन सारे सवालों को एड्रेस करते हुए मंत्री एमबी पाटिल ने अपने एक्स पर लिखा- केएसडीएल कन्नड़ फिल्म उद्योग के प्रति गहरा सम्मान और आदर रखता है। कुछ कन्नड़ फिल्में तो बॉलीवुड फिल्मों को भी टक्कर दे रही हैं। कर्नाटक में मैसूर सैंडल की बहुत अच्छी ब्रांड रिकॉल है, जिसे और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा, हालांकि मैसूर सैंडल का इरादा कर्नाटक से बाहर के बाजारों में भी पहुंच बनाना है। कर्नाटक का गौरव राष्ट्र का रत्न भी है इसलिए यह कई मार्केटिंग एक्सपर्ट्स से बात करने के बाद पीसीयू बोर्ड ने ये फैसला लिया है। मंत्री ने बताया कि ब्रांड एंबेसडर चुनने के लिए काफी विचार-विमर्श और कई बातों पर ध्यान देना पड़ता है। जैसे किसी भी कैटेगरी के लिए उपलब्धता, सोशल मीडिया प्रेजेंस, सबसे महत्वपूर्ण बात ब्रांड, प्रोडक्ट और टारगेट ऑडियंस और चौथी वजह मार्केटिंग फिट और पहुंच। हमारा विजन है कि केएसडीएल 2028 तक 5000 करोड़ का सालाना रेवेन्यू छू ले। बता दें कि मैसूर के राजा कृष्ण राजा वाडियार चतुर्थ ने 1900 के दशक की शुरुआत में बेंगलुरु में एक सरकारी साबुन कारखाना स्थापित किया था। मैसूर सैंडल सोप को 1916 से बनाया जा रहा है। कर्नाटक सोप्स एंड डिटर्जेंट्स लिमिटेड इस साबुन का मैन्युफैक्चरिंग करता है। यह साबुन कर्नाटक में सांस्कृतिक महत्व रखता है।

# 2000 रुपए लेकर मुंबई आए राजकुमार गुप्ता

## भूखे रहे, कीड़ों के बीच सोए, पहली फिल्म को नहीं मिल रहा था प्रोड्यूसर, आज फिल्में 100 करोड़ पार

साल 2008 में 'आमिर' नाम की एक फिल्म आई थी। उस फिल्म के पोस्टर पर लिखा था- 'कौन कहता है, आदमी अपनी किस्मत खुद लिखता है?', लेकिन इस फिल्म को लिखने और बनाने वाले राइटर-डायरेक्टर राजकुमार गुप्ता ने फिल्म इंडस्ट्री में अपनी किस्मत खुद लिखी है। मायानगरी में किस्मत बनाने के लिए राजकुमार 90 के दशक के आखिर में मुंबई आ गए थे, लेकिन उनकी पहली फिल्म साल 2008 में आई। इस बीच का जो हासिल रहा, वो संघर्ष था। ऐसा संघर्ष, जहां दो टाइम के खाने के बाद अगले निवाले के लिए सोचना पड़े। शेयरिंग के जिस घर में रहे वहां, बारिश के दिनों में कीड़े पड़ जाते थे। भूखे रहकर, कीड़ों के बीच जीवन गुजारा। इस संघर्ष से निकलकर एक मुकाम तक पहुंचने वाले राजकुमार आज इंडस्ट्री के ट्रेंड सेटर डायरेक्टर हैं। लगभग दो दशक के करियर में गिनकर 6 फिल्में और एक सीरीज बनाई है। फिल्में ऐसी, जिन्होंने इंडस्ट्री में ट्रेंड सेट किया है।



### कॉलेज के दौरान लिखने में दिलचस्पी आई

मेरा बचपन झारखंड के हजारीबाग शहर में बीता। हजारीबाग एक छोटा शहर है, जिसके बारे में लोगों को ढंग से पता भी नहीं। मैंने दसवीं तक की पढ़ाई यहीं से की। बारहवीं के लिए बोकारो चला गया क्योंकि हजारीबाग में अच्छे स्कूल नहीं थे। बारहवीं के बाद ग्रेजुएशन के लिए दिल्ली जाना पड़ा क्योंकि यहां ग्रेजुएशन के लिए अच्छा विकल्प नहीं था। रामजस कॉलेज में ग्रेजुएशन के दौरान मेरी रुचि लिखने में जगी। पढ़ाई खत्म होने के बाद मुझे एहसास हुआ कि मुझे लिखने का शौक है। कॉलेज के दौरान मैं जिस कॉलोनी में अपने दोस्तों के साथ रहता था, वहां हमारे एक सीनियर भी रहते थे। वो किसी एडवर्टाइजिंग कंपनी में कॉपी राइटर थे। उन्होंने एक बार अपना कुछ लिखा दिखाया था। उसे देखकर मुझे लगा कि ये तो मैं भी लिख सकता हूं।

### बैंक में नौकरी ना लगे इसलिए सारे जवाब गलत दिए

छोटे शहरों में लोगों की ख्वाहिश ही डॉक्टर, इंजीनियर और आईएएस-आईपीएस की होती है। मेरा पापा बैंकर थे। मेरे माता-पिता भी चाहते थे कि मैं कोई सरकारी नौकरी करूं। पिताजी की ख्वाहिश थी कि मैं अगर आईएएस-आईपीएस न भी बनूं तो कम से कम बैंकर बन जाऊं। मुझ पर इस बात का प्रेशर रहा। पहले के समय में छोटे शहरों के बच्चे फिल्ममेकर बनना है, जैसे सपने नहीं देखते थे। मुझे भी नहीं पता था कि मैं फिल्ममेकर बन जाऊंगा। छोटे शहरों के बच्चे तो दसवीं-बाहरवीं कैसे पास करना है, बस इतना ही सोचते हैं। मैंने ग्रेजुएशन खत्म करने के बाद बैंक में ऑफिसर रैंक का एक एग्जाम दिया और रिटन निकाल लिया था, लेकिन उस समय तक मुझे पता लग गया था कि मैं सरकारी या किसी भी तरह की नौकरी के लिए नहीं बना हूं। मेरा चेन्नई में इंटरव्यू था। मैं वहां गया और मुझसे जो भी सवाल पूछा गया, मैंने जानते हुए भी अलग जवाब दिया। फिर मैंने इसी फील्ड में कुछ करने का सोचा और मुंबई आ गया। यहां आकर मैंने लिखना सीखा। अनुराग कश्यप की कुछ फिल्मों में एसोसिएट डायरेक्टर रहा। इस दौरान भी मैं अपने लिए लिखता रहता था। उस इंटरव्यू की वजह से मेरी नौकरी नहीं लगी। ये बात मैंने अपने पिताजी को अपनी पहली फिल्म के प्रीमियर के बाद बताई थी।

### दो-ढाई हजार रुपए लेकर मुंबई आ गया था

छोटे शहरों के लोग मुंबई को सिर्फ फिल्मों में ही देखते थे। फिल्म इंडस्ट्री के बारे में कोई अवेयरनेस नहीं थी। लोग इस जगह को करियर



से जोड़कर नहीं देख पाते थे। हमारे जैसे लोगों के लिए ये सिर्फ मनोरंजन की जगह थी। मैं ग्रेजुएशन के बाद घर में बिना किसी को बताए यहां आ गया था। मेरे पास पॉकेटमनी के दो-ढाई हजार रुपए ही थे। उन पैसों से ही मैंने अपनी जर्नी की शुरुआत की थी। मैं यहां किसी को भी नहीं जानता था। मैं अनुराग कश्यप से 1999 या 2000 में मिला था। जब मैं मिला था, तब वो भी कुछ नहीं कर रहे थे। उनकी फिल्म पांच बन गई थी और रिलीज के लिए अटकी पड़ी थी। अनुराग ने मेरा काम देखा था और वो मुझसे इंप्रेस थे। वो पेजर का जमाना था। हम दोनों पेजर के जरिए एक-दूसरे के टच में रहे। जब अनुराग ने ब्लैक फ्राइडे और 'नो स्मोकिंग' बनाई तो मैं उसमें एसोसिएट डायरेक्टर था। इसके साथ मेरा स्ट्रगल चल ही रहा था। मैं अपनी राइटिंग पर भी काम कर रहा था।

### दो वक्त का खाना मिल जाना सौभाग्य था

मैं 20-21 का रहा हूंगा, जब बस दो-ढाई हजार लेकर मुंबई आ गया था। लिमिटेड बजट था, ऐसे में शुरुआत में दो वक्त के खाने के लिए भी मुझे सोचना पड़ा। मुझे तय करना होता था कि दिन का खाना खाऊं या रात का क्योंकि इतने पैसे नहीं थे कि मैं दोनों वक्त खाना खा पाऊं। संघर्षों के दिनों में वर्सोवा गांव में रहता था। वहां एक छोटे से रूम में चार-पांच लोगों के साथ रहता था। बारिश के दिनों में वो कमरा नरक बन जाता था। पानी आने के बाद पूरे रूम में कीड़े रेंगते थे। ये मेरे संघर्ष के दौर का अहम हिस्सा था, लेकिन मुंबई आकर करियर बनाने की चॉइस भी मेरी ही थी। मैंने बुरे दिनों को भी सिर-माथे लगाया। घर वालों को बिना बताए आया था, उनसे पैसे मांग नहीं सकता था। तमाम चुनौतियों के बाद भी मैंने सोच लिया था कि अब जब घर से निकल गया हूं तो वापस नहीं जाऊंगा। संघर्ष की राह मुझे जहां ले जाती, मैं जाने के लिए तैयार था। मैंने स्ट्रगल से भी कई चीजें सीखीं। मैंने चीजों की वैल्यू भी तभी सीखी।

### बेरोजगारी के दौर में दोस्तों से मिलने से बचता था

मेरी पहली फिल्म 'आमिर' 2008 में आई थी। मेरे लिए 2003-2006 का दौर बहुत मुश्किल भरा रहा। मैं जब मुंबई आया, उस वक्त 20-21 साल का था। उस वक्त टीवी इंडस्ट्री अच्छी चल रही थी और वहां पैसे भी अच्छे मिल रहे थे। मेरे दोस्त उस वक्त 60 हजार रुपए की नौकरी कर रहे थे। जो आज के हिसाब से 3-4 लाख रुपए की होगी। वो लोग खूब पार्टी करते थे। मुझे भी कभी-कभार अपनी पार्टियों में बुलाते थे, लेकिन मैं नहीं जाता था। मैं उन पार्टियों में मुझसे होने वाले सवाल से बचना चाहता था। मैंने टीवी न करके फिल्म डायरेक्शन और राइटिंग को अपना सपना बनाया था। उन पार्टियों में क्या कर रहे हो? फिल्म पता नहीं कब बनेगी या एक अच्छी जॉब क्यों नहीं ले लेते। ऐसे चीजें सुनने को मिलती थीं। ये सारी बातें अकेले में परेशान करती थीं। इन बातों से डर लगता था। अब लगता है कि अगर मैंने खुद पर भरोसा नहीं रखा होता और आसान तरीका चुन लिया होता तो आज मेरी फिल्में नहीं बनतीं। मैंने इंडस्ट्री में इंटर्न के तौर पर काम करना शुरू किया था। फिर अनुराग से जुड़ा, लेकिन उनका काम कभी चलता था, कभी नहीं। ऐसे में मेरे मित्र रितेश शाह, जो उस वक्त टीवी में बड़ा नाम थे। वो मुझे कुछ लिखने का काम दे देते थे। उन पैसों से कुछ वक्त निकल जाता था। सर्वाइव करने के लिए कुछ ना कुछ फ्रीलांस वर्क करता रहता था। कई लोगों के लिए मैंने घोस्ट राइटिंग भी की।

### पहली फिल्म 'आमिर' के लिए ज्वेलर के पास गया

आमिर बनाने से पहले मैंने चार और स्क्रिप्ट लिखी थी, जो मुझे पसंद नहीं आई। अपनी पांचवीं स्क्रिप्ट को पढ़कर लगा कि ये अच्छी लिखी है। इस पर फिल्म बन सकती है। जब मैं 'आमिर' बनाना चाहता था, तो मैं कहानी लेकर न जाने कितने लोगों के पास गया। किसी ने मुझे पर भरोसा नहीं दिखाया। मेरा साथ लोगों को दो समस्या दिख रही थी। एक तो उस वक्त के हिसाब से फिल्म की कहानी थोड़ी हटकर थी। दूसरी सबसे बड़ी दिक्कत थी कि मैं न्यूकमर था।

**मूवी रिव्यू**

# भूल चूक माफ

## इमोशंस और ह्यूमर से भरी फिल्म, कहानी में मिठास है पर कसावट नहीं

**राजकुमार राव और वामिका गब्बी स्टारर फिल्म 'भूल चूक माफ' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म की कहानी ऐसी है जो बड़े ट्विस्ट या थ्रिल के भरोसे नहीं चलती। इसकी ताकत है इसके किरदार, रिश्तों की सादगी और जिंदगी के सीधे-सपाट अनुभव। यह फिल्म बताती है कि इंसानी गलतियों को माफ करना और दूसरा मौका देना भी जीवन का सुंदर हिस्सा है। इस फिल्म की लेंथ 2 घंटा 1 मिनट है। इस फिल्म को 5 में से 3 स्टार रेटिंग दी है।**



### फिल्म की कहानी कैसी है?

यह कहानी है बनारस के रंजन (राजकुमार राव) और तितली (वामिका गब्बी) की, जो एक-दूसरे से बेइंतहा मोहब्बत करते हैं और शादी करना चाहते हैं। लेकिन तितली का परिवार तभी शादी के लिए तैयार होता है जब रंजन को सरकारी नौकरी मिल जाए। रंजन एक चालाक तरकीब से नौकरी पा तो लेता है, लेकिन जैसे ही शादी की डेट तय होती है, हालात कुछ ऐसे बनते हैं कि शादी अधर में लटक जाती है। क्या रंजन इस बार भी कोई रास्ता निकालेगा? यही फिल्म का क्लाइमैक्स तय करता है, जहां एक मजबूत सामाजिक संदेश भी दिया गया है।

### स्टारकास्ट की एक्टिंग कैसी है?

राजकुमार राव एक बार फिर अपने सहज अभिनय से रंजन को जीवंत बना देते हैं। उनकी कॉमिक टाइमिंग और इमोशनल गहराई दोनों ही असरदार हैं। वामिका गब्बी तितली के किरदार में कुछ दृश्यों में काफी प्रभावशाली लगीं, और उनकी केमिस्ट्री राजकुमार के साथ फ्रेश लगती है। संजय मिश्रा, सीमा पाहवा और रघुबीर यादव जैसे कलाकार फिल्म में हंसी और दिलचस्पी का तड़का लगाते हैं। इनका साथ जाकिर हुसैन भी देते हैं।

### डायरेक्शन कैसा है?

करण शर्मा ने एक सरल कहानी को दिलचस्प ट्विस्ट देने की कोशिश की है। लेकिन स्क्रीनप्ले थोड़ा फैला हुआ और धीमा महसूस होता है, खासकर इंटरवल से पहले। कुछ दृश्य तो फिल्म को बोरियत की ओर ले जाते हैं। इंटरवल के बाद फिल्म मजेदार मोड़ लेती है और कुछ सीन वाकई हंसी ला देते हैं। हालांकि अंत में सामाजिक संदेश देते-देते फिल्म थोड़ी प्रीची लगने लगती है। बनारस की पृष्ठभूमि दिखाने की कोशिश अच्छी थी, लेकिन भाषा की असंगति (कभी अवधी, कभी बुंदेलखंडी) और माहौल की कमी खटकती है। कुछ वन-लाइनर्स अच्छे हैं, लेकिन कई संवाद व्हाट्सएप फॉरवर्ड जैसे लगते हैं।

### फिल्म का म्यूजिक कैसा है?

'टिंग लिंग सजना' और 'चोर बाजारी फिर से' जैसे गाने कहानी में घुलने की कोशिश करते हैं, पर उनका प्रभाव सीमित रहता है। संगीत औसत है और कहानी को उठाने में पूरी तरह सफल नहीं होता।

### फिल्म का फाइनल वर्डिक्ट, देखें या नहीं?

अगर आप दिनेश विजन और मैडॉक फिल्म्स के फैन हैं और एक हल्की-फुल्की पारिवारिक फिल्म देखना चाहते हैं जिसमें रिश्तों की मिठास हो, थोड़ी हंसी हो और अंत में एक दिल को छू लेने वाला मैसेज मिले तो 'भूल चूक माफ' एक बार जरूर देख सकते हैं नहीं तो ओटीटी पर भी देख सकते हैं।

# बिग बॉस का 19वां सीजन हुआ कन्फर्म! सलमान खान ही करेंगे शो को होस्ट

एक्टर सलमान खान के पॉपुलर शो बिग बॉस 19 को लेकर लंबे समय से सस्पेंस बना हुआ था। कहा जा रहा था कि कलर्स टीवी और प्रोडक्शन हाउस बनीजाय एशिया के बीच अनबन के चलते इस बार शो कैंसिल हो सकता है, लेकिन अब फैंस के लिए राहत की खबर है। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, बिग बॉस का 19वां सीजन अब कन्फर्म हो गया है और शो जरूर आएगा। इसे एंडेमोल शाइन इंडिया प्रोड्यूस करेगा। सबसे खास बात ये है कि इस बार भी सलमान खान ही शो को होस्ट करेंगे। बताया जा रहा है कि सलमान जून के आखिरी हफ्ते में शो के पहले प्रोमो की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। शो जुलाई में ऑनएयर हो सकता है। हालांकि, अभी तक शो के मेकर्स की तरफ से कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुआ है।

**शो को रोकने की बात की खबरें आई थीं :** गौरतलब है कि इससे पहले ऐसी खबरें आई थीं कि शो के बड़े स्पॉन्सर के पीछे हटने की वजह से इसका बजट मुश्किल में आ गया है। इसी वजह से शो को रोकने की बात हो रही थी। इसके अलावा खबरें ये भी थीं कि शो को सोनी टीवी पर शिफ्ट किया जा सकता है क्योंकि प्रोडक्शन हाउस और कलर्स टीवी के बीच क्रिएटिव डिफरेंसेज चल रहे हैं।

**सलमान खान और बिग बॉस का रिश्ता :** सलमान खान साल 2010 से बिग बॉस के साथ जुड़े हुए हैं। उन्होंने सीजन 4 से शो को होस्ट करना शुरू किया था और तब से वे बिग बॉस का चेहरा बन गए हैं। इससे पहले शो को कई अलग-अलग सेलेब्रिटी




होस्ट कर चुके हैं। पहले सीजन को अरशद वारसी ने होस्ट किया था और दूसरे की होस्ट शिल्पा शेट्टी थीं। वहीं, अमिताभ बच्चन ने बिग बॉस के तीसरे सीजन को होस्ट किया था। इसके बाद से बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान बिग बॉस के होस्ट हैं। बिग बॉस डच शो बिग ब्रदर के फॉर्मेट पर आधारित है। भारत में इसकी शुरुआत 3 नवंबर 2006 को हुई थी। आज इसकी गिनती देश के सबसे बड़े रियलिटी शो में होती है। हर साल बिग बॉस नए ट्विस्ट और नए कंटेस्टेंट्स के साथ दर्शकों का मनोरंजन करता है। सलमान की होस्टिंग ने इस शो को अलग ही लेवल पर पहुंचा दिया है। हिंदी के अलावा बिग बॉस के कन्नड़, तमिल, तेलुगु और मराठी वर्जन भी खूब पसंद किए जाते हैं।

# परेश रावल के फिल्म छोड़ने से खूब रोए अक्षय:डायरेक्टर प्रियदर्शन ने कहा- एक्टर का मूवी से भावनात्मक लगाव, सारी तैयारियां खुद करवायी थी

परेश रावल इन दिनों फिल्म 'हेरा फेरी 3' को लेकर खूब सुर्खियों में हैं। फिल्म का जब ऐलान हुआ था तब इस फिल्म को लेकर परेश रावल काफी एक्साइटेड थे। अब उनके फिल्म छोड़ने के फैसले से हर कोई हैरान है। फिल्म के डायरेक्टर प्रियदर्शन ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान खुलासा किया किया कि जब परेश रावल के फिल्म छोड़ने की खबर अक्षय कुमार को पता चली, तब वे रोने लगे। मिड-डे को दिए इंटरव्यू में प्रियदर्शन ने कहा- फिल्म के लिए सभी कलाकारों के कॉन्ट्रैक्ट साइन हो चुके थे। 10 दिन पहले अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल टीजर भी शूट करने वाले थे, जो आईपीएल फिनाले के दौरान रिलीज होने वाला था। हम सभी हेरा फेरी 3 को बनाने के लिए आतुर थे और सभी ने इसके लिए हामी भरी थी। अक्षय ने हेरा फेरी 3 बनाने की सारी तैयारियां खुद पूरी करवायी थी। प्रियदर्शन ने बताया- अक्षय कुमार का फिल्म के साथ भावनात्मक लगाव है। जब उनको जब परेश के फिल्म छोड़ने के फैसले के बारे में पता चला तो वे इमोशनल हो गए। वे रोने लगे और मुझसे पूछा- परेश ऐसा क्यों कर रहे हैं? अगर परेश फिल्म नहीं करना चाहते हैं तो इसकी वजह से अक्षय कुमार को पैसों का नुकसान नहीं होना चाहिए। मैं समझता हूं कि अक्षय ने नोटिस भेजने का कदम क्यों उठाया है? परेश को जो भी फैसला लेना था, एक बार हमसे बात करते। हम सब सालों से दोस्त हैं, एक कॉल पर सारी बात बताई और समझी जा सकती थी। परेश रावल के फिल्म छोड़ने पर बात करते हुए प्रियदर्शन ने कहा- परेश रावल ने मुझे अपने फैसले के बारे में नहीं बताया।



सही फैसला लेना काबिलियत नही है,
फैसला लेकर उसे सही साबित करना काबिलियत है।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट 2025 का उद्घाटन किया

# हमारे लिए ईस्ट का अर्थ है- सशक्त बनाना, कार्य करना, मजबूत बनाना और बदलाव लाना : मोदी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट 2025 का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का हार्दिक स्वागत करते हुए पूर्वोत्तर क्षेत्र के भविष्य पर गर्व, उत्साह और अपार विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने भारत मंडपम में हाल ही में आयोजित अष्टलक्ष्मी महोत्सव का स्मरण करते हुए इस बात पर बल दिया कि आज का कार्यक्रम पूर्वोत्तर में निवेश का उत्सव है। प्रधानमंत्री ने शिखर सम्मेलन में उद्योग जगत प्रमुखों की महत्वपूर्ण उपस्थिति का उल्लेख करते हुए क्षेत्र में अवसरों को लेकर उनके उत्साह पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने सभी मंत्रालयों और राज्य सरकारों को बधाई देते हुए निवेश के अनुकूल माहौल बनाने में उनके प्रयासों की सराहना की। अपनी शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री ने राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट की प्रशंसा करते हुए क्षेत्र के निरंतर विकास और समृद्धि की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। मोदी ने दुनिया के सबसे विविधतापूर्ण राष्ट्र के रूप में भारत की स्थिति को रेखांकित करते हुए कहा कि पूर्वोत्तर हमारे विविधतापूर्ण राष्ट्र का सबसे विविध क्षेत्र है। उन्होंने व्यापार, परंपरा, वस्त्र और पर्यटन में व्याप्त संभावनाओं पर बल देते हुए कहा कि इस क्षेत्र की विविधता इसकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर एक संपन्न जैव-अर्थव्यवस्था, बांस उद्योग, चाय उत्पादन और पेट्रोलियम तथा खेल और कौशल के साथ-साथ इको-टूरिज्म के लिए एक उभरते हुए केंद्र का पर्याय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह क्षेत्र न केवल जैविक उत्पादों का मार्ग प्रशस्त कर रहा है बल्कि ऊर्जा के एक पावरहाउस के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। उन्होंने पुष्टि की कि पूर्वोत्तर अष्टलक्ष्मी का सार है, जो समृद्धि और अवसर लाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस शक्ति के साथ, हर पूर्वोत्तर राज्य निवेश और नेतृत्व के लिए अपनी तत्परता की घोषणा कर रहा है। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में पूर्वी भारत की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देते हुए प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर को इसका सबसे महत्वपूर्ण घटक बताया। उन्होंने कहा कि हमारे लिए, पूर्वी क्षेत्र सिर्फ एक दिशा नहीं है, बल्कि एक दृष्टि है और इसे सशक्त बनाना, इसके लिए कार्य करना, इसे मजबूत बनाना और इसमें बदलाव लाना, इस क्षेत्र के लिए नीतिगत रूपरेखा को परिभाषित करता है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि इस दृष्टिकोण ने पूर्वी भारत, विशेष रूप से पूर्वोत्तर को भारत के विकास पथ के केंद्र में रखा है। प्रधानमंत्री ने पिछले 11 वर्षों में पूर्वोत्तर में हुए परिवर्तनकारी बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रगति केवल आंकड़ों में नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर भी दिख रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार का इस क्षेत्र के साथ जुड़ाव नीतिगत उपायों से कहीं आगे बढ़कर लोगों के साथ दिल से जुड़ाव को बढ़ावा देता है। प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर में केंद्रीय मंत्रियों द्वारा की गई 700 से अधिक यात्राओं को रेखांकित किया, जो इस भूमि को समझने, लोगों की आंखों में दिखने वाली आकांक्षाओं को महसूस करने और उस विश्वास को विकास नीतियों में बदलने की उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



## 10 साल में 50,000 करोड़ निवेश करेंगे : अडानी

अडानी ग्रुप के चेयरपर्सन गौतम अडानी ने कहा, पिछले एक दशक में, नॉर्थ-ईस्ट की पहाड़ियों और घाटियों में, भारत की विकास कहानी में एक नया अध्याय सामने आ रहा है। इस उत्थान के पीछे एक ऐसे नेता का विजन है जो सीमाओं को नहीं, केवल शुरुआत को मानता है। प्रधानमंत्री जी, जब आपने कहा कि एक्ट ईस्ट, एक्ट फास्ट, एक्ट फर्स्ट तो आपने पूर्वोत्तर को जगाने का काम किया। तीन महीने पहले असम में हमने 50,000 करोड़ रुपए के निवेश का संकल्प लिया था। आज एक बार फिर आपके नेतृत्व से प्रेरित होकर मैं घोषणा करता हूं कि अडानी ग्रुप अगले 10 साल के लिए पूर्वोत्तर में अतिरिक्त 50,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगा।

## पूर्वोत्तर में 25 लाख रोजगार देंगे : अंबानी

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी ने कहा, मैं ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सलाम करता हूं। यह सफलता उनके दृढ़ संकल्प और हमारे सशस्त्र बलों की बेजोड़ बहादुरी का एक शानदार प्रमाण है। आज मैं अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा के मुख्यमंत्रियों से 6 वादे कर रहा हूं। सबसे पहले, रिलायंस ने पिछले 40 साल में इस क्षेत्र में लगभग 30,000 करोड़ रुपए का निवेश किया है। अगले 5 साल में हम अपने निवेश को दोगुना से भी अधिक करेंगे और हमारा लक्ष्य 75,000 करोड़ रुपए होगा। इससे इस क्षेत्र में 25 लाख से ज्यादा डायरेक्ट और इनडायरेक्ट रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

## पूर्वोत्तर का ग्रोथ सोच से बेहतर : अनिल अग्रवाल

वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड के संस्थापक और चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा, पूर्वोत्तर जिस गति से ग्रोथ कर रहा है, ऐसा हम कभी सोच भी नहीं सकते थे। पीएम के नेतृत्व में मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इसे संभव बनाने के लिए बहुत मेहनत की है। आज जो कुछ भी संभव हुआ है, उसमें उनका बहुत बड़ा योगदान है। आने वाले दिनों में हम उनके साथ खड़े हैं।

# प्रदेश में भीषण गर्मी का कहर जारी

## जैसलमेर में पारा 48 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

### 22 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर जारी है। शुक्रवार को जैसलमेर में तापमान 48 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। राजस्थान में ये इस सीजन का सर्वाधिक तापमान रहा। बाड़मेर, जोधपुर में भी सीजन का सर्वाधिक तापमान दर्ज हुआ। इससे पहले 21 मई को गंगानगर में 47.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ।

मौसम विभाग ने 24 मई को 2 जिलों में तेज गर्मी का रेड, 7 जिलों में ऑरेंज और 2 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, 12 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट और 10 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटे में भीषण गर्मी के चलते जैसलमेर में सुबह से ही लू का प्रकोप रहा। बाड़मेर में अधिकतम तापमान 47.5 डिग्री सेल्सियस, बीकानेर में 46.4, चूरू में 45.6, जोधपुर में 44.5, गंगानगर में 44.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। राजस्थान में शुक्रवार को सभी शहरों में आसमान साफ रहा और तेज धूप के साथ लू चली। बाड़मेर, बीकानेर, जैसलमेर, चूरू, फलोदी, पिलानी, वनस्थली (टोंक) जिले लू की चपेट में रहे।

### कोटा में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को दी कैप

- कोटा में झुलसाने वाली गर्मी के बीच ट्रैफिक पुलिस के जवान मुस्तैदी से काम कर रहे हैं।
- मुख्य चौराहे पर संभागीय आयुक्त राजेंद्र सिंह शेखावत, आईजी रवि दत्त गौड़ और लोक सभा अध्यक्ष के ओएसडी राजीव दत्ता, एएसपी समेत अन्य अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों से मुलाकात की।
- इस दौरान ट्रैफिक पुलिस के जवानों को तेज धूप और गर्मी से बचाव के लिए कैप और साफी बांटी गई।

### जैसलमेर में रात को भी चली गर्म हवा

- जैसलमेर में सूरज की तपिश और गर्म हवा से लोग परेशान है।
- तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। 47 डिग्री तक जाने की आशंका है।
- मौसम विभाग ने हीटवेव का येलो अलर्ट जारी किया है। कल (शनिवार) रेड अलर्ट घोषित किया है।
- हेल्थ डिपार्टमेंट ने एडवाइजरी जारी करते हुए लोगों को लू से बचाव के निर्देश दिए हैं। साथ ही घरों से दोपहर में बाहर नहीं निकलने की अपील की है।



### उदयपुर में चौराहों पर आवाजाही कम हुई

- उदयपुर में दोपहर 2 बजे तापमान 37 डिग्री सेल्सियस रहा।
- बीते 2 दिनों से मौसम में आए बदलाव के कारण तापमान में गिरावट आई, लेकिन उमस ने लोगों को परेशान किया।
- देहलीगेट और फतहपुरा जैसे मुख्य चौराहों पर वाहनों की आवाजाही कम रही।
  जिले में आज बारिश का येलो अलर्ट जारी है।

## राहुल के विदेश मंत्री जयशंकर से 3 सवाल : बोले

# भारत की विदेश नीति ध्वस्त, पाकिस्तान की निंदा में हमारे साथ कोई देश क्यों नहीं आया

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार विदेश मंत्री एस जयशंकर से 3 सवाल पूछे। एक दिन पहले राहुल ने पीएम मोदी से भी ऑपरेशन सिंदूर और भारत-पाकिस्तान सीजफायर को लेकर 3 सवाल पूछे थे। विदेश मंत्री जयशंकर डच ब्रॉडकास्टर एनओसी को इंटरव्यू दिया था। इसमें जयशंकर ने पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव पर सवालों के जवाब दिए थे। जयशंकर की क्लिप पहले कांग्रेस ने अपने ट्वीटर हैंडल पर शेयर की थी, राहुल ने इसे री-पोस्ट किया। कांग्रेस ने अपने ट्वीटर हैंडल पर जयशंकर के डच डच ब्रॉडकास्टर एनओसी को दिए इंटरव्यू की वीडियो क्लिप शेयर की है। कांग्रेस ने अपने ट्वीटर हैंडल पर जयशंकर के डच डच ब्रॉडकास्टर एनओसी को दिए इंटरव्यू की वीडियो क्लिप शेयर की है।



### भाजपा ने राहुल गांधी को निशान-ए-पाकिस्तान बताया

भाजपा ने शुक्रवार को कहा कि राहुल गांधी सेना की वीरता को कमतर आंकना बंद करें। ऐसे सवाल पूछना बंद करें, जो नहीं पूछे जाने चाहिए। वे राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालते हैं। उनकी टिप्पणी को बचकाना व्यवहार कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी को निशान-ए-पाकिस्तान बताया। उन्होंने कहा कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर राहुल गांधी की टिप्पणी को इस्लामाबाद भारत को बदनाम करने के लिए कर रहा है।

### राहुल ने लिखा- क्या जेजे (जयशंकर जी) बताएंगे...

- भारत को पाकिस्तान के साथ क्यों जोड़ा गया है
- पाकिस्तान की निंदा करने में एक भी देश ने हमारा साथ क्यों नहीं दिया
- ट्रम्प से भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के लिए किसने कहा


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
  (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
  (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर मुठभेड़... 4 नक्सली ढेर

बढ़ता राजस्थान

**जगदलपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर शुक्रवार को महाराष्ट्र के सी-60 कमांडोज ने 4 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। बताया जा रहा है कि सीआरपीएफ के 300 जवानों की टीम ने जंगल के बीच नक्सलियों को घेरकर मारा है। बड़ी संख्या में हथियार बरामद किए गए हैं। मामला कवांडे और नेलगुंडा इलाके का है। मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की सुबह नेलगुंडा इलाके में नक्सलियों ने जवानों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। लगभग 2 घंटे से रुक-रुककर गोलीबारी हुई। सर्चिंग के दौरान 4 नक्सलियों के शव, एक सेल्फ लोडिंग राइफल, एक 303 राइफल और एक भरमार बंदूक बरामद की गई। इसके अलावा मौके से वॉकी-टॉकी और नक्सली साहित्य भी बरामद किया गया।


वहीं सुकमा में भी पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में एक नक्सली के मारे जाने की खबर है। सुकमा पुलिस ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। फिलहाल सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। रुक-रुककर फायरिंग हुई। मामला किस्टाराम थाना क्षेत्र का है।

वहीं एक दिन पहले सुकमा-बीजापुर बॉर्डर पर तुमरेल क्षेत्र में पुलिस-नक्सलियों की मुठभेड़ हुई है। इसमें कोबरा बटालियन का एक जवान शहीद हो गया है। जवानों को गोली लगी थी।

# ट्रम्प की धमकी-भारत में आईफोन बनाए तो 25% टैरिफ लगाएंगे

## एपल से कहा- जो फोन अमेरिका में बेचे जाएंगे, वे यहीं बनेंगे, न कि कहीं और

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत में आईफोन बनाने को लेकर एपल को एक बार फिर धमकी दी है। शुक्रवार को ट्रम्प ने कहा अमेरिका में बेचे जाने वाले आईफोन का निर्माण भारत या किसी अन्य देश में नहीं, बल्कि अमेरिका में ही होना चाहिए। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने पहले सीधे तौर पर एपल के सीईओ टिम कुक को बता दिया है कि यदि एपल अमेरिका में आईफोन नहीं बनाएगा तो कंपनी पर कम से कम 25% का टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर लिखा, मैंने बहुत पहले एपल के टिम कुक को सूचित कर दिया था कि जो आईफोन अमेरिका में बेचे जाएंगे, वे अमेरिका में निर्मित किए जाएंगे, न कि भारत या कहीं और। यदि ऐसा नहीं होता है, तो एपल को कम से कम 25% का टैरिफ देना होगा।

ट्रम्प नहीं चाहते कि एपल के प्रोडक्ट भारत में बनें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नहीं चाहते कि एपल के प्रोडक्ट भारत में बने। पिछले हफ्ते ट्रम्प ने कंपनी के सीईओ टिम कुक से कहा था कि भारत में फैक्ट्रियां लगाने की जरूरत नहीं है। इंडिया अपना ख्याल खुद रख सकता है। एपल सीईओ के साथ हुई इस बातचीत की जानकारी ट्रम्प ने गुरुवार (15 मई) को कतर की राजधानी दोहा में बिजनेस लीडर्स के साथ कार्यक्रम में दी। उन्होंने कहा था कि एपल को अब अमेरिका में प्रोडक्शन बढ़ाना होगा।